हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्रद्धालुओं की भीड़

आधी रात को 'शंखनाद'
धरती पर उतरे जगत के पालनहार

भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा में जन्म लेते ही ब्रज के प्रमुख मंदिरों व घर-घर में उच्चारित हुआ- कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने। प्रणतक्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥

डॉ. कमलकांत उपमन्यु ▶▶ मथुरा

भगवान श्रीकृष्ण का 5253वां जन्मोत्सव भाद्रपद श्रीकृष्ण अष्टमी को शास्त्रीय मर्यादाओं और परंपराओं के अनुसार सभी प्रमुख मंदिरों और घरों में धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा इस वर्ष विशेष रूप से गो रक्षा-राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। कृष्णजन्मोत्सव के पावन अवसर पर जन्मस्थान संस्थान को विद्युत रोशनी से सजाया गया। जन्मोत्सव के लिए श्रीगर्भगृह से लेकर पूरे परिसर को आकर्षक रूप में सजाया गया है। रात्रि 12 ▶▶ शेष पेज 4 पर

गोपाला के अवतरण पर सभी ने 'गो रक्षा-राष्ट्र रक्षा' का संकल्प लिया

- स्वर्ण-मंडित रजत कामधेनु गो द्वारा पयोधर अभिषेक के बाद रजत कमल पुष्प में विराजमान हुए ठाकुरजी
- गर्भगृह को करीब 200 किलोग्राम चांदी और आकर्षक पुष्प-पत्रों से सजाया गया
- दुल्हन की तरह सजी कान्हा की नगरी,देश भर में एक दूसरे को दी लाला के जन्म की बधाइयां

मटकी फोड़ते सीएम

मुख्यमंत्री निवास में मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

राधा कृष्ण की वेशभूषा में आए बच्चे, सीएम ने खिलाया माखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा
भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं कष्ट सहे, लेकिन दूसरों के लिए प्रशस्त किया सुख-समृद्धि का रास्ता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में अनेकों कष्ट सहे और दुष्टों का संहार कर जनता के लिए सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कारागार में जन्म लेने के बाद अपनी बाल्यकाल की लीलाओं से आमजन के कई कष्टों को मुस्कुराते हुए दूर किया। उन्होंने विश्व को संदेश दिया कि हमें मुश्किल परिस्थितियों में धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के नाम से भारत की पहचान दुनियाभर में बनी है। उन्होंने सृष्टि ▶▶ शेष पेज 4 पर

भदभदा के गेट से छोड़ा गया पानी

चार बड़े शहरों का तापमान

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
भोपाल	23.8	21.2
इंदौर	25.2	21.2
ग्वालियर	29.4	25.4
जबलपुर	25.9	23.0

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

प्रदेश में बारिश का तांडव जारी, कई नदियां उफान पर

गुना व श्योपुर में जोरदार बारिश पहली बार खुला भदभदा का गेट

सबसे ज्यादा गुना में 38 और श्योपुर में 31 मिलीमीटर पानी गिरा

उत्तरी प्रदेश और दक्षिणी उत्तर प्रदेश पर बने कम दबाव और प्रदेश के ऊपर से गुजर रहीं दो ट्रफ लाइनों से पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तरी प्रदेश और दक्षिणी उत्तर प्रदेश पर बने कम दबाव और प्रदेश के ऊपर से गुजर रहीं दो ट्रफ लाइनों से पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार शाम तक सबसे ज्यादा गुना में 38 और श्योपुर में 31 मिलीमीटर पानी गिरा। राजधानी में दिनभर रुक-रुक कर हुई रिमझिम बारिश से करीब 18 मिलीमीटर पानी बरसा और भदभदा डैम का 1 गेट इस सीजन में पहली बार खोला गया। शाम छह बजे नगर निगम की टीम ने सायरन बजाकर गेट खोला, जिससे भारी मात्रा में पानी कलियासोत डैम में छोड़ा गया। बारिश के कारण कई जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं। सतना के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि छतरपुर में उर्मिल नदी का पानी पुल के ऊपर से गुजर रहा है।

मैहर में मुर्जुआ नाला उफान पर आने से मुकुंदपुर-अमरपाटन मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। हालांकि, खंडवा के ओंकारेश्वर में नर्मदा का जलस्तर लगभग 5 फीट घटा है। लगातार हो रही बारिश ▶▶ शेष पेज 4 पर

चित्रकूट में मंदाकिनी खतरे के निशान से ऊपर, दो युवक बहे

मोटर बोट में जवान

जबलपुर के ग्वारीघाट में बड़ा हादसा टला

16 होमगार्ड जवानों से भरी मोटरबोट नर्मदा में डूबी

जबलपुर। बरगी बांध के गेट खुलने के बाद उफान पर आई नर्मदा नदी के ग्वारीघाट पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। नर्मदा में गश्त कर रही होमगार्ड जवानों की एक मोटरबोट अचानक नदी में डूब गई। राहत की बात ▶▶ शेष पेज 4 पर

- *पन्ना में होमगार्ड दफ्तर जलमग्न*
- *आज शिवपुरी, श्योपुर भोपाल, विदिशा समेत 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट*
- *33 जिलों में गरज चमक के साथ चलेंगी तेज हवाएं पड़ेंगी बौछारें*

मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को दिए सख्त निर्देश

भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन रहे सजग

सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी कलेक्टर्स को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संभावित परिस्थितियों को देखते हुए अग्रिम तैयारियां करने तथा आवश्यक संसाधनों को जुटाकर अमले को तैनात रखने के निर्देश दिए हैं। संभावित समस्या से निपटने के लिए राहत एवं बचाव संसाधनों की उपलब्धता पहले से ही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जनहित और आवश्यकता के अनुसार सभी आवश्यक और ऐहतियाती कदम अविलंब उठाए जाएं। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

मप्र में टीईटी आवेदन की तारीख बढ़ी

अब 18 सितंबर तक भर सकेंगे फॉर्म 20 तक मिलेगा संशोधन का मौका

डेढ़ लाख में से मात्र ढाई हजार शिक्षकों के आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पहली बार सेवारत शिक्षकों के लिए आयोजित की जा रही शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब शिक्षक 18 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जबकि फॉर्म में संशोधन 20 सितंबर तक किया जा सकेगा। कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के मई 2026 के आदेशानुसार वर्ष 1998 से 2009 के बीच नियुक्त प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों के लिए यह परीक्षा पास करना अनिवार्य है। शुक्रवार को आवेदन की अंतिम तिथि तक डेढ़ लाख में से मात्र ढाई हजार शिक्षकों के ही फॉर्म जमा हुए थे। कम आवेदनों को देखते हुए यह फैसला लिया गया। मांग पर कंप्यूटर चलाने में असमर्थ शिक्षकों के लिए ऑफलाइन परीक्षा का विकल्प देने पर भी सहमति दे दी है।

सीलिंग मुद्दे पर सीएम ने दिया आश्वासन

व्यापारियों-रहवासियों का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में रख रही सरकार

वर्षों पुरानी समस्या का बेहतर समाधान निकालेगी सरकार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजधानी में व्यापारियों को हो रही परेशानियों को दूर करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले पर पूरी गंभीरता से नजर रख रही है और हर विषय को रख रही है। राज्य सरकार व्यापारियों की वर्षों पुरानी समस्या का बेहतर समाधान निकालने का हर संभव प्रयास करेगी। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि पर्वों और त्योहारों के बीच हम अपनी सभी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध हैं। भोपाल से जुड़ी सभी कठिनाइयों और विषयों को हम सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष पूरी गंभीरता से रख रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन के अनुरूप जो भी बेहतर निर्णय संभव होगा, उसे लागू करने लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

दिल्ली में 'ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम' का आगाज

सुप्रीम कोर्ट की मेजबानी में न्यायपालिकाओं का बड़ा वैश्विक जमावड़ा

सीजेआई सूर्यकांत ने 10 देशों के न्यायिक प्रमुखों से की अहम 'द्विपक्षीय' बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ठीक पहले न्यायपालिका के स्तर पर एक बड़ा वैश्विक जमावड़ा शुरू हुआ है। भारत का सुप्रीम कोर्ट 'ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम' की मेजबानी कर रहा है। तीन दिवसीय इस आयोजन में भारत के सीजेआई सूर्यकांत ब्रिक्स सदस्य देशों और पार्टनर मुल्कों के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों व शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ अहम द्विपक्षीय वार्ता कर रहे हैं। पहले दिन शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने रूस के चीफ जस्टिस इगोर क्रासनोव, चीन के झांग जून, इंडोनेशिया के सुनार्तो, यूएई के मोहम्मद हमद अल बादी, बेलारूस के आंद्रे श्वेद, कजाकिस्तान के असलमबेक मर्गालयेव, दक्षिण अफ्रीका की महूबे बेट्टी मोलेमेला, ईरान के अयातुल्ला गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई, उज्बेकिस्तान की मलिकाखोन कलंदारोवा और मिस्र के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों का लंबा दौर पूरा किया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

22 देशों के शीर्ष न्यायाधीश जुटे न्यायपालिका में एआई और मध्यस्थता पर रहेगा फोकस

ईरान के चीफ जस्टिस का जामा मस्जिद में भव्य स्वागत

गंभीर न्यायिक चर्चाओं के बीच ईरान के चीफ जस्टिस अयातुल्लाह गुलाम हुसैन मोहसिनी-एजेई शुक्रवार को दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। शिया बहुल देश ईरान के शीर्ष न्यायिक अधिकारी का सुन्नी परंपरा के प्रमुख केंद्र जामा मस्जिद पहुंचना और शाही इमाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

दही की हांडी, बारिश की फुहार, माखन चुराने आया नन्द लाल।
ईनाम राशि
15,00,000
विशाल दहीहांडी उत्सव
DAHI HANDI UTSAV 2026 PARKING LAYOUT
NO FOUR WHEELER ZONE
PARADISE HOTEL
DURGA MANDIR
DAHI HANDI UTSAV 2026
SHRI AWADHPURI MAIDAAN
WRS COLONY FOUR WHEELER PARKING
TO KHAMTARAI
TO GONDWARA
TO FAFADIH
TO BHARAT MATA CHOWK
TO RAILWAY STATION
ATAL PATH EXPRESSWAY
दिनांक : 05 सितंबर 2026
दिन : शनिवार, समय : शाम 04:00 बजे से
स्थान : दही हांडी उत्सव स्थल, अवधपुरी मैदान, श्रीनगर रोड, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
विशेष आकर्षण :
◆ पुरूष दही हांडी ◆ महिला दही हांडी ◆ ग्रीसयुक्त खंबा दही हांडी
प्रसिद्ध गायक, संगीतकार बी प्राक
अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक लखविंदर सिंह लक्खा
भजन गायिका गरिमा दिवाकर व स्वर्ण दिवाकर
सभी सनातनियों एवं कृष्ण भक्तों के बीच वृहद आयोजन संपन्न होगा।
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
संयोजक
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
आयोजक :
सार्वजनिक दही-हांडी उत्सव समिति, रायपुर
सह संयोजक - हेमेन्द्र साहू
विशेष सहयोग : हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी, रायपुर

भोपाल, शनिवार 5 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष : 13, अंक : 155 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** haribhoomi.com मौसम अधि. 24, न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

शिक्षक दिवस आज

'हरिभूमि' में इस बार कुछ ऐसे शिक्षकों की कहानियां, जिन्होंने दृष्टिबाधित होने के बाद भी शिक्षा और उसके संस्कारों को एक नई दृष्टि दी

आंखों में रोशनी नहीं... फिर भी 25 साल से बच्चों के सपनों में भर रहे ये शिक्षक 'उजाला'

शिक्षक दिवस पर विशेष

कहानी-1

5 साल की उम्र में चली गई थी आंखों की रोशनी

रोज 18 किलोमीटर सफर कर 70 बच्चों को पढ़ाते हैं हरिओम जैमिनी

अर्जुन पवार ▶▶ भैरूंदा

5 साल की उम्र में आंखों की रोशनी चली गई तो जिंदगी के सामने अंधेरा जरूर छा गया, लेकिन हरिओम जैमिनी ने हौसला नहीं खोया। उन्होंने आंखों से दुनिया देखना भले छोड़ दिया, लेकिन सपने देखना नहीं छोड़ा। ब्रेल लिपि के सहारे पढ़ाई पूरी की, राजनीतिक विज्ञान में एमए किया

> *बच्चों से पहले पाठ सुनते हैं फिर उसे आसान भाषा में समझाते हैं*

और शिक्षक बनने का सपना पूरा किया। वर्ष 2001 से सिंहपुर के शासकीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

कहानी-2

शिक्षक बिंदु कुमार पटेल

पहले यू ट्यूब से चैप्टर समझते हैं फिर उसे बच्चों को समझाते हैं

ईश्वरी भार्गव ▶▶ शमशाबाद

हौसले और लगन के आगे कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। इस बात को सच साबित कर रहे हैं पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक बिंदु कुमार पटेल, जो दोनों आंखों से दृष्टिबाधित होने के बावजूद पिछले करीब 20 वर्षों से विद्यार्थियों को शिक्षा दे रहे हैं। वे विद्यालय में सामाजिक विज्ञान विषय का अध्यापन कराते हैं। वर्ष 2006 में

> *शुरुआती दिनों में पढ़ाने में काफी परेशानी आती थी*

शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए बिंदु कुमार पटेल मूल रूप से ग्राम वरही, कटनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

कहानी-3

शिक्षक वीरेंद्र राठौर

खास मैथड से पहली से 5वीं तक के सभी विषय पढ़ाते हैं

शिवलाल यादव ▶▶ रायसेन

कहते हैं, शिक्षक वह होता है जो अज्ञानता के अंधेरे से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाए। रायसेन जिले के सांचेत गांव के शासकीय प्राथमिक स्कूल में पदस्थ वार्ड तीन रायसेन निवासी 52 वर्षीय शिक्षक वीरेंद्र कुमार राठौर इस बात की मिसाल हैं। करीब 20 साल पहले उनकी आंखों की रोशनी चली गई। लेकिन उन्होंने बच्चों को पढ़ाने

> *अपनी मन की आंखों से शिक्षा का उजियारा फैला रहे*

का अपना संकल्प नहीं छोड़ा। आज वे मन की आंखों से बच्चों की पढ़ाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

इसरो की बड़ी सफलता | जीएसएलवी-एफ17 ने ईओएस-05 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया

अब तक का सबसे भारी उपग्रह, 36 हजार किमी ऊंचाई से रखेगा नजर

4 सितंबर 2026 को श्रीहरिकोटा से तड़के 2:55 बजे उड़ा रॉकेट, तय कक्षा में स्थापित हुआ

क्या करेगा ये उपग्रह?

भारत की सीमाओं, समुद्री क्षेत्रों, मौसम चक्र, चक्रवात, बाढ़ और जंगलों की आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं की सटीक जानकारी भेजेगा

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को तड़के 2:55 बजे एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के दूसरे लॉन्च पैड से अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट (ईओएस-05) को लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी ने कहा यह गर्व का पल

इसरो की एक और बड़ी कामयाबी पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि एक और शानदार उपलब्धि और हमारे देश के लिए गर्व का पल है।

मिशन की खास बातें

विशालकाय रॉकेट

जीएसएलवी-एफ17 की ऊंचाई 51.7 मीटर है और इसका लिफ्ट-ऑफ वजन 420.5 टन है, जो इसे भारत के सबसे बड़े परिचालन लॉन्च व्हीकलों में शामिल करता है।

2,367 किलोग्राम वजनी उपग्रह

ईओएस-05 का वजन लगभग 2,367 किलोग्राम है, जिसे भारत का सबसे उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह माना जा रहा है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम डॉ. यादव बोले- भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और ऐतिहासिक छलांग

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जीएसएलवी-एफ17/ईओएस-05 के सफल प्रक्षेपण पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और ऐतिहासिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

श्रीनगर एयरपोर्ट पर टला विमान हादसा

इंडिगो का विमान 'पार्किंग' के दौरान पोल से टकराया

> *नवी मुंबई से श्रीनगर पहुंची थी फ्लाइट*

श्रीनगर। नवी मुंबई से श्रीनगर पहुंची इंडिगो की एक उड़ान 6ई 225 (वीटी-एनओजी) शुक्रवार सुबह 9:02 बजे श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग के बाद एक हादसे का शिकार होने से बच गई। पार्किंग के दौरान विमान विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम (वीडीजीएस) के पोल के संपर्क में आ गया। राहत की ▶▶ शेष पेज 4 पर

पॉजिटिव थी टेस्ट रिपोर्ट

नशे में प्लेन उड़ाने वाले पायलट को एयर इंडिया ने किया बर्खास्त



> *फुकेट-दिल्ली विमान 300 फीट गिरा था*

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने सुरक्षा और नियामकीय मानकों के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपने एक पायलट-इन-कमांड को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। 4 अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रही फ्लाइट (एआई-2379) में हुई गंभीर घटना के बाद पायलट का साइकोएक्टिव ▶▶ शेष पेज 4 पर

मऊगंज में सनसनीखेज डकैती

महिला को बंधक बनाया और 40 लाख लूट लिए

मऊगंज। जिले के तिलया गांव में गुरुवार देर रात हथियारबंद बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने एक मेडिकल स्टोर

■ 7 हथियारबंद बदमाशों ने बेटे के सामने की वारदात

संचालिका को उसके नाबालिग बेटे के सामने बंधक बनाकर करीब 40 लाख रुपए की संपत्ति लूट ली। पीड़िता बेबी साहू के अनुसार, रात करीब 11 बजे दो युवक दवाई लेने के बहाने आए और फिर अपने 5 ▶▶ शेष पेज 4 पर

सिवनी में दर्दनाक हादसा

बेटी को कुए में डूबता देख कूदा पिता, दोनों की मौत

सिवनी। जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत खापा गांव में जन्माष्टमी के पर्व पर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे 20

■ जन्माष्टमी की सुबह खापा गांव में घटी घटना

वर्षीय बीएससी छात्रा चेतना पटले घर के पास स्थित कुए में अचानक गिर गई। बेटी की चीख सुनकर पिता रोशन लाल पटले (50) उसे बचाने के लिए बिना सोचे-समझे कुए में कूद गए। हालिया बारिश के कारण ▶▶ शेष पेज 4 पर

डिप्रेशन में डबल मर्डर

पति ने मूसल से कुचलकर की पत्नी और बेटी की हत्या

रीवा। जिले के बिछिया थाना अंतर्गत कोठी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और 15 वर्षीय बेटी की मूसल से हमला कर नृशंस हत्या कर दी।

■ देर रात वारदात को दिया अंजाम आरोपी गिरफ्तार

घटना गुरुवार देर रात करीब 1 बजे की है। मृतकों की पहचान सुनैना मिश्रा (55) और उनकी बेटी खुशी मिश्रा (15) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रविशंकर मिश्रा का जमीन और पैसों के लेनदेन को ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्रदेश में दो बस हादसे: तेज बारिश के दौरान दोनों घटनाओं में 41 यात्री घायल

रतलाम में मोड़ पर स्लीपर बस पलटी खरगोन में कंडम बस का ब्रेक 'फेल'

पुलिस बल ने क्रेन की मदद से बसों को सीधा कराया

रतलाम में हादसे के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 41 यात्री घायल हो गए। पहली घटना रतलाम-इंदौर फोरलेन पर घटी जहां एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, वहीं दूसरी घटना खरगोन जिले में घटी जहां ब्रेक फेल होने से एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रतलाम-इंदौर फोरलेन पर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे अजमेर से नासिक जा रही एक स्लीपर बस सातरुंडा के पास रत्तागिरी चौराहे के समीप पलट गई। हादसे के वक्त तेज बारिश हो रही थी और सड़क पर खतरनाक मोड़ होने के कारण तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो गई।

चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। रतलाम और बदनावर से पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी 28 घायलों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

बस के ब्रेक फेल होने से 13 यात्री घायल

खरगोन के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाडल्या गांव के समीप शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे बुरहानपुर जा रही एक निजी बस (एमपी 10 जेडई 4364) के अचानक ब्रेक फेल हो गए। चालक के नियंत्रण खोने से बस सड़क किनारे पलट गई, जिससे उसमें सवार 13 यात्री घायल हो गए। हादसे में पांच यात्रियों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक आरिफ बेग और परिचालक दिनेश मौके से भाग निकले।

श्रीकृष्ण के आगमन ने उत्सव में बदला जन जन का जीवन

नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...

रवींद्र भवन में आयोजित सात दिवसीय 'रासलीला समारोह' का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा मुक्ताकाश मंच, रवींद्र भवन में आयोजित सात दिवसीय 'रासलीला समारोह' का समापन शुक्रवार को हुआ। इसमें ब्रज के पारंपरिक कलाकारों द्वारा माधव आचार्य, मथुरा के निर्देशन में लीलाओं को मंच पर जीवंत कर दिया। शुक्रवार को रासलीला महोत्सव में सर्वप्रथम कलाकारों द्वारा नंद उत्सव का प्रदर्शन किया गया। गोकुल में कन्हैया के आगमन का समाचार मिलते ही नंद भवन से लेकर समूचे ब्रज में उल्लास छा जाता है। नंद बाबा के आंगन में बधाइयां गूंजती हैं।

ईश्वर का आगमन जन-जन के जीवन को बदल देता है उत्सव में

नंद उत्सव केवल जन्मोत्सव नहीं, बल्कि उस दिव्य आनंद का प्रतीक है, जिसमें ईश्वर का आगमन जन-जन के जीवन को उत्सव में बदल देता है। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष ने संपूर्ण वातावरण को कृष्णमय कर दिया। इसके बाद महारास का प्रदर्शन हुआ। वृंदावन की शरद पूर्णिमा की उजली रात में यमुना तट पर बंसी की मधुर तान गूंजती है और गोपियां उस दिव्य स्वर से आकर्षित होकर श्रीकृष्ण के सान्निध्य में पहुंचती हैं।

बधाइयां त्रिभुवन में बाजे... से जीवंत हुई रासलीला

लीला प्रदर्शन के पश्चात भक्ति गायन की प्रस्तुति हुई। भजन गायिका तृप्ति शाक्या ने अपनी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। उन्होंने 'सत्यम शिवम सुन्दरम', 'रुख से पर्दा हटा सांवरे', 'सांवरिया श्याम नैन मेरे बस जाना', 'कभी राम बनके कभी श्याम बनके' जैसे भजनों से भक्ति और आध्यात्मिक भावों की सुंदर अनुभूति कराई। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की उल्लासपूर्ण छटा 'जन्मे हैं कृष्ण कन्हैया, बधाइयां त्रिभुवन में बाजे' से जीवंत हुई।



सदाबहार गीतों से सजेगी 'गीत गुंजन' की शाम आज रवींद्र भवन में सुरों से होगा गुरु का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सदाबहार फिल्मी गीतों के शौकीनों के लिए शिक्षक दिवस की शाम खास होने वाली है। संगीत गुरु कैलाश यादव के शिष्य शुक्रवार को रवींद्र भवन के सभागार में 'गीत गुंजन' कार्यक्रम के जरिए अपने गुरु को सुरों की सुरीली आदरांजलि देंगे। शाम 5 बजे से शुरू होने वाली इस संगीतमय शाम में पुराने फिल्मी गीतों की खूबसूरत धुनें गूंजेंगी और साथ ही गुरु-शिष्य परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवान दास सबनानी और सेज ग्रुप के एमडी संजीव अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इनके अलावा डॉ. नीरज राय, भजन गायक रवि खरे और कोमल साईं कृति भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

सुरों और यादों से सजेगी एक यादगार शाम

गुंजन फाउंडेशन की अध्यक्ष रजनी यादव ने बताया कि गीत गुंजन में भोपाल के दो दर्जन से अधिक गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। खास बात यह है कि इन कलाकारों में प्रतिष्ठित चिकित्सक, प्रोफेशनल्स, उद्योगपति और समाजसेवी शामिल हैं, जो संगीत गुरु कैलाश यादव के शिष्य रहे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाले ये शिष्य इस शाम संगीत के माध्यम से अपने गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम में श्रोताओं को पुराने दौर के लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियों के साथ सुरों और यादों से सजी एक यादगार शाम का अनुभव मिलेगा।

तुलसी साहित्य अकादमी में महाकाव्य भगवान परशुराम हुआ लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी की सृजन श्रृंखला-61 के अंतर्गत महाकवि डॉ. अशोक तिवारी अमन के महाकाव्य 'भगवान परशुराम' का लोकार्पण एवं विमर्श तुलसी साहित्य अकादमी में डॉ. मोहन तिवारी आनंद की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार चरणजीत सिंह कुकरेजा मौजूद रहे। मंचस्थ अतिथियों द्वारा महाकाव्य भगवान परशुराम लोकार्पण किया गया। महाकाव्य के रचनाकार डॉ. अशोक तिवारी अमन ने कृति की सृजन पर प्रकाश डालते हुए महाकाव्य के कुछ अंशों का पाठ भी किया।

वुडस्टॉक गिटार फेस्टिवल में जीते पीपल्स चॉइस और बेस्ट यूथ अवॉर्ड

न्यूयॉर्क में गूंजी भोपाल के गुरु-शिष्य की गिटार की धुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गिटारिस्ट शशांक वर्मा और उनके 12 वर्षीय शिष्य अर्जुन अग्रवाल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित वुडस्टॉक फिंगरस्टाइल इंटरनेशनल गिटार फेस्टिवल (27-29 अगस्त) में शानदार प्रस्तुति देकर देश का गौरव बढ़ाया। वन-मैन बैंड के रूप में प्रस्तुति देने वाले शशांक वर्मा ने अपने बनाए डबल नेक गिटार की बारीकियों पर वर्कशॉप भी ली। उन्होंने विश्वविख्यात गिटारिस्ट म्यूरियल एंडरसन के साथ पॉडकास्ट किया और अंतर्राष्ट्रीय गिटार कंपनियों के साथ कोलैबोरेशन व इंडोर्समेंट डील हासिल की। आयोजकों ने उन्हें पीपल्स चॉइस अवॉर्ड से सम्मानित किया। वहीं, महज 12 वर्ष की उम्र में अर्जुन अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय फिंगरस्टाइल गिटार प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन कर अमेरिकी दर्शकों का दिल जीता और बेस्ट यूथ परफॉर्मर अवॉर्ड अपने नाम किया।

पीएचक्यू के निज सहायक ने राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस मुख्यालय, भोपाल में निज सहायक के पद पर पदस्थ राकेश कुमार कुशवाह ने निशानेबाजी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम किया। जबलपुर में 20 से 26 अगस्त 2026 तक आयोजित 13वीं एमपी स्टेट गन फॉर ग्लोरी शूटिंग प्रतियोगिता-एनआर में राकेश कुमार कुशवाह ने 10 मीटर पिस्टल, मास्टर मेन इंडिविजुअल स्पर्धा में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के में उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। राकेश कुमार कुशवाह ग्वालियर डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन के प्रतिनिधि के रूप में प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। कुशवाह पुलिस विभाग के लिपिकीय वर्ग के कर्मचारी हैं और वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में निज सहायक के रूप में शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। राकेश निशानेबाजी में निरंतर अभ्यास कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक हासिल करना उनकी लगन को दर्शाता है।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

48 घंटे से राजधानी में लगातार बारिश

शहर में शुक्रवार को दिनभर बारिश का दौर चला। इस दौरान बोट क्लब पर बारिश का लुत्फ लेने के लिए सैलानी पहुंचे। दोपहर 2.30 बजे ली गई तस्वीर में बारिश का आनंद लेते युवक-युवती।

अनाउंसमेंट के बाद खोला गेट, छोड़ा 12 एमसीएफटी पानी

बारिश के ढाई महीने बाद सीजन में पहली बार खुला भदभदा डैम का गेट नंबर 6

राजधानी का बड़ा तालाब शुक्रवार शाम छह बजे लबालब हो गया। जिसके बाद निगम की टीम ने शाम साढ़े छह बजे सायरन बजाकर अनाउंसमेंट करने के बाद भदभदा डैम का गेट नंबर-6 खोला गया, जिससे 12 एमसीएफटी पानी छोड़ा जा रहा है, जो पूरी रात खुला रहा। गुरुवार रात से जारी रिमझिम और शुक्रवार को दिनभर हुई बारिश के बाद तालाब का जलस्तर 1666.80 फीट तक पहुंच गया था। बारिश के ढाई महीने गुजरने के बाद सीजन में पहली बार डैम का गेट खोला गया है। पिछले साल भी सितंबर के पहले हफ्ते में ही डैम के गेट खुले थे।

दूसरे साल भी सितंबर में भरा बड़ा तालाब

वर्ष 2017, 2018 और 2021 में एक बार भी गेट खोलने की नौबत नहीं आई थी। यह लगातार दूसरा साल है जब सितंबर में पहली बार गेट खुले हैं। पिछले साल भी सितंबर के पहले सप्ताह में गेट खोले गए थे। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि गेट से लगभग 12 मिलियन क्यूबिक फीट पानी छोड़ा जा रहा है। फिलहाल गेट को चार घंटे के लिए खोला गया है। हालांकि, कैचमेंट एरिया और कोलांस नदी से पानी की आवक लगातार बनी रही, तो गेट को आगे भी खुला रखा जा सकता है।

पिछले 10 साल में कब-कब खुले गेट?

वर्ष	पहली बार गेट खुले
2016	25 जुलाई
2017	नहीं
2018	नहीं
2019	10 अगस्त
2020	22 अगस्त
2021	नहीं
2022	23 जुलाई
2023	23 सितंबर
2024	2 अगस्त
2025	6 सितंबर
2026	4 सितंबर

पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क रोड से लेकर भानपुर-करोंद तक पानी और कीचड़ ने बढ़ाई परेशानी

दिनभर हुई बारिश के बाद जलभराव से जनजीवन प्रभावित, थमी सड़कों पर रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शुक्रवार को दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई। करीब 18 मिलीमीटर बारिश में ही निचले इलाकों की सड़कें पानी से लबालब हो गईं।

पॉलीटेक्निक चौराहा, कमला पार्क रोड और तुलसी नगर सहित कई प्रमुख मार्गों पर पानी भरने से यातायात की रफ्तार धीमी पड़ गई। वाहन चालकों को पानी के बीच से गुजरना पड़ा, वहीं पैदल राहगीरों को भी काफी परेशानी हुई।

बारिश से निचले इलाकों की सड़क पानी से लबालब, करीब 18 मिमी हुई बरसात

वाहन चालक परेशान हुए, पैदल राहगीरों को काफी मुश्किल हुई

भानपुर और करोंद मंडी में हालात ज्यादा खराब, सड़कें लबालब होने से आवाजाही पर असर

बारिश से कमला पार्क रोड पर पानी भर गया, जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई।

भानपुर और करोंद मंडी क्षेत्र में बारिश का असर सबसे ज्यादा नजर आया। सड़कों पर पानी के साथ कीचड़ जमा होने से आवाजाही प्रभावित हुई। दोपहिया वाहन चालकों को फिसलन के बीच संभलकर निकलना पड़ा। कई जगह सड़क के किनारे जमा पानी के कारण पैदल चलने वालों को मुख्य सड़क से होकर गुजरना पड़ा।

नगर निगम, पीडब्ल्यूडी ने नहीं कराई मरम्मत

बारिश की वजह से शहर की अंदरूनी और मुख्य सड़कों की हालत जर्जर हो गई है। सड़कों पर एक फीट गहरे से लेकर पांच फीट तक चौड़े गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में वाहन चालकों का सड़कों से गुजरना मुश्किल हो गया है। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी ने अब तक इन सड़कों की मरम्मत का काम शुरु नहीं किया है। शहर की मुख्य सड़कों की हालत खराब है। विभाग सड़कों का मेंटनेंस नहीं करवा रहे हैं। वर्तमान में पीडब्ल्यूडी की मेन रोड की सड़कों पर एक-एक फीट गहरे और 5-5 फीट चौड़े गड्ढे हो गए हैं। इसी तरह अंदरूनी इलाकों की सड़कें नगर निगम की हैं। यहां स्थिति और खराब है। निगम के यांत्रिक विभाग का दावा है कि सिर्फ 2 हजार किमी की सडकें मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं।


शुक्रवार को भदभदा डैम का एक गेट खोलने के बाद तेज गति से बहता पानी।

पुराने शहर के कई इलाकों में कीचड़, पानी से बढ़ी परेशानी

पुराने शहर के कई हिस्सों में जलभराव के साथ कीचड़ ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दी। बारिश थमने के बाद भी सड़क पर जमा पानी और गंदगी के कारण सामान्य आवाजाही प्रभावित रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान हर साल इन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो पाया है।

सड़कों पर बारिश का असर

पॉलीटेक्निक चौराहा और कमला पार्क रोड जैसी व्यस्त सड़कों पर पानी जमा होने से वाहनों की गति प्रभावित हुई। साथ ही लोगों को परेशानी का सामना पड़ा। बारिश में उखड़ी सड़कों पर पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आ रहे हैं।

जर्जर सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे, रोज फंस रहे वाहन

एमपी नगर इलाके में नगर निगम ने अमृत योजना 2.0 में सीवर लाइन के लिए खुदाई की है, लेकिन यह खुदाई रहवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। रहवासियों का कहना है कि बारिश के दिनों में खुदाई कर छोड़ी गई सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे और दलदल की स्थिति बन गई है। यहां रोजाना वाहन गड्ढों में धंस रहे हैं। वहीं, करोंद मंडी 80 फीट रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है।

करोंद मंडी 80 फीट रोड पर गड्ढों में भरा पानी।

प्लेटफॉर्म-2 पर अचानक गिरा यात्री, चैकिंग स्टाफ राज ने तुरंत संभाली स्थिति

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री हुआ बेहोश रेलकर्मी ने दिखाई इंसानियत, बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान एक रेल कर्मचारी ने अपनी तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अचेत हुए यात्री को समय पर मदद पहुंचाई। यात्री अचानक प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर गिर पड़ा था। उसकी हालत देखकर लगा कि उसे दौरा पड़ा है।

घटना 3 सितंबर को दोपहर करीब 3:45 बजे की है। यात्री के अचानक अचेत होने की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात चेकिंग स्टाफ राज त्रिवेदी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए उप स्टेशन अधीक्षक, भोपाल को घटना की सूचना दी और बेहोश यात्री की मदद में जुट गए।

यात्री के सिर की मालिश कर प्राथमिक सहायता दी

यात्री से चर्चा करते रेलवे कर्मी राज त्रिवेदी।

राज त्रिवेदी ने यात्री को संभालते हुए उसके जूते उतारे और कपड़े ढीले किए। इसके साथ ही हाथ-पैर और सिर की मालिश कर उसे राहत देने का प्रयास किया। उन्होंने यात्री के मोबाइल फोन से उसके पिता और एक मित्र से संपर्क कर घटना की जानकारी दी और उन्हें स्टेशन बुलाया। करीब आधे घंटे तक यात्री का मित्र स्टेशन पहुंचने तक राज त्रिवेदी उसके पास बने रहे और लगातार उसकी देखभाल करते रहे। कुछ समय बाद यात्री को होश आ गया और उसकी हालत सामान्य हो गई।

यात्री के आग्रह पर आगे की यात्रा की अनुमति दी

यात्री के होश में आने के बाद उसके परिवार और मित्र की सहमति ली गई। यात्री ने स्वयं भी आगे की यात्रा करने की इच्छा जताई। इसके बाद उसे उसकी ट्रेन 22403 से आगे की यात्रा करने दिया गया। राज त्रिवेदी की सूझबूझ की भोपाल मंडल ने सराहना की है। रेल प्रशासन ने कहा कि ऐसे कर्मचारी न केवल अपना कर्तव्य निभाते हैं, बल्कि संकट के समय यात्रियों की मदद करते हैं।

प्रमोशन में आरक्षण पर मप्र हाई कोर्ट में अब एक दिसंबर को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रमोशन में आरक्षण को लेकर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 में बनाए गए नए नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई एक दिसंबर को निर्धारित की है।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 में बनाए गए प्रमोशन में आरक्षण संबंधी नए नियमों को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं। भोपाल की वेटरनरी सर्जन डॉ. स्वाति तिवारी सहित अन्य याचिकाकर्ताओं ने नए नियमों की वैधानिकता और उनके प्रभाव को चुनौती दी है। इससे संबंधित आरबी राय का एक प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में भी विचाराधीन है। पूर्व में हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुप्रीम कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इन मामलों की सुनवाई स्थगित रखने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और निर्देशों पर विचार करने के बाद बेंच ने हाईकोर्ट में लंबित याचिकाओं की सुनवाई आगे बढ़ाने के बजाय अगली सुनवाई एक दिसंबर के लिए तय कर दी।

दो साल से पदस्थ थीं डिप्टी कलेक्टर शर्मा

टीटी नगर से अर्चना शर्मा को हटाया, दीपक पांडे देखेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर सर्कल में पिछले दो साल से पदस्थ डिप्टी कलेक्टर अर्चना शर्मा रावत को गुरुवार देर शाम हटा दिया गया। फिलहाल इस सर्कल की जिम्मेदारी शहर एसडीएम दीपक पांडे को सौंपी गई है।

दरअसल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार देर शाम को हटाने का आदेश तो जारी किया, लेकिन यहां दूसरे अफसर को पदस्थ नहीं किया है। शर्मा को कलेक्टोरेट में अटैच किया है। इधर शर्मा के हटने के बाद कलेक्टोरेट में काम देख रहे डिप्टी कलेक्टर लाखन चौधरी, अजय शर्मा, राजेश सौरते और रत्नेश श्रीवास्तव में से किसी को पदस्थ किया जा सकता है। बता दें कि सीलिंग को लेकर न्यू मार्केट और रोशनपुरा चौराहे पर व्यापारी विरोध प्रदर्शन में जमा हुए थे। यह क्षेत्र टीटी नगर एसडीएम के एरिया में आता है। तब शर्मा व्यापारियों को समझाने के लिए मौके पर पहुंची थीं और उनका ज्ञापन भी लिया था, लेकिन व्यापारी उग्र होकर सीएम हाउस की तरफ बढ़ गए थे। इधर रावत का कहना है कि वह खुद ही फील्ड के काम से हटना चाह रही थीं।

तीन दिन में 190 सीलिंग के बाद चौथे दिन नहीं हुई कार्रवाई, अफसर दस्तावेजों को तैयार करने में जुटे

सीलिंग में बंद ओयो होटल फिर शुरू, दुकान खोलकर बनने लगे टैटू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई चौथे दिन ठप हो गई। इसके पहले तीन दिन में 190 दुकानों की सीलिंग की गई थी। इधर, जिन दुकानों की सीलिंग की गई है, उन्होंने भी सील तोड़कर दोबारा से कारोबार करना शुरु कर दिया है। रोहित नगर में सील की गई टैटू बनाने की दुकान का ताला शुक्रवार को खुल गया।

गौतम नगर में ओयो होटल की सील टूटने के बाद दोबारा होटल का संचालन शुरू कर दिया गया है। बता दें कि निगम ने तीन दिन में 190 प्रतिष्ठानों को सील किया है, लेकिन चौथे दिन कार्रवाई ठप रही। इससे पहले जिन प्रतिष्ठानों को बंद कराया गया था, उनमें से कई में गतिविधियां शुरू की गई हैं। इस संबंध में निगम का पक्ष जानने के लिए डिप्टी कमिश्नर भुवन गुप्ता को कॉल किया,लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

नगर निगम ने तीन दिन में 190 दुकानों पर सीलिंग की कार्रवाई की

व्यापारियों का आरोप-छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई, बड़े प्रतिष्ठान छोड़े

जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आता, होगा कारोबार

सीलिंग के बाद खोला गया ओयो होटल।

शहर के अन्य रहवासी क्षेत्रों में भी कुछ व्यापारी आधी-अधूरी दुकानें खोलकर कारोबार करते नजर आए। अरेरा कॉलोनी के एक दुकानदार ने कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आता, तब तक वे दुकानें खोलेंगे। उनका आरोप है कि छोटे कारोबारियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर उतनी सख्ती नहीं दिखाई जा रही।


सीलिंग के दौरान होटल पर लगा था ताला।

15 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

रहवासी भवनों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध निर्माण का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। जिसको लेकर नगर निगम जवाब तैयार कर रहा है। इधर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल का मास्टर प्लान जल्द लागू करने की बात कही है। मास्टर प्लान लागू होने से कारोबारियों को राहत मिल सकती है।

सड़क पर काली मिट्टी फैलाने वाले वाहन मालिक पर जुर्माना

भोपाल। मेट्रो निर्माण के नाम पर सड़क पर मिट्टी फैलाने वाले वाहन मालिक पर नगर निगम ने 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। शुक्रवार को जोन-9 के एएचओ बलवीर मलिक ने मौके पर पहुंचकर जुर्माना किया। गुरुवार को पुट्ठा मिल के पास मेट्रो निर्माण से सड़क पर फैली मिट्टी बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गई। इससे सड़क पर फिसलन बढ़ गई, जो यहां से गुजरने वाले चालकों के लिए परेशानी बन गई थी।

जैकेट का शेष

आधी रात को ...

बजते ही शंख ध्वनि से आसमान गूंज गया। भगवान श्रीकृष्ण कलहंस पुष्प बंगले में विराजमान हुए। समुद्र मंथन के रत्नों की भावना पर आधारित पंचरत्नी पोशाक एवं रत्न जड़ित मुकुट ठाकुरजी को धारण कराए गए। मध्यरात्रि 12 बजे ठाकुरजी के प्राकट्य के साथ जन्म महाअभिषेक आरंभ हुआ। स्वर्ण-मंडित रजत कामधेनु गो द्वारा पयोधर अभिषेक के बाद रजत कमल पुष्प में विराजमान ठाकुरजी का महाअभिषेक कराया गया। गर्भगृह को करीब 200 किलोग्राम चांदी और आकर्षक पुष्प-पत्रों से सजाया। डमरू और मृदंग के सिद्धहस्त वादक मंगल ध्वनि गूंज रही थी। जन्मोत्सव में ठाकुरजी के श्रृंगार, पोषाक, मंदिर की साज-सज्जा एवं व्यवस्थाएं नयनाभिराम व अभूतपूर्व थी। जन्मस्थान पर विराजमान केशवदेवजी, मां योगमाया, गर्भ-गृहजी, राधाकृष्ण युगल सरकार मंदिर में विशिष्ट पूजन, सहस्त्रार्चन, जन्माभिषेक एवं आरती के दिव्य दर्शन एवं आयोजन हुए। रत्न-जड़ित मुकुट, बांसुरी, नवरत्न जड़ित कंठा आदि श्रृंगार ठाकुरजी की छवि को चार चांद लगा रहा था। भगवती योगमाया ने विशिष्ट दिव्य स्वर्ण मुकुट धारण किया। पूर्णावतार भगवान श्रीकृष्ण कलहंस पुष्प-बंगला में विराजमान थे। प्रातः शहनाई एवं नगाड़ों के वादन के साथ भगवान की मंगला आरती के दर्शन प्रातः 5:30 बजे से हुए।

प्रातः 8 बजे भगवान का दिव्य पंचामृत अभिषेक संपन्न हुआ: जन्म महाभिषेक का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 10 बजे श्रीगणेश-नवग्रह आदि पूजन से आरंभ हुआ। 1008 कमल-पुष्पों से ठाकुरजी का सहस्त्रार्चन करते हुऐ आव्हान किया गया। मध्यरात्रि ठीक 12 बजे भगवान का प्राकट्य हुआ। भगवान के जन्म की महाआरती शुरू रात्रि 12:10 बजे तक चली। सुगन्धित द्रव्यों से अभिसिक्त भगवान श्रीकृष्ण के चल विग्रह रजत सूप में विराजमान होकर अभिषेक स्थल पर पहुंचे। ठाकुर जी का जन्माभिषेक कामधेनु स्वरूपा गऊ द्वारा रात्रि 12:10 बजे से रात्रि 12:25 बजे तक किया गया। रजत कमल पुष्प में विराजित श्रीठाकुरजी का जन्म महाभिषेक रात्रि 12:25 बजे से 12:40 बजे तक हुआ। ठाकुरजी की श्रंगार आरती रात्रि 12:45 बजे से 12:50 बजे तक हुई। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्म संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग डालमिया, संस्थान के वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी एवं ट्रस्ट के सचिव कपिल शर्मा एवं मंदिर के सेवा अधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण के विग्रह का दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल आदि विभिन्न पदार्थो के साथ अभिषेक किया।

राधा कृष्ण की वेशभूषा ...

का उद्धार करने के लिए पृथ्वी पर मानव रूप में जन्म लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के बाल्य स्वरूप लड्डू गोपाल का जलाभिषेक कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री ने माखन और मिश्री से भरी मटकी फोड़कर राधारानी और बाल गोपाल की वेशभूषा में आए नौनिहालों को माखन खिलाया और उपहार देकर दुलार किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी। श्रीकृष्ण आख्यान की कला अभिव्यक्तियों के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न कला समूहों ने श्रीकृष्ण जन्म, श्रीकृष्ण लीला, कालिया नाग मर्दन, गोवर्धन लीला, कंस वध, गीता उपदेश सहित श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया। जबलपुर से आए जुगलकिशोर नामदेव और उनके साथी कलाकारों ने मयूर नृत्य, ब्रज में आनंद उमंग भयो जय हो नंदलाल की, आज ब्रज में होली रे रसिया, श्रीकृष्ण गोबिंद हरे मुरारी जैसे सुमधुर भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे मुख्यमंत्री निवास का वातावरण श्रीकृष्णमय होकर भक्तिरस से सराबोर हो गया।

गुना व श्योपुर में जोरदार ...

और नदी-नालों के उफान को देखते हुए शिवपुरी सहित कई प्रभावित जिलों में 5 सितंबर तक सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। श्योपुर की मोरडूंगरी नदी में नहाते समय एक युवक बह गया। वहीं शिवपुरी के सिकराऊदा गांव में रपटा पार करते समय 21 वर्षीय श्रीराम रावत तेज बहाव में बह गया, जिसकी तलाश जारी है। वहीं, पन्ना में होमगार्ड दफ्तर में पानी भरने से सरकारी रिकॉर्ड, कंप्यूटर और राहत सामग्री प्रभावित हुई है। जवानों को नाव के सहारे दफ्तर पहुंचना पड़ रहा है। शिवपुरी के नमो नगर में भी कई घरों में पानी घुस गया है।

8 सितंबर तक ऐसा ही रहेगा मौसमः शुक्रवार को हो रही रुक-रुककर बारिश से राजगढ़ में 13 मिलीमीटर, उज्जैन, बैतूल में 9-9 मिलीमीटर, धार व खंडवा में 4-4, दतिया 3, रायसेन, रतलाम और टीकमगढ़ में एक मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। ग्वालियर, इंदौर और नर्मदापुरम में भी दिनभर फुहारें पड़ती रहीं। मौसम विज्ञानी एसएन साहू का कहना है कि नए सिस्टम से प्रदेश भर में 8 सितंबर तक कम और ज्यादा बारिश का दौर बना रहेगा।

16 होमगार्ड जवानों ...

यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी जवानों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार, तेज बहाव के बीच पेट्रोलिंग के दौरान मोटरबोट का इंजन अचानक बंद हो गया, जिससे उसमें तेजी से पानी भरने लगा। बोट में केवल 4 लोगों की क्षमता थी, लेकिन उस पर 16 जवान सवार थे। बोट डूबते ही जवानों में हड़कंप मच गया। कुछ जवानों ने तैरकर किनारे का रुख किया, वहीं ग्वारीघाट पर मौजूद स्थानीय नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए नावों से कई जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला। अलर्ट के बीच क्षमता से चार गुना अधिक जवान बैठाने पर अब सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

व्यापारियों-रहवासियों ...

वर्तमान परिस्थितियों में हम व्यापारियों और स्थानीयवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी पक्षों पर गंभीरता से विचार करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हमारा पक्ष भी मजबूती से रखा जाएगा। वर्षों पुरानी इस समस्या के स्थायी और बेहतर समाधान की दिशा में सरकार हर संभव प्रयास करेगी।

सीजेआई सूर्यकांत ने ...

5 सितंबर को ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका, यूएई के अलावा बेलारूस, बोलिविया, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल मंच को संबोधित करेंगे। सम्मेलन का मुख्य फोकस अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान, वाणिज्यिक मध्यस्थता और न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल पर है।

ईरान के चीफ ...

मौलाना सैयद शाबान बुखारी के साथ नमाज पढ़ना शिया-सुन्नी सौहार्द की एक ऐतिहासिक मिसाल बना। नमाज के बाद वहां मौजूद भारी भीड़ ने उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। इमाम से बातचीत और दूतावास में भारतीय धार्मिक विद्वानों से मुलाकात के दौरान ईरानी चीफ जस्टिस ने कहा कि भारत और ईरान के संबंध सदियों पुरानी संस्कृति से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान ने कभी भी किसी अंतरराष्ट्रीय दबाव या जबरदस्ती के आगे सिर नहीं झुकाया है।

पेज एक का शेष

रोज 18 किलोमीटर ...

माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को पढ़ा रहे हैं। आज 25 साल बाद भी उनका रोज का सफर उसी जज्बे के साथ जारी है। घर से स्कूल की दूरी करीब 18 किमी है। बस और ऑटो से सफर कर स्कूल पहुंचते हैं और करीब 70 बच्चों को इतिहास और सामाजिक विज्ञान पढ़ाते हैं। हरिओम की कक्षा में पढ़ाने का तरीका बाकी शिक्षकों से अलग है। वे किताब के अक्षर देख नहीं सकते, इसलिए बच्चे बारी-बारी से किताब का पाठ पढ़कर सुनाते हैं। हरिओम ध्यान से सुनते हैं और फिर उसी पाठ को आसान भाषा में बच्चों को समझाते हैं। बीच-बीच में सवाल पूछकर यह भी जान लेते हैं कि बच्चे ने कितना समझा। समय के साथ हरिओम ने पढ़ाने का तरीका भी बदला है। मोबाइल और टीवी को उन्होंने अपनी कक्षा का हिस्सा बना लिया है। इतिहास की घटनाओं या भूगोल के स्थानों से जुड़े वीडियो मोबाइल पर खोजते हैं और बच्चों को टीवी स्क्रीन पर दिखवाते हैं। खास बात यह है कि जिस शिक्षक की अपनी आंखें स्क्रीन नहीं देख सकतीं, वही तकनीक के सहारे बच्चों को दुनिया दिखा रहा है। मोबाइल पर आने वाले संदेश और जरूरी सूचनाएं भी वे सुनकर समझ लेते हैं। सिंहपुर स्कूल की प्राचार्य बबीता कालमोर बताती हैं कि हरिओम का बच्चों को समझाने का उनका तरीका बहुत अच्छा है।

पहले यू ट्यूब से चैप्टर ...

के निवासी हैं। गरीब परिवार में जन्मे और नौ भाई-बहनों में सातवें नंबर के बिंदु कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा वर्ष 1986 में जबलपुर ब्लाइंड स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद केसरवानी कॉलेज जबलपुर से स्नातक, दुर्गावती विश्वविद्यालय से एमए तथा भोज विश्वविद्यालय से बीएड की परीक्षा उत्तीर्ण की। शिक्षक पटेल बताते हैं कि नौकरी के शुरुआती दिनों में पढ़ाने में काफी परेशानी आती थी। उस समय वे दूसरे व्यक्ति से विषय और पाठ टेप रिकॉर्डर में रिकॉर्ड करवाते थे। बाद में उन्हीं पाठों को सुनकर याद करते और स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को पढ़ाते थे। वर्ष 2018 के बाद मोबाइल और इंटरनेट ने उनके अध्यापन को और आसान कर दिया। अब वे यू-ट्यूब और गूगल के माध्यम से विषय से संबंधित पाठ सुनकर और जानकारी प्राप्त कर उसे याद करते हैं तथा अगले दिन विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं। वे प्रतिदिन पढ़ाए गए पाठ से बच्चों से प्रश्न पूछते हैं और उत्तर दोहरवाते हैं, जिससे विद्यार्थियों को विषय अच्छी तरह याद हो जाता है। बिंदु कुमार पटेल कहते हैं कि शुरुआत में पढ़ाने में परेशानी जरूर हुई, लेकिन मोबाइल, यू-ट्यूब और गूगल शुरू होने के बाद काफी आसानी हो गई।

खास मैथड...

करवा रहे हैं और उनके जीवन में शिक्षा का उजियारा फैला रहे हैं। संकुल केंद्र सांचेत के अंतर्गत आने वाले इस स्कूल में करीब आधा दर्जन बच्चे नियमित रूप से पढ़ते हैं। वीरेंद्र राठौर पहली से पांचवीं तक के बच्चों को हिंदी, गणित, पर्यावरण सहित प्राथमिक स्तर के सभी विषय पढ़ाते हैं। उनकी पढ़ाने की शैली ऐसी है कि बच्चे किताब से पाठ पढ़ते हैं और शिक्षक उसे सुनकर समझाते हैं। ब्रेल लिपि का ज्ञान होने से वे पढ़ाई को और बेहतर तरीके से समझा पाते हैं। वीरेंद्र राठौर की पढ़ाने की शैली सबसे अलग है। वे बच्चों को केवल किताब पढ़ने के लिए नहीं कहते, बल्कि उनके पाठ को सुनकर उसका अर्थ और अनुवाद भी समझाते हैं। ब्रेल लिपि के ज्ञान से उन्हें पढ़ाई में मदद मिलती है। बच्चों की आवाज, सवाल और पाठ सुनकर वे समझ जाते हैं कि किसे क्या समझाना है।

अब तक का...

गए जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। रॉकेट ने उपग्रह को उसकी तय कक्षा (उप-भू-तुल्यकालिक स्थानांतरण कक्षा) में पूरी सटीकता के साथ स्थापित कर दिया है। यह उपग्रह पृथ्वी से करीब 36,000 किलोमीटर की ऊंचाई से भारत पर लगातार नजर रखेगा। इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट से काम करने वाला भारत का पहला इमेजिंग उपग्रह है। मिशन निदेशक थॉमस कुरियन ने बताया कि अब तक का सबसे भारी उपग्रह है। जीएसएलवी ने अपना 19वां मिशन सफलता के साथ पूरा किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि भारत की अंतरिक्ष क्षमताएं नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, जिससे वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में देश की स्थिति और मजबूत हो रही है।

मिशन की खास ...

स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन - रॉकेट के अंतिम चरण में स्वदेशी क्रायोजेनिक अपर स्टेज (सीयूएस-5) का उपयोग किया गया, जो द्रव हाइड्रोजन और द्रव ऑक्सीजन से संचालित होकर सैटेलाइट को तय कक्षा में ले गया।

सीएम डॉ. यादव बोले...

छलांग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतरिक्ष क्षमताएं निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में देश की पहचान और अधिक सशक्त हो रही है।

इंडिगो का विमान...

बात यह रही कि दुर्घटना में विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के तुरंत बाद मैनुअल सीढ़ियों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

नशे में प्लेन...

सब्सटेंस (नशीले पदार्थ) का टेस्ट पॉजिटिव आया था। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार उड़ान के क्रूज फेज के दौरान एयरबस ए320 विमान अचानक करीब 300 फीट नीचे गिर गया था। इस झटके के कारण कम से कम 17 यात्रियों और क्रू सदस्यों को गर्दन व रीढ़ की हड्डी में चोटें आई थीं। हालांकि, विमान सुरक्षित दिल्ली पहुंच गया था। एएआईबी ने इस मामले को गंभीर घटना के रूप में वर्गीकृत किया था। कन्फर्मेटरी टेस्ट में नशीले पदार्थ की पुष्टि होने के बाद डीजीसीए की सिफारिश पर एअर इंडिया ने पायलट की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

महिला को बंधक...

अन्य साथियों को बुला लिया। कट्टा, तलवार और गड़ासे से लैस बदमाशों ने महिला के मुंह में कपड़ा ठूंसकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद घर और स्टोर से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और महंगी दवाइयां समेटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही एसडीओपी सचि पाठक और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बेटी को कुए...

कुआं पानी से लबालब भरा हुआ था। गहरे पानी और तेज भंवर के कारण पिता अपनी बेटी को बचा नहीं सके और दम घुटने से दोनों की कुए के अंदर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर कुरई पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

पति ने मूसल...

लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। आरोपी हाल ही में बेची गई जमीन के पैसों को लेकर मानसिक रूप से परेशान और डिप्रेशन में था। विवाद बढ़ने पर उसने भाई को फोन कर बुलाया, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही उसने पत्नी और बेटी पर मूसल से ताबड़तोड़ वार कर दिए।सिर और चेहरे पर गंभीर चोट लगने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी की कुल छह बेटियां थीं, जिनमें से चार शादीशुदा हैं। रीवा एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल मूसल जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

रतलाम में मोड़...

रात में ही रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। पुलिस बल ने क्रेन की मदद से बस को सीधा कराया। पुलिस के मुताबिक किसी की हालत गंभीर नहीं है, हालांकि कुछ यात्रियों को फ्रैक्चर आया है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)

ईमेलः- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष/फेक्स क्रमांक. 07482.222051

निविदा सूचना

निविदा क्रमांक. 9 एवं 10/2026-27 भोपाल, दिनांक 29/04/2026

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

क्र.	टेंडर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु.राशि (रू.लाख में)	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB _533580	रायसेन	मरम्मत कार्य	रायसेन अंतर्गत गैरतगंज सब जेल एवं जी. टाईप आवास में मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.99	
2	2026_PWDRB _533582	रायसेन	मरम्मत कार्य	बरेली उपसंभाग अन्तर्गत विभिन्न मार्गो की पुलिया एवं किलोमीटर स्टोन का मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.99	
3	2026_PWDRB _533584	रायसेन	मरम्मत कार्य	सिलवानी उपसंभाग अन्तर्गत विभिन्न मार्गो की पुलिया एवं किलोमीटर स्टोन का मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.98	
4	2026_PWDRB _533585	रायसेन	मरम्मत कार्य	रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत विभिन्न मार्गो की पुलिया एवं किलोमीटर स्टोन का मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.98	
5	2026_PWDRB _533586	रायसेन	मरम्मत कार्य	बेगमगंज उपसंभाग अन्तर्गत विभिन्न मार्गो की पुलिया एवं किलोमीटर स्टोन का मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.96	
6	2026_PWDRB _533588	रायसेन	मरम्मत कार्य	औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत विभिन्न मार्गो की पुलिया एवं किलोमीटर स्टोन का मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.92	
						119.82	

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 18/09/2026, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन
संभाग रायसेन

जी - 18177/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय - परियोजना संचालक
मोरंड - गंजाल एवं होशंगाबाद बैराज, परियोजना प्रबंधन इकाई (पी.एम.यू)
सनावद, जिला खरगोन (म.प्र)

Telephone No. 07280-234608 E-mail-: ceispnvdasand @gmail.com

निविदा सूची क्र. : 13/2026-27 दिनांक-03.09.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::
(प्रथम आमंत्रण)

टेंडर की पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएँ MPPTCL की SOR रेट्स पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाइट https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है ।

स. क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत MPPTCL के जबलपुर के अनुमान के अनुसार (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अधि
1	शदीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना हेतु नवीन HT कनेक्शन को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए 132 KV MPPTCL के मौजूदा खिरकिया एवं हरदा उपकेन्द्रों में 02 नग 33 KV फीडर बे के निर्माण कार्य को टर्नकी आधार पर किया जाना हैं।	Rs. 84.44 लाख (रु. चौरासी लाख चौवालीस हजार मात्र (G.S.T) पृथक से	Rs 84,500/- (रु चौरासी हजार पांचसौ रुपये मात्र)	Rs.10000/- (रू. दस हजार रुपए मात्र)	लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत किसी भी श्रेणी के &"A" Class electrical contractor	06 माह (वर्षा काल सहित)

1. निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ तिथिः दिनांक 03.09.2026, सायं 17:30 बजे से 05.10.2026, सायं 17:30 बजे तक
2. निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथिः दिनांक 05.10.2026, सायं 17:30 बजे तक
3. धरोहर राशि एवं पूर्वअहर्ता दस्तावेज वेबसाइट पर खोले जाने की अनुमानित तिथिः दिनांक 07.10.2026, प्रातः 10:30 बजे के पश्चात

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाइट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किए जा सकते हैं।
निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए वेबसाइट https://mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(डी.आर.आकरे)
परियोजना संचालक
मोरंड गंजाल एवं होशंगाबाद बैराज
परियोजना प्रबंधन इकाई (पी.एम.यू)
सनावद, जिला खरगोन (म.प्र)

जी - 18169/26 स्वच्छता ही सेवा

आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

बेचना है

बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट टुकड़ों में उपलब्ध। सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित प्लॉट 75.5×54= 4077 वर्गफुट। सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)
02/09/26 to 05/10/26

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm अन्य साईज में @ Rs.40 sq.cm 1 अप्रैल 2025 से लागू बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

तुला — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

शब्द पहेली - 6338

■	1		2		■	3	4		5	■
6		■		■	7			■	8	9
	■	10				■	11	12	■	
13				■	■	14	■	15	16	
	■		■	17	18		19	■	20	
■	21		22	■		■	23	24		■
25		■	26	27			■		■	28
29		30	■		■	■	31			
	■	32	33	■	34				■	
35	36	■	37	38			■		39	
■	40				■	41				■

बाएँ से दाएँ
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6337 का हल

अ	ना	द	र	णी	य	■	प्र	क्षे	प	क
सं	ग	■	वे	■	कृ	पा	ण	■	र	म
वै	■	अ	दा	व	त	■	य	हां	■	जो
धा	रा	दा	र	■	■	अ	■	का	त	र
नि	■	व	■	प्र	क्षा	ल	न	■	म	■
क	म	त	र	ता	■	सा	ग	र	गा	मी
■	लि	■	स	र	मा	या	■	द	■	न
बे	का	बू	■	णा	■	■	व	न	वा	सी
क	■	आ	स	■	अ	द	र	क	■	लै
द	म	■	ब	हा	र	■	दा	■	ता	व
र	सा	त	ल	■	ज	ही	न	कु	श	ल

सूडोकु नवताल - 6348

★★★ मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6347 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

खबर संक्षेप

सोनालीका ने की 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री

नई दिल्ली। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अगस्त की अपनी अब तक की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2027 में अपनी जबरदस्त रफ्तार बनाए रखी है। कंपनी ने होशियारपुर, पंजाब स्थित में अपने दुनिया के नंबर 1 ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में अब तक की सर्वाधिक मासिक उत्पादन 18,067 ट्रैक्टर भी दर्ज किया है।

ई-बाइकगो खोलेगी 50 इंटीग्रेटेड साइकिल स्टोर

नई दिल्ली। ईबीजी ग्रुप की कंपनी ई-बाइकगो ने भारत में साइकिल और इलेक्ट्रिक साइकिल मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए अगले 12 महीनों में देशभर में 50 इंटीग्रेटेड साइकिल स्टोर शुरू करने की योजना बनाई है। कंपनी का यह कदम संगठित साइकिल मोबिलिटी रिटेल और सर्विस क्षेत्र में उसके विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

जीआईएस सॉफ्टवेयर 'जियोसारल' लांच

नई दिल्ली। भारत में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर, लोकेशन इंटेलिजेंस और मैपिंग सॉल्यूशंस के क्षेत्र में बाजार की अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने जियोसारल नाम से एक लाइनक्स आधारित डेस्कटॉप जीआईएस सॉफ्टवेयर लांज करने की आज घोषणा की। जियोसारल एसरी इंडिया टीम द्वारा इसस सतत ध्यान और प्रयासों का परिणाम है।

एस्कॉर्ट्स का डार्क एडिशन व प्रोमैक्स 2.0 रेंज पेश

फरीदाबाद। एग्री-मशीनरी और कंस्ट्रक्शन उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने अपने फार्मट्रैक ब्रांड के भारत में 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दो नए प्रोडक्ट पेश किए हैं। कंपनी ने 6055 क्लासिक 'डार्क एडिशन' लांच किया है, जो फार्मट्रैक पोर्टफोलियो का पहला ऑल-ब्लैक ट्रैक्टर है। 55 एचपी श्रेणी का यह मॉडल 2डब्ल्यूडी और 4डब्ल्यूडी दोनों विकल्पों में उपलब्ध होगा।

मोटोवर्स 2026 का काउंटडाउन हुआ शुरू

नई दिल्ली। रॉयल एनफील्ड ने बड़े मोटो-कल्चर आयोजन, मोटोवर्स 2026 के लिए कलाकारों की पहली लाईन-अप की घोषणा कर दी। इन कलाकारों में भारत की सबसे प्रतिष्ठित और दिग्गज हस्तियां शामिल हैं। रॉयल एनफील्ड के 125 साल पूरे होने के जश्न में मोटोवर्स 2026 में 27 से 29 नवंबर, यानी तीन दिनों तक वैगेटर, गोवा में म्यूजिक, मोटरसाईकल, आर्ट, स्पोर्ट और कल्चर का बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा।

टाटा प्ले बिंज शॉट्स पर क्लिप की एंट्री

मुंबई। टाटा प्ले बिंज नेमाइक्रो-ड्रामा कंटेंट को और व्यापक बनाते हुए क्लिप को अपने प्लेटफॉर्म पर शामिल किया है। क्लिप एक माइक्रो-ड्रामा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है, जिसे विकी बहरी और निर्माता-अभिनेता हरमन बावेजा ने शुरू किया है। क्लिप पर करीब 60 नाटक और 3,000 से अधिक सीरियल उपलब्ध हैं, जो खासतौर पर हिंदी में 6,000 मिनट से अधिक मनोरंजन प्रदान करते हैं। टाटा प्ले बिंज शॉट्स के दर्शकों को प्रेम, ड्रामा, थ्रिलर, रहस्य, हास्य और फैंटेसी जैसी विभिन्न शैलियों की माइक्रो-ड्रामा कहानियां एक ही प्लेटफॉर्म पर देखने को मिलेंगी।

1.60 लाख से अधिक सीजनल रोजगार उपलब्ध

मुंबई। अमेजन इंडिया ने देशभर में अपने ऑपरेशंस नेटवर्क के लिए 1.60 लाख से अधिक सीजनल रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। इनमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के काम शामिल हैं। ये अवसर देश के 400 से अधिक शहरों में उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें महानगरों के साथ टियर-2 और टियर-3 शहर भी शामिल हैं। अमेजन के वाइस प्रेसिडेंट, अफ्रीका एवं तुर्किए अभिनव सिंह ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य इस त्योहारी सीजन में देश के हर पिनकोड तक तेज और भरोसेमंद डिलीवरी पहुंचाना है।

जीसीसी, एआई सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक कंपनियों के सीईओ को भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में निवेश के लिए आमंत्रित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न्यूयॉर्क में कई वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक कर उन्हें भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में निवेश के लिए आमंत्रित किया। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी जानकारी के मुताबिक, बैठकों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय सेवाओं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), जोखिम प्रबंधन और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई।

टिलमैन होल्डिंग्स के चेयरमैन एवं सीईओ संजीव आहूजा के साथ बैठक में वित्त मंत्री ने भारत की नीतिगत व्यवस्था और हालिया बजट घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल सेवाओं और एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी के तेजी से विस्तार का जिक्र किया।

मार्श री कंपनी ने भारत में कारोबार बढ़ाने की जताई इच्छा

न्यूयॉर्क में कई वैश्विक कंपनियों के अधिकारियों से चर्चा करतीं निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री ने मार्श री के सीईओ डीन क्लिसुरा और कंपनी की रणनीति एवं कॉरपोरेट डेवलपमेंट प्रमुख देवांशु ध्यानी के साथ भी बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक प्रोफेशनल सर्विसेज और रिस्क मैनेजमेंट कंपनियों को बड़ा घरेलू बाजार, कुशल प्रतिभा, तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत डिजिटल क्षमताएं उपलब्ध कराता है। मार्श री की टीम ने भारत सरकार के सुधार-केंद्रित दृष्टिकोण की सराहना करते हुए देश में अपनी मौजूदगी और कारोबार का विस्तार करने की इच्छा जताई। कंपनी ने भारत को समान अवसर वाला बाजार बताते हुए आईआरडीएआई जैसे मजबूत नियामकीय ढांचे का भी उल्लेख किया।

बीएनवाई मेलन ने भारत को बताया रणनीतिक बाजार

वित्त मंत्री की बीएनवाई मेलन के ग्रुप सीओओ एलेजांद्रो पेरेज के साथ बैठक में भारत की मजबूत आर्थिक विकास यात्रा और वैश्विक वित्तीय संस्थानों के लिए देश में बढ़ते निवेश अवसरों पर चर्चा हुई। पेरेज ने भारत के प्रति बीएनवाई मेलन की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि भारत कंपनी की वैश्विक गतिविधियों और विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण बाजार बन चुका है। उन्होंने आईआईटी सहित प्रमुख भारतीय संस्थानों के साथ कंपनी की साझेदारी का भी उल्लेख किया।

लड्डू गोपाल के श्रृंगार की रही धूम, भोपाल समेत देशभर 35 हजार करोड़ से अधिक का व्यापार

भोपाल में 20 करोड़ का कारोबार, दूध-दही से लेकर मिठाई और पूजन सामग्री की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव से राजधानी भोपाल सहित देशभर के बाजार गुलजार रहे हैं। बाजारों में जन्माष्टमी को लेकर खरीदारी का उत्साह चरम पर नजर आया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से जुड़ी सामग्री की मांग बढ़ने से कारोबारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बाजार विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर देशभर के बाजारों में 35 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ। जबकि विशेषज्ञ भोपाल में पूजा सामग्री, मिठाई, फल और विशेष रूप से डेयरी उत्पादों (दूध, दही, माखन, पनीर) का 20 करोड़ रुपए से अधिक के व्यापार होना बताया।

माखन-मिश्री, दही और पनीर की बढ़ी बिक्री

जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय माने जाने वाले माखन-मिश्री और दही की मांग में खासा इजाफा देखने को मिला। घरों और मंदिरों में भोग लगाने के लिए लोग दूध और डेयरी उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं। पनीर समेत अन्य डेयरी उत्पादों की बिक्री में भी तेजी रही। जन्माष्टमी के बाजार में लड्डू गोपाल की मूर्तियां, मुकुट, बांसुरी, मोरपंख और विशेष पोशाकें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। दुकानों पर कान्हा की पोशाकों की अलग-अलग डिजाइन और रंगों में बड़ी रेंज उपलब्ध रही। बच्चों के लिए कृष्ण की पोशाकों की भी अच्छी मांग रही।

फूल-मालाएं सजावटी सामान और कान्हा के झूलों की हुई खरीदारी

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के लिए घरों और मंदिरों की सजावट को लेकर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। पूजन सामग्री, फूल-मालाएं, सजावटी सामान और कान्हा के झूलों की मांग बढ़ी। आकर्षक डिजाइन वाले झूले और पालने लोगों की पसंद बने। उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी के चलते शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। बाजारों में धार्मिक आस्था के साथ खरीदारी का उत्साह भी दिखाई दिया। बाजारों की यह रौनक त्योहारी सीजन की मजबूत शुरुआत का संकेत दे रही है।

मखाना राजगीरा, सेंधा नमक और सूखे मेवे की खरीदारी

जन्माष्टमी पर व्रत रखने वाले श्रद्धालु साबूदाना, सिंघाड़े का आटा, मखाना, राजगीरा, सेंधा नमक और सूखे मेवे की खरीदारी की। वहीं पूजा के लिए फूल, माला, तुलसी, पंचामृत सामग्री, धूप, दीप, कपूर और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। वहीं फलाहार के लिए केला, सेब, अंगूर, अनार सहित अन्य फलों की खरीदारी हुई है। पूजा सामग्री की दुकानों पर रोली, अक्षत, चंदन, धूप, अगरबत्ती, कपूर, कलावा, गंगाजल, फूल-माला, तुलसी दल और पंचामृत की सामग्री की बिक्री हुई है।

प्याज के भाव ने निकाले आंसू!

जमाखोरी और कालाबाजारी : खुदरा भाव 50-60 रुपए किलो तक पहुंचे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



आम आदमी की रसोई में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली सब्जियों में शामिल प्याज के दाम एक बार फिर लोगों को रुलाने लगे हैं। हाट बाजारों से लेकर खुदरा दुकानों तक प्याज की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। कई बाजारों में प्याज 50 से 60 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, जबकि कुछ इलाकों में अच्छी गुणवत्ता का प्याज 70 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि बारिश और नमी के चलते भंडारण में रखा काफी प्याज खराब हो गया है।

प्याज के सड़ने से बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाले प्याज की उपलब्धता कम हुई है। इसका सीधा असर कीमतों पर पड़ा है। जानकारों के अनुसार कीमतों में अचानक आए उछाल के पीछे केवल सप्लाई में कमी ही नहीं, बल्कि बिचौलियों की सक्रियता, जमाखोरी और कालाबाजारी को भी एक वजह माना जा रहा है।

निगरानी और कार्रवाई की जरूरत

बाजार में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए आवक, भंडारण और खुदरा बिक्री की निगरानी जरूरी मानी जा रही है। जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायतों की जांच कर कार्रवाई होने से बाजार में अनावश्यक तेजी पर अंकुश लगाया जा सकता है। प्याज के बढ़ते भाव ने घरेलू बजट पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। रोजमर्रा के भोजन में इस्तेमाल होने वाली इस जरूरी सब्जी की कीमत बढ़ने से आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है।

डुओलिंगो भाषा सीखने का लोकप्रिय मंच

एयरटेल के 37.6 करोड़ ग्राहकों को डुओलिंगो देगा सुपर सब्सक्रिप्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोबाइल लर्निंग प्लेटफॉर्म डुओलिंगो ने भारती एयरटेल के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत एयरटेल के 37.6 करोड़ ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के 12 महीने तक सुपर डुओलिंगो का लाभ मिलेगा। डुओलिंगो दुनिया का सबसे लोकप्रिय भाषा सीखने का प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य दुनिया की बेहतरीन शिक्षा विकसित करना और उसे सभी के लिए सुलभ बनाना है। इसका भाषा सीखने वाला एप 40 से अधिक भाषाओं में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है। छोटे-छोटे पाठों, गेमिफिकेशन, व्यक्तिगत सीखने और एआई-संचालित सुविधाओं के माध्यम से यह भाषा सीखने को रोचक, सुलभ और प्रभावी बनाता है। डुओलिंगो पर उपयोगकर्ता शतरंज, गणित और संगीत भी सीख सकते हैं।

द टीचर एप के 3 लाख उपयोगकर्ता पूरे

एयरटेल फाउंडेशन ने अपने डिजिटल शिक्षक-विकास प्लेटफॉर्म द टीचर एप के देशभर में करीब 3 लाख उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने की घोषणा की है। आजीवन निःशुल्क उपलब्ध यह प्लेटफॉर्म शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल संसाधनों और एआई आधारित उपकरणों से जोड़ने का काम कर रहा है। द टीचर एप पर 4,000 से अधिक घंटे की सीखने की सामग्री और 45 से अधिक एआई-संचालित शिक्षण उपकरण उपलब्ध हैं। प्लेटफॉर्म सरकारी और संस्थागत साझेदारियों के माध्यम से 36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में शिक्षक-विकास को बढ़ावा दे रहा है।

सीआईआई के समिट में आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने कहा

एनबीएफसी-एचएफसी के विकास में टेक्नोलॉजी और भरोसा अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज वृद्धि, जनसांख्यिकीय लाभांश, शहरीकरण और डिजिटल परिवर्तन सेएनबीएफसी-एचएफसीके सामने विकास के बड़े अवसर मौजूद हैं। आने वाले समय में इस क्षेत्र की प्रगति को तकनीक और ग्राहक भरोसा मिलकर आकार देंगे।

यह बात भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एसएसआई मुर्मू ने 7वें सीआईआई एनबीएफसी और एचएफसी समिट में कही। एनबीएफसी-एचएफसी अब विकास की कहानी के हाशिए पर नहीं हैं। वे अंतिम छोर तक ऋण पहुंचाने, वंचित वर्गों की जरूरतें पूरी करने और देशभर में ऋण वितरण में नवाचार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनबीएफसी का ऋण भार नाममात्र जीडीपी करीब 16.7 प्रतिशत हो गया है, जो एक साल पहले 15.9 प्रतिशत था। वही व्यावसायिक वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल कर्ज में एनबीएफसी की हिस्सेदारी करीब 27 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो एक साल पहले 26 प्रतिशत थी।

आरबीआई के मुख्य डिप्टी गवर्नर ने नए विकास चरण में एनबीएफसी के लिए तीन क्षेत्रों को महत्वपूर्ण बताया- वित्तीय समावेशन और अंतिम चरण तक पहुंच, क्षेत्र-विशेष विशेषज्ञता और पोर्टफोलियो के डिजाइन और वितरण में नवाचार।

एनबीएफसी का ऋण भार नाममात्र जीडीपी करीब 16.7 फीसदी हुआ

सीआईआई का 7वां समिट

'टेक्नोलॉजी से आगे न निकल जाए ग्राहक सुरक्षा'

आरबीआई डिप्टी गवर्नर ने कहा कि ग्राहक भरोसा टिकाऊ कारोबार की बुनियाद है। ऐसे में नवाचार की गति इतनी तेज नहीं होनी चाहिए कि कमजोर और संवेदनशील ग्राहकों की सुरक्षा पीछे छूट जाए। एनबीएफसी के लिए स्केल-आधारित विनियमन के तहत आधार के आकार, जोखिम और जोखिम प्रोफाइल के आधार पर अनुपातिक नियम लागू किए गए हैं। सीआईआई राष्ट्रीय समिति के सह-अध्यक्ष एवं श्रीराम फाइनेंस के एक्जीक्यूटिवा वाइस वेटलिफ्टर ने 'स्केल विद क्वालिटी' और स्थिरता संरचना संरचना को अन्यत्र विकसित करने पर जोर दिया। आदित्य बिड़ला कैपिटल के एकांतिक निदेशक एवं सीईओ (एनबीएफसी) राकेश सिंह ने बैंकों, एनबीएफसी, एचएफसी, फिनटेक कंपनियों, अकाउंट एग्रीगेटर्स, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों के बीच निरंतर सहयोग को मजबूत और समग्र क्रेडिट सिस्टम के लिए जरूरी बताया।

एफकॉम ने किया चार 777-8एफ फ्रेटर विमानों का अधिग्रहण

चेन्नई। एफकॉम होल्डिंग्स लिमिटेड ने द बोइंग कंपनी के साथ अधिकतम चार बोइंग 777-8एफ फ्रेटर मालवाहक विमानों के अधिग्रहण के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रस्तावित विमानों का बेड़े में शामिल होना एफकॉम के बेड़े के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय विकास रणनीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे लंबी दूरी की एयर कार्गो सेवाओं और प्रमुख व्यापारिक मार्गों पर अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी के लिए कंपनी की क्षमताएं और मजबूत होंगी। यह एफकॉम के विज़न और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बोइंग 777 वाइड-बॉडी फ्रेटर विमानों की क्षमता एफकॉम के मौजूदा बी737-800 फ्रेटर विमानों की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक है।

बिजनेस न्यूज

एलएन मेडिकल कॉलेज-जेके हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

भोपाल। एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जेके हॉस्पिटल की ओर से आनंद आश्रम, शिवाजी नगर स्थित वृद्ध आश्रम में वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. एके चौधरी एवं इंद्रजीत जग्गी के नेतृत्व में किया गया। शिविर में डॉ. राहुल अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, नेत्र विभाग के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने वरिष्ठजनों की आंखों की जांच की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान कुल 25 वरिष्ठजनों की स्वास्थ्य एवं रक्त संबंधी जांच भी की गई। नेत्र परीक्षण के दौरान 12 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को आगे की आवश्यक जांच, उपचार और ऑपरेशन के लिए जेके हॉस्पिटल आने की सलाह दी गई। जिन वरिष्ठजनों को दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी दी गई।

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में आईपीआर और इनोवेशन पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव

भोपाल। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के आईपीआर सेल और मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी) के संयुक्त सहयोग से इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स आइडियाज टू इंपैक्ट इन एआई एरा विषय पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शोधकर्ताओं, फैकल्टी सदस्यों और उद्यमियों के बीच बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नए विचारों को मूल्यवान संपत्ति में बदलने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसा इनोवेशन इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है, जहां छात्र और फैकल्टी नए शोध के साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज को सुरक्षित और पेटेंट कराने में भी सक्षम बनें। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने इनोवेशन कल्चर को मजबूत करने वाली पहल की सराहना की। वहीं कॉन्क्लेव की कन्वेनर डॉ. शिव मंजरी गोपालिया ने शोध परिणामों की सही समय पर सुरक्षा को जरूरी बताया। प्रो. अभिषेक रावत ने डिजाइन बनाम पेटेंट विषय पर जानकारी देते हुए सही बौद्धिक संपदा सुरक्षा रणनीति चुनने के बारे में मार्गदर्शन दिया।

बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए मदद को उठे हाथ

भोपाल। बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने और प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्व्यवस्था के कार्यों में सहयोग के उद्देश्य से बिरला कॉरपोरेट लिमिटेड (बीसीएल) के सीएसआर विभाग की ओर से राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस पहल के तहत जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने के साथ-साथ बाढ़ के बाद साफ-सफाई और पुनर्व्यवस्था के लिए जरूरी उपकरण भी उपलब्ध कराए गए। राहत अभियान के तहत 300 बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए सूखी खाद्य सामग्री और पेयजल की बोतलों की व्यवस्था की गई।

एचवाईबीई की 8 शहरों में टैलेंट की तलाश

भोपाल। एचवाईबीई इंडिया ने ऑडिशन की अगली कड़ी एचवाईबीई इंडिया ऑडिशन- फाइनल कॉल' का ऐलान किया है। पहले राउंड को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद अब कंपनी देश के 8 और शहरों में पहुंचकर नए कलाकारों की तलाश करेगी। एचवाईबीई इंडिया के अनुसार, ऑडिशन को देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। भारत के 28 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों से प्रतिभागियों ने आवेदन किया। इसके अलावा दुनिया के अलग-अलग देशों में रहने वाले भारतीयों ने भी ऑडिशन में हिस्सा लिया। अब तक 116 देशों के करीब 1,650 शहरों से आवेदन प्राप्त हुए हैं।

किआ ने की रिकॉर्ड बिक्री, 29,042 वाहन डिस्पैच

नई दिल्ली। किआ इंडिया ने अगस्त 2026 में अपनी अब तक की सबसे अधिक अगस्त थोक बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने महीने में 29,042 यूनिट डिस्पैच कीं, जबकि अगस्त 2025 में यह आंकड़ा 19,608 यूनिट था। इस तरह कंपनी की थोक बिक्री में सालाना आधार पर 48.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। किआ इंडिया की जनवरी से अगस्त 2026 तक कुल थोक बिक्री 2,20,991 यूनिट रही। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 1,83,882 यूनिट बेची थीं। इस आधार पर कंपनी की साल-दर-साल बिक्री में 20.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

एम्वे ने आयुर्वेद में बढ़ाया कदम, 9 नए उत्पाद लांच

नई दिल्ली । हेल्थ और वेलनेस कंपनी एम्वे इंडिया ने आयुर्वेद के क्षेत्र में अपने विस्तार की घोषणा करते हुए न्यूट्रिलाइट आयुर्वेद के तहत नौ नए उत्पाद पेश किए हैं। कंपनी ने इस श्रेणी को अगले दो वर्षों में 100 करोड़ रुपए का कारोबार बनाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के अनुसार, यह पहल 'विकसित भारत 2047' और 'मेक इन इंडिया' की दिशा से जुड़ी है। एम्वे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा कि आयुर्वेद देश में लोगों की रोजमर्रा की सेहत और वेलनेस का हिस्सा बन रहा है। कालमेघ की एमआरपी 449 रुपए, शिग्रु की 651 रुपए और वृक्षाम्ल की 449 रुपए रखी गई है।

स्कैपिया एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड लांच

मुंबई। एक्सिस बैंक और भारत की प्रमुख यात्रा फिनटेक कंपनी, स्कैपिया ने स्कैपिया एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड लांच किया। यह कार्ड भारत की उस नई पीढ़ी के यात्रियों के लिए तैयार गया है, जो हर खर्च को अपनी अगली यात्रा की दिशा में एक कदम मानते हैं। यह कार्ड भुगतान, रिवॉर्ड और यात्रा से जुड़ी सुविधा एक ही ऐप पर पेश करता है, यात्रा के लिए बुकिंग कर सकते हैं और रिवॉर्ड रिडीम कर सकते हैं।

नासा विजिट के लिए चयनित छात्र

विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल बोले-सपने के सच होने जैसा

आयशा, जयप्रकाश पांडेय, गौरांगिनी और शुभ जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिटश्योर ओलिंपियाड के माध्यम से नासा विजिट के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। इस विशेष उपलब्धि के बाद आयशा, जयप्रकाश पांडेय, गोरांगिनी और शुभ जैन ने नासा जाने को अपने लिए बेहद खास और यादगार अवसर बताया है। नासा विजिट के लिए चयनित आयशा ने कहा कि अंतरिक्ष और उससे जुड़ी नई चीजों को जानने की उन्हें हमेशा से जिज्ञासा रही है।

उन्होंने कहा कि नासा जाकर रॉकेट, स्पेस मिशन और अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया को करीब से देखना उनके लिए बेहद रोमांचक अनुभव होगा। वह इस यात्रा के दौरान नई चीजें सीखने और ऐसी यादें संजोने के लिए उत्साहित हैं, जिन्हें वह जीवनभर अपने साथ रख सकेंगी। वहीं जयप्रकाश पांडेय ने इस चयन को अपने लिए गर्व का पल बताया। उन्होंने कहा कि नासा जैसी जगह पर जाकर अंतरिक्ष विज्ञान को करीब से समझना और वहां की तकनीक व सुविधाओं को प्रत्यक्ष देखना उनके लिए शानदार अनुभव होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह यात्रा उन्हें बहुत कुछ नया सीखने का अवसर देगी और उनके लिए हमेशा यादगार रहेगी। गोरांगिनी ने कहा कि नासा को अब तक उन्होंने किताबों और वीडियो के माध्यम से ही जाना और समझा है। ऐसे में वहां जाकर रॉकेट और अंतरिक्ष से जुड़ी चीजों को प्रत्यक्ष देखने का मौका उनके लिए बेहद रोमांचक है।

चिंतन

अब अंतरिक्ष से दुनिया पर भारत की नजर

अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत अब केवल उपग्रहों की संख्या या प्रक्षेपण की सफलता तक सीमित नहीं रह गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नई उपलब्धि इस बात का संकेत है कि भारत पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने, समझने और उसके आधार पर त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-05 का सफल प्रक्षेपण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईओएस-05 की सबसे बड़ी विशेषता इसका भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होना है। पृथ्वी से करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर ऐसी कक्षा में उपग्रह की तैनाती भारत को एक अलग तरह की निगरानी और अवलोकन क्षमता देगी। निचली पृथ्वी कक्षा में घूमने वाले उपग्रहों की अपनी उपयोगिता है, लेकिन भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित उपग्रह लगातार एक बड़े भूभाग पर नजर रखने में अधिक सक्षम होते हैं। यही कारण है कि इस मिशन को कृषि, मौसम, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय स्तर की अनेक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वास्तविक समय के करीब तस्वीरें उपलब्ध कराने की क्षमता इस उपग्रह को और उपयोगी बनाती है। आज जब मौसम में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात और जंगलों की आग जैसी आपदाएं अचानक बड़े क्षेत्रों को प्रभावित कर रही हैं, तब जमीन से मिलने वाली सूचनाओं के साथ अंतरिक्ष से मिलने वाला दृश्य आंकड़ा प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकता है। किसी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सड़क और पुल की स्थिति जानना हो, फसल के नुकसान का आकलन करना हो या किसी आपदा के बाद राहत कार्यों की प्राथमिकता तय करनी हो, उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें निर्णय प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं। कृषि के क्षेत्र में भी इसकी उपयोगिता दूरगामी हो सकती है। फसलों की स्थिति, भूमि के उपयोग में बदलाव, सिंचाई से जुड़े क्षेत्र और प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी जैसी गतिविधियों में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह पहले से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मिशन का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारत की प्रक्षेपण क्षमता है। जीएसएलवी के जरिए 2,367 किलोग्राम वजनी उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित करना इस प्रक्षेपण यान की क्षमता में हुई प्रगति को दर्शाता है। कभी 1,536 किलोग्राम के पेलोड से शुरू हुआ यह सफर अब कहीं अधिक भारी उपग्रह को अंतरिक्ष तक पहुंचाने में सक्षम हुआ है। हालांकि इस उपलब्धि के साथ एक सावधानी भी जरूरी है। अंतरिक्ष से प्राप्त आंकड़ों की उपयोगिता तभी पूरी तरह सामने आएगी, जब उन्हें जमीन पर काम करने वाली व्यवस्थाओं से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए। उपग्रह तस्वीरें उपलब्ध करा सकता है, लेकिन उनका विश्लेषण, संबंधित विभागों तक समय पर पहुंच और उसके आधार पर त्वरित कार्रवाई उतनी ही महत्वपूर्ण है। तकनीक तभी जनहित का माध्यम बनती है जब उसका अंतिम लाभ आम नागरिक तक पहुंचे। इसरो ने ईओएस-05 को टोही उपग्रह बताए जाने की अटकलों को खारिज किया है। इसलिए इसके घोषित वैज्ञानिक और नागरिक उपयोगों को ही इसके मूल्यांकन का आधार बनाया जाना चाहिए। ईओएस-05 की नौ वर्ष की कार्य अवधि के दौरान इससे मिलने वाले आंकड़े मौसम से लेकर खेती और आपदा प्रबंधन तक अनेक क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मिशन की असली सफलता तब मानी जाएगी, जब अंतरिक्ष में स्थापित यह 'आंख' जमीन पर करोड़ों भारतीयों के जीवन को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर बनाने में मदद करे।

मुद्दा
कुलदीप सिंह भाटी

भविष्य की जरूरत है जलवायु मुआवजा

नेपाल में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ का कारण प्रारंभ में ग्लेशियर झील के फटने को बताया गया था। भू-विज्ञान की भाषा में इसे ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है। बाद के शोध और अनुसंधान से यह स्पष्ट हुआ कि रसुवा के लांगटांग लिरुंग इलाके में लगभग 5200 मीटर की ऊंचाई से बर्फ, चट्टान और मलबे का बड़ा हिस्सा लेंडे नदी में गिरा। अतः यह शक्तिशाली बाढ़ किसी भूकंप या झील के फटने से नहीं, बल्कि लेंडे नदी में बर्फ और चट्टानों के गिरने से उत्पन्न मलबे के कारण हुई, जो भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों के रास्ते नीचे की ओर बहती चली गई। इस विनाशकारी बाढ़ से नेपाल में जान-माल का भारी नुकसान हुआ। इस भारी नुकसान के बीच नेपाल की क्लाइमेट कंपनसेशन (जलवायु मुआवजा) की मांग ने एक नई बहस छेड़ दी है। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा कि नेपाल ऐसे संकट की कीमत चुका रहा है, जिसे उसने पैदा ही नहीं किया। इस आपदा के बाद विश्व समुदाय से मिल रही आर्थिक सहायता को दान के रूप में नहीं, बल्कि क्षतिपूर्ति के मुआवजे के रूप में दिया जाना चाहिए। नेपाल, जिसका ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में विकसित और विकासशील देशों की तुलना में नगण्य योगदान है, उसे इसका सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। नेपाल ने सीधे अमेरिका, चीन और भारत से जलवायु मुआवजे की मांग की है।

इतिहास पर नजर डालें तो यह कोई नया मुद्दा नहीं है। इससे पहले 2022 में पाकिस्तान ने अपने देश में आई विनाशकारी बाढ़ के लिए परोक्ष रूप से जलवायु मुआवजे की मांग की थी। जून से अक्टूबर 2022 तक चली वह बाढ़ दक्षिण एशिया की सबसे विनाशकारी बाढ़ों में से एक थी। उसमें 1739 लोग मारे गए थे और लगभग 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आर्थिक क्षति हुई थी। इसी तरह समुद्र तल से निचले स्तर पर स्थित द्वीप-राष्ट्र वानुअतु ने भी अमेरिका जैसे प्रमुख जलवायु प्रदूषकों से बढ़ते समुद्र स्तर के अनुकूलन के लिए धन उपलब्ध कराने का आह्वान किया था। संयुक्त राष्ट्र में दायर याचिका में वानुअतु के अधिकारियों ने लिखा था कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में अपने नगण्य योगदान के बावजूद वानुअतु जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहा है। वानुअतु ने इसे कानूनी क्षतिपूर्ति के प्रश्न के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखा था। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रकृति में हो रहे बदलावों से उत्पन्न आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक आपदा' कहकर पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। इन आपदाओं के लिए प्रकृति में किए गए अनुचित हस्तक्षेप भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समान रूप से जिम्मेदार हैं। अंधाधुंध विकास के नाम पर ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन हो रहा है, जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है और विभिन्न क्षेत्रों की जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए पर्वतीय और द्वीप राष्ट्रों द्वारा ऐसी आपदाओं पर मुआवजा मांगना न केवल उनके अधिकारों की रक्षा है, बल्कि बड़े राष्ट्रों का नैतिक दायित्व भी है। नेपाल ने अपनी इस मांग को संयुक्त राष्ट्र महासभा की आगामी बैठक में वैश्विक स्तर पर उठाने की बात कही है। मुद्दा केवल इसके अंतरराष्ट्रीयकरण का नहीं, बल्कि नेपाल जैसे छोटे राष्ट्रों की वास्तविक चिंताओं का है। इन छोटे राष्ट्रों की बजट संबंधी सीमाएं होती हैं। तात्कालिक वैश्विक सहायता के

बावजूद ऐसी बड़ी आपदाएं पहले से संघर्षरत अर्थव्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। अवसंरचना और मानवीय बस्तियों के पुनर्वास में होने वाला पूंजीगत व्यय छोटे राष्ट्रों के लिए योजनागत रूप से बहुत महंगा पड़ता है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी आधारभूत योजनाओं पर दबाव बढ़ता है और लोक-कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। विश्व संस्थाएं चाहे संयुक्त राष्ट्र संघ हो या इसकी अनुषंगी इकाइयां, अक्सर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और विकसित राष्ट्रों के प्रभाव में रहती हैं। इसलिए उनके दिशा-निर्देशों पर विकसित राष्ट्रों के हितों का परोक्ष प्रभाव दिखाई पड़ता है। इसी कारण नेपाल जैसे देशों की चिंताओं और उनके उठाए गए मुद्दों पर पर्याप्त गंभीरता से विचार नहीं किए जाने की संभावना बनी रहती है। पर्यावरण सुरक्षा के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं और कार्यकर्ताओं के दबाव में यदि इनकी बात पर विचार भी किया जाता है, तो सकारात्मक परिणाम निकलने की संभावना दूर की कौड़ी लगती है। दूसरी ओर, छोटे देशों पर बड़े और विकसित राष्ट्रों का सामूहिक तथा अंतरराष्ट्रीय दबाव भी बना रहता है। इसलिए यह भी संभव है कि जिस आक्रोश में ये मांगें उठती हैं, बाद में उतनी ही शालीनता या विनम्रता से उन्हें पीछे भी हटा लिया जाए। शक्ति और भय के कारण भले ही ये मांगें जोर न पकड़ पाएं, लेकिन इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस प्रकार की आपदाएं केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानव-जनित और अव्यवस्थित विकास के दुष्परिणाम भी हैं। वर्तमान में इस प्रकार के मुआवजे के लिए वैश्विक स्तर पर कोई ठोस दिशा-निर्देश नहीं बनाए गए हैं। किंतु धीरे-धीरे बढ़ती इन मांगों को लंबे समय तक अनसुना नहीं किया जा सकेगा। अंततः यह केवल किसी देश विशेष के लिए प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकने का क्षतिपूर्ति बंधन ही नहीं, बल्कि एक आवश्यक नैतिक दायित्व भी है। इस प्रकार की मांग मानव के सुरक्षित जीवन जीने के आधारभूत अधिकारों को लेकर की गई एक पहल है। 2019 में मानवाधिकार परिषद के 42वें सत्र में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बाशेले ने चेतावनी दी थी कि वैश्विक तापमान वृद्धि के अनुमानित स्तर मानवाधिकारों के लिए 'विनाशकारी' जोखिम पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दायित्वों के तहत राज्यों को वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक रूप से सहयोग करना चाहिए, जिसमें उन देशों से पर्याप्त वित्तपोषण शामिल है, जो इसे वहन करने में सबसे अधिक सक्षम हैं। इसके लिए जलवायु परिवर्तन शमन, अनुकूलन और क्षति के निवारण की आवश्यकता है। यद्यपि नेपाल का दावा मुख्य रूप से इस आधार पर टिका है कि सबसे अधिक उत्सर्जन करने वाले प्रमुख देशों को ही भुगतान करना चाहिए, फिर भी देश को अनेक कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। हानि और क्षति के वित्तपोषण तथा कानूनी मुआवजे के बीच का अंतर भी महत्वपूर्ण हो जाता है। जलवायु परिवर्तन से होने वाले अपरिहार्य नुकसान से निपटने के लिए संवेदनशील देशों को तत्काल वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। इसलिए अब समय आ गया है कि जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गलत कार्य से नुकसान हुआ हो, वहां जिम्मेदारी तय करने के लिए कानूनी रास्ते भी उपलब्ध कराए जाएं। विश्व समुदाय को संयुक्त राष्ट्र आपदा कोष का विस्तार करना चाहिए और कमजोर राष्ट्रों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता को 'हानि और क्षति' भुगतान से आगे बढ़ाकर 'जलवायु क्षतिपूर्ति' के रूप में परिभाषित करने पर विचार करना चाहिए। तात्कालिक अंतरिम सहायता के साथ ही ऐसी आपदाओं पर मुआवजे के लिए समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मुआवजे की यथोचित मांगें फाइलों में दबकर न रह जाएं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नेपाल में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ का कारण प्रारंभ में ग्लेशियर झील के फटने को बताया गया था। भू-विज्ञान की भाषा में इसे ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है। बाद के शोध और अनुसंधान से यह स्पष्ट हुआ कि रसुवा के लांगटांग लिरुंग इलाके में लगभग 5200 मीटर की ऊंचाई से बर्फ, चट्टान और मलबे का बड़ा हिस्सा लेंडे नदी में गिरा। अतः यह शक्तिशाली बाढ़ किसी भूकंप या झील के फटने से नहीं, बल्कि लेंडे नदी में बर्फ और चट्टानों के गिरने से उत्पन्न मलबे के कारण हुई, जो भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों के रास्ते नीचे की ओर बहती चली गई। इस भारी नुकसान के बीच नेपाल की क्लाइमेट कंपनसेशन (जलवायु मुआवजा) की मांग ने एक नई बहस छेड़ दी है।

शिक्षक दिवस

अरविंद जयतिलक

राष्ट्र निर्माण के प्रतिनिधि हैं शिक्षक

आज गुरुओं के सम्मान का दिन है। 5 सितंबर को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय गणतंत्र के दूसरे राष्ट्रपति बने, तब उनके विद्यार्थियों ने उनका जन्मोत्सव मनाने का विचार किया, लेकिन उन्होंने इस अनुरोध को अस्वीकार कर सुझाव दिया कि अगर वे उनके जन्मोत्सव को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं तो ज्यादा खुशी होगी। तभी से इस दिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षण संस्थानों की परिधि तक ही सीमित नहीं है। समाज व राष्ट्र के गुणसूत्र को बदलने की जिम्मेदारी भी उसके कंधे पर होती है। इसलिए कि वह राष्ट्रीय जनमानस का प्रतिनिधि होता है। उसके आदर्शवादी मूल्य और सारगर्भित विचारधारा समाज व देश के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। राधाकृष्णन एक उत्कृष्ट विद्वान, महान शिक्षाशास्त्री के अलावा कुशल वक्ता भी थे। अंग्रेजी और संस्कृत पर उन्हें असामान्य अधिकार था। भारत में सत्ता हस्तांतरित होने के गौरवशाली अवसर पर जो गिने-चुने महापुरुषों ने अपने विचार व्यक्त किए उनमें डॉ. राधाकृष्णन भी थे। उनकी विद्वता और ज्ञान सिर्फ कोरी शास्त्रीय नहीं थी, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारा भी। शिक्षा में महान योगदान को देखते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें 1954 में भारत रत्न की उपाधि से विभुषित किया। डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को मद्रास के निकट तिरुतानी में हुआ।

शिक्षा प्राप्ति के तदोपरांत डॉ. राधाकृष्णन सर्वप्रथम एक शिक्षक के रूप में मद्रास में लेक्चरर नियुक्त हुए। 1911 में वे मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में

असिस्टेंट प्रोफेसर और 1916 में प्रोफेसर बने। 1918 में वह मैसूर विश्वविद्यालय में चले गए और वहां 1921 तक रहे। 1926 और 1929-30 में ऑक्सफोर्ड के मानचेस्टर कालेज और 1926 में शिकागो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे। 1927 में भारतीय दर्शन परिषद के बंबई अधिवेशन के अध्यक्ष बने। सर आशुतोष मुखर्जी के निवेदन पर वे कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पद पर कार्य करना स्वीकार किया। वे वहां 1921 से 1931 तथा 1937 से 1941 तक अध्यापन कार्य किए। इसके बाद वे आंध्रप्रदेश विश्वविद्यालय में 1939 से 1948 तक उपकुलपति रहे। 1931 से 1941 तक राष्ट्रसंघ की बौद्धिक सहकारिता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय समिति के सदस्य रहे। बंगाल की रायल एशियाटिक सोसायटी के फैलो और भारतीय विश्वविद्यालय कमीशन के अध्यक्ष के पद की भी उन्होंने शोभा बढ़ाई। 1916 महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा बनारस में स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भी उन्होंने बतौर कुलपति अपनी भूमिका का गौरवपूर्ण निर्वहन किया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जब गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया उस दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिंसा लिया। अपने ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और चिंतन से भारतीय समाज और राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने के कारण ही शिक्षक यानी गुरुओं की तुलना ब्रह्मा, विष्णु व महेश से की गई है। गुरु अर्थात ज्ञान का वो प्रकाशपूंज जो शिष्य के अंधकार रूपी अज्ञान समाप्त करके उसे और सार्थक मनुष्य बनाता है। संत कबीर कहते हैं कि 'हरि रुठे गुरु ठौर हैं, गुरु रुठे नहीं ठौर'। अर्थात भगवान के रुठने पर तो गुरु की शरण रक्षा कर सकती है, लेकिन गुरु के रुठने पर कहीं भी शरण नहीं मिलेगी। शास्त्रों में गुरु को तीर्थ से भी बड़ा कहा गया है। तीर्थ गए तो एक फल, संत मिले फल चार, सद्गुरु मिले तो अनंत फल, कहे कबीर विचार। गुरु शिष्य का मार्गदर्शन कर उसके जीवन को ऊर्जा से भर देता है। लीलारस के रसिकों का दाता श्रीकृष्ण भी सद्गुरु ही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु रूप में शिष्य अर्जुन को संदेश दिया था कि 'सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज, अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्या माम शुचः। अर्थात सभी साधनों को छोड़कर केवल नारायण स्वरूप गुरु की शरणागत हो जाना चाहिए। वे उसके सभी पापों का नाश कर देंगे। भारतीय संस्कृति और सभ्यता में कहा गया है कि जिनके दर्शन मात्र से मन प्रसन्न होता है वह परमसत गुरु है। गुरु के बिना न आत्मदर्शन संभव है और न ही परमात्मा दर्शन। जप, तप, यज्ञ और ज्ञान में गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। किसी भी प्रकार की विद्या हो अथवा ज्ञान वह गुरु से ही प्राप्त होता है। सद्गुरु की महिमा अनंत और अपरंपार है। आज के आधुनिक युग में भी गुरु की महत्ता में तनिक भी कमी नहीं आयी है। एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आज भी गुरु का सानिध्य आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

भगवान शिव के अंशावतार हैं वीर हनुमान

संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

सटाका



आज की पाती

शिक्षक को अपनी भूमिका समझनी होगी

समाज में नैतिक मूल्यों का आए दिन क्षरण हो रहा है। पहले के मुकाबले आज परिस्थितियां बिल्कुल विपरीत हो चुकी हैं। वास्तव में मां-बाप अपने कर्तव्यों से विमुख होते जा रहे हैं और बच्चों की शिक्षा का दारोमदार शिक्षक के ऊपर छोड़ दिया है। फलस्वरूप बच्चों का भविष्य जहां गर्त में जा रहा है, वहीं शिक्षक भी इनके भविष्य के प्रति नाममात्र ध्यान देकर अपनी इतिश्री कर रहे हैं। जबकि शिक्षक को गुरु और भगवान के रूप में हमेशा देखा गया है। हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। विडंबना यह है कि शिक्षक को समाज आज वांछित इज्जत नहीं दे रहा है और न ही शिक्षक अपनी भूमिका को समझ पा रहा है।

- संजय खोखर, रोहतक

ट्रेंड

कांग्रेस की झूठ

जैसे ही राम मंदिर में एयर फोर्स के एक पूर्व अधिकारी की नियुक्ति हुई, कांग्रेस की झूठ फैलाने वाली मशीन तुरंत हरकत में आ गई। उनकी योग्यता, उनका काम नहीं दिखाया गया, उन्होंने इसमें विवाद ढूंढ ही लिया।

-**शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषिमंत्री

आदिवासी छात्रों की लड़ाई

नासिक और महाराष्ट्र के आदिवासी छात्रों की लड़ाई सिर्फ़ शिक्षा, रोजगार, हॉस्टल और भोजन के लिए नहीं है, यह उनके अस्तित्व और आदिवासी पहचान की लड़ाई भी है। इन बहादुर छात्रों से मिलकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाई और जीत हासिल की।

-**राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

जगदीश मित्तल को नमन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और 'राष्ट्रीय कवि संगम' के संस्थापक-अध्यक्ष जगदीश मित्तल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रीय चेतना के प्रति उनका समर्पण सभी को राष्ट्र-सेवा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

- **भजनलाल**, सीएम, राजस्थान

इसरो टीम को बधाई

इसरो का हर लॉन्च हमें गर्व से भर देता है। तकनीक के क्षेत्र में हासिल की गई हर नई कामयाबी भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मज़बूत करती है। ईओएस-05 को ले जाने वाले सफल जीएसएलवी-एफ17 मिशन के लिए इसरो की टीम को बहुत-बहुत बधाई।

- **स्मृति ईरानी**, पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

जॉर्डन को अमेरिकी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही

अमेरिकी सैनिकों की मेजबानी करने वाले जॉर्डन को ईरान के साथ जारी अमेरिका के युद्ध में वाशिंगटन के साथ करीबी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही है और ईरान उसके सैन्य ठिकानों को कई बार निशाना बना चुका है। विश्लेषकों का कहना है कि सैकड़ों ड्रोन एवं मिसाइल हमलों ने जॉर्डन पर पहले से मौजूद दबाव को और बढ़ाया है। उनका कहना है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त है और पड़ोसी वेस्ट बैंक में भी अस्थिरता बढ़ी है, जहां इजराइल ने फलस्तीनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। जॉर्डन में और हमलों के खतरे के बावजूद उसके नेताओं का कहना है कि वे अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जॉर्डन अमेरिकी अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंध मजबूत करने और संघर्ष से जूझ रहे पश्चिम एशिया में पश्चिमी देशों के लिए एक भरोसेमंद साझेदार बनने की दशकों से कोशिश करता रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के साथ यह गठजोड़ जॉर्डन को अपने पड़ोसी देशों को अस्थिर करने की ईरान की कोशिशों से बचाव का एक जरिया भी देता है। जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय ने ऐसे गठजोड़ की जरूरत को स्वीकार करते हुए पिछले साल कहा था कि कोविड-19 संकट, यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले और पश्चिम एशिया में इजराइल के कई सैन्य अभियानों से पैदा हुई अस्थिरता इस क्षेत्र से बहुत दूर तक भी अराजकता फैला सकती है।

ऑफ बीट

हिमालय से जुड़े खतरे होते जा रहे हैं जटिल

नेपाल में हाल में आई विनाशकारी बाढ़ का समय-क्रम अब धीरे-धीरे साफ हो रहा है। सुबह 8:37 बजे, उपकरणों ने नेपाल और चीन की सीमा के निकट कुछ हलचल दर्ज की, जिसे शुरुआत में भूकंप समझा गया। लेकिन सिर्फ सात मिनट बाद ही, सीसीटीवी कैमरों ने गीरोंग पोर्ट सीमा चौकी को मलबे के भारी बहाव और बाढ़ से तबाह होते हुए दर्ज किया। नेपाल के बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों को इस घटना की जानकारी सुबह लगभग 9:00 बजे मिली और उन्होंने सुबह लगभग 9:15 बजे एक आपातकालीन एसएमएस अलर्ट भेजा। लेकिन तब तक नेपाल एक बड़ी आपदा की चपेट में आ चुका था। कंपन दर्ज होने और आपातकालीन अलर्ट जारी होने के बीच 38 मिनट का अंतर ध्यान खींचने वाला है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि नेपाल के अधिकारी शुरुआती संकेत पर तुरंत कार्रवाई कर सकते थे: उस समय यह एक छोटा भूकंप लग रहा था, न कि पहाड़ों के धराशायी होने की कोई दुर्लभ घटना। इसके अलावा, बाढ़ इतनी तेजी से आई कि जल-स्तर मापने वाले सेंसर संभल ही नहीं सके; वे सामान्य जल-स्तर दर्ज करने के तुरंत बाद ही नष्ट हो गए। ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि एक बेहतर और एकीकृत चेतावनी प्रणाली होती, तो क्या भूकंप से जुड़े आंकड़ों, उपग्रह (सेटेलाइट) की तस्वीरों और अन्य जानकारियों को इतनी तेजी से जोड़कर देखा जा सकता था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

जम्मू

देशभर में रही 'राधे-राधे' और 'गोविंदा आला रे' की धूम, मंदिरों में भीड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई/मथुरा

मुंबई समेत देश के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। शहर के विभिन्न कृष्ण मंदिरों में सुबह की पूजा-अर्चना को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आरती तथा भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जहां 'गोविंदाओं' की कई उत्साही टोलियां सड़कों के कोनों पर काफी ऊंचाई पर लटकाए गए दही-दूध से भरे मटकों को तोड़ा। गिरगांव चौपाटी स्थित इस्कॉन मंदिर में 'मंगला आरती' के साथ अनुष्ठानों की शुरुआत की गई। श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही जयपुर के गोविंददेवजी सहित प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। चेन्नई के इस्कॉन मंदिर में भी शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। चेन्नई ईसीआर स्थित इस्कॉन मंदिर में उत्सव की शुरुआत 3 सितंबर को हुई, जिसमें श्रद्धालुओं, परिवारों, युवाओं और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया।

जन्माष्टमी पर देशभर में मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता

राजकोट। यहां भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और फूल बरसाए।

जम्मू। जम्मू के बाहरी इलाके में ड्रीम सिटी स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी समारोह में एक महिला भगवान कृष्ण की लोगों ने पूजा-अर्चना की। दर्शन लाभ लिया।

चेन्नई। यहां के इस्कॉन मंदिर में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लागा रहा। लोगों ने दर्शन किए। भारी भीड़ रही।

खबर संक्षेप

अब सिंगर बलजीत कमरे में मृत मिले

लुधियाना। पंजाबी सिंगर और राइटर बलजीत सिंह गुरुवार को लुधियाना के सुधार पट्टी धालीवाल गांव में अपने घर के अंदर मरे हुए पाए गए। बलजीत सिंह अपने घर पर अकेले रहते थे और उनके परिवार को कई दिनों से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। शुरुआती जांच से पता चलता है कि ये मर्डर हो सकता है।

उत्तम कुमार के नाम पर फिल्म केंद्र की नींव



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को न्यू टाउन इलाके में इको पार्क के पास उत्तम कुमार फिल्म केंद्र की आधारशिला रखी। यह महान अभिनेता उत्तम कुमार की जन्मशती के उपलक्ष्य में सालभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा है। राज्य सरकार ने इसके लिए 25 करोड़ रुपए आवंटित किए।

आंध्र प्रदेश बस में आग सभी 37 यात्री सुरक्षित

मिदतुरु। आंध्र प्रदेश में अनंतपुर जिले के मिदतुरु के निकट शुक्रवार तड़के एक बस में आग लग गई, लेकिन उसमें सवार सभी 37 लोग बच गए। बेंगलुरु से हैदराबाद जा रही निजी बस के पिछले हिस्से में आग लग गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीछे बैठे एक यात्री ने आग की लपटें देखीं और चालक को आगाह किया।

मान ने कर्मचारियों का डीए बढ़ाकर 60 फीसदी किया

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को राहत देते हुए डीए)को लेकर एक अहम घोषणा की है। मंत्री अमन अरोड़ा के एलान से हजारों कर्मचारियों के वेतन में सीधा इजाफा होगा। 17 जुलाई 2020 के बाद ड्यूटी जॉइन करने वाले सभी कर्मचारियों को अब 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

छात्र आंदोलन: जंतर मंतर में प्रदर्शन के दौरान नीशू के पिता से मारपीट का आरोप

विशेष प्लान के तहत आखिरकार दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्र भारद्वाज को बुलंदशहर से किया गिरफ्तार

पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन के बाहर शुक्रवार को दिनभर गहमागहमी रही

पुलिस को स्वतंत्र के बुलंदशहर में होने की इनपुट मिले थे। इसके बाद दिल्ली पुलिस की एक टीम ने उसे पकड़ने के लिए खास प्लान बनाया और सभी लोग सादे कपड़ों में पहुंचे और उसे दबोच लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ बुलंदशहर

दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रा नीशु आजाद के पिता से मारपीट करने वाले आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को बुलंदशहर से हिरासत में ले लिया है। पुलिस को उसके बुलंदशहर में होने की इनपुट मिले थे। इसके बाद दिल्ली पुलिस की एक टीम ने उसे पकड़ने के लिए खास प्लान बनाया और सभी लोग सादे कपड़ों में पहुंचे और उसे दबोच लिया। इससे पहले ये खबर भी आ रही थी कि स्वंत्रत भारद्वाज मौके से फरार हो गया है। उसके हेलमेट पहनकर बाइक से भागने की खबर आ रही थी। इससे पहले निशु आजाद के पिता के साथ मारपीट मामले में पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन के बाहर शुक्रवार को दिनभर गहमागहमी रही। पीड़िता निशु आजाद, उनके पिता संजय आजाद, आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद, सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास, आशुतोष रांका और वकील ऋषभ रंजन ने मीडिया से बात की और पुलिस से हुई बातचीत की जानकारी दी।

- इसके पहले आरोपी स्वतंत्र अपनी हेकड़ी और पहचान का दबदबा दिखाता रहा

सभी लोग सादे कपड़ों में पहुंचे और उसे दबोच लिया

आरोपी के समर्थक दे रहे थे धमकियां

मामले ने राजनीतिक मोड़ भी लिया, कई नेता 'रोटिया सेंकने' लगे

समर्थकों पर भी कार्रवाई की उम्मीद

सीजेपी कार्यकर्ता निशु ने कहा कि पिछले कई दिनों से आरोपी के समर्थक उन्हें गालियां दे रहे थे और रेप की धमकियां दे रहे थे। निशु ने कहा कि सच बताऊं तो इतने दिनों से जो लोग मुझे गालियां दे रहे थे और रेप की धमकियां दे रहे थे। मैंने उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। अब उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है और मुझे उम्मीद है कि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इन धमकियों की वजह से उनकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। मुझे घर से बाहर निकलने में भी शर्म आ रही थी। इस घटना की वजह से डर के चलते मैं दो-तीन हफ्ते कॉलेज नहीं गई। उम्मीद है कि पुलिस इसी तरह कार्रवाई भी करेगी।

स्वतंत्र का रहा ये दावा

मेरा कुछ नहीं बिगड़ सकता चाहे ट्रंप-नेतन्याहू ही आ जाएं

स्वतंत्र भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत में एक बार फिर बयान दिया है, जो चर्चा में है। स्वतंत्र ने खुद को पूरी तरह बेफिक्र बताया। भारद्वाज ने कहा कि राहुल गांधी या पूरा विपक्ष भी आ जाए, उनका बाल बांका नहीं हो सकता। उसने यह भी कहा कि हमारा जलवा है, ट्रंप और नेतन्याहू को बुलाने पर भी उसे कोई नुकसान नहीं होगा। पॉडकास्ट में दिए अपने बयान पर स्वतंत्र ने सफाई दी। उसने बताया कि 'कपिल मिश्रा और चिराग पासवान उनके भाइयों जैसे हैं', यह बात व्यंग्य में कही थी। स्वतंत्र ने प्रशासन का सहयोग करने का भी दावा किया।

निशु आजाद बोलीं

एफआईआर में जोड़ी जाएगी एससी-एसटी एक्ट की धारा पुलिस ने 72 घंटे में गिरफ्तारी का दिया था भरोसा

दिल्ली पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि स्वतंत्र को 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्वतंत्र पर जंतर-मंतर पर हुए एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सीजेपी निशु के पिता के साथ मारपीट करने का आरोप है। खुद को 'कट्टर हिंदू' बताने वाले स्वतंत्र को इस क्लिप में यह मानते हुए देखा गया कि उसने विरोध प्रदर्शन के दौरान निशु के पिता संजय कुमार का सिर फोड़ दिया था और गंभीर आरोप होने के बावजूद जेल से बच गया था।

पुलिस ने हमारी मांग मानीः पिता बोले

निशु के पिता संजय आजाद ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने एफआईआर में कानून की जरूरी धाराएं जोड़ने की हमारी मांग मान ली है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी को 72 घंटे में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हमें दिल्ली पुलिस और संविधान पर पूरा भरोसा है कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

सीजेपी ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस स्टेशन तक किया था मार्च

शुक्रवार को सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास, सह-संयोजक आशुतोष रांका और अन्य कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक से संसद मार्ग पुलिस स्टेशन तक मार्च किया था। प्रदर्शनकारियों ने भारद्वाज की गिरफ्तारी और मामले में उचित धाराएं जोड़ने की मांग की। सीजेपी का आरोप था कि हमले के मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज हो चुकी थी, लेकिन उसमें लगाई गई धाराएं अपेक्षाकृत हल्की थीं। संगठन ने पुलिस पर मामले को गंभीरता से लेने का दबाव बनाया। पुलिस स्टेशन के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कथित हमले को 'हत्या का प्रयास' बताया और एफआईआर में संबंधित धाराएं जोड़ने की मांग की थी।

युवाओं और छात्रों को डराया नहीं जा सकताः पप्पू यादव

पप्पू यादव ने कहा कि पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि युवाओं और छात्रों को डराया नहीं जा सकता। थाने के बाहर पप्पू यादव धरने पर बैठे नजर आए।

रांका ने अखिलेश से मुलाकात के बीच कबूल की राजनीति वाली बात

सीजेपी के नेता आशुतोष रांका ने राजनीतिक महात्वाकांक्षा की बात स्वीकार की है। लखनऊ में रांका-अखिलेश यादव की मुलाकात और कबूलनामे के बाद विधानसभा चुनाव को लेकर अटकलें हैं।

पुलिस भाजपा की कठपुतली न बनेः कांग्रेस

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अल्का लांबा ने कहा कि दिल्ली पुलिस को भाजपा के हाथों की कठपुतली नहीं बनना चाहिए। संविधान के अनुसार कानून और व्यवस्था संभालने का काम करना चाहिए।

5 माह तक हिरासत में रखने का मामला

आईएएस मेधा के वेतन से काटे जाएंगे 5 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ नोएडा

यहां के मजदूर आंदोलन से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले ने पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा और सामाजिक कार्यकर्ता आकृति चौधरी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी रासुका के तहत करीब 5 महीने तक हिरासत में रखा गया था। अब हाईकोर्ट ने उनकी हिरासत को ही रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आकृति को हिरासत में रखने के लिए पर्याप्त आधार सामने नहीं रखे गए। कोर्ट ने उन्हें 5 लाख मुआवजा देने का आदेश भी दिया है।

इस रकम को गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम के वेतन से वसूलने का निर्देश चर्चा में है। मेधा यूपी कैडर की 2014 बैच की आईएएस हैं। वह गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी के तौर पर काम कर रही हैं। उनके पिता ज्ञानेश कुमार हैं, जो भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त हैं।

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में अस्पताल के एनआईसीयू में आग

9 नवजातों को दूसरे अस्पतालों में ले जाया गया, कोई जनहानि नहीं

एशियन अस्पताल में थे भर्ती

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक निजी अस्पताल की नवजात गहन चिकित्सा इकाई में शुक्रवार तड़के आग लगने के बाद 9 नवजातों को दूसरे अस्पतालों में ले जाया गया। यह घटना जालना रोड पर स्थित एशियन अस्पताल में हुई। अस्पताल संचालक डॉ. शोएब हाशमी ने बताया जब कर्मचारियों ने एसी यूनिट से धुआं निकलते देखा, तब एनआईसीयू में नौ बच्चे थे जिन्हें गहन या खास मेडिकल देखभाल की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि यह एक छोटी सी घटना थी और कोई अनहोनी नहीं हुई। एहतियात के तौर पर, हमारी टीम ने बच्चों और पास के जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला। बाद में जनरल वार्ड के मरीजों को वापस ले आया गया। उन्होंने बताया कि परिवारों की सहमति से नवजातों को दूसरे अस्पतालों में भेजा गया।

फिर शुरू हुआ सामान्य कामकाज

उन्होंने कहा कि अस्पताल की टीम ने तुरंत कार्रवाई की और स्थिति को काबू में किया। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। अस्पताल में अब सामान्य रूप से कामकाज हो रहा है। संपर्क करने पर जवाहरनगर थाने के प्रभारी अधिकारी ने कहा कि हमें आग लगने की घटना की सूचना मिली थी। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और न ही किसी की मौत हुई।

उपराष्ट्रपति ने पंजाब विवि को दी सौगात

उन्नत उपकरण से विश्लेषण व अनुसंधान क्षमताएं बढ़ेंगी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को यहां पंजाब विश्वविद्यालय का दौरा किया और परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधा/ केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला में उन्नत उपकरण सुविधा का उद्घाटन किया। कुलाधिपति के रूप में राधाकृष्णन का पंजाब विश्वविद्यालय का यह पहला दौरा था। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष भी इस अवसर पर मौजूद थे।

एसएआईएफ/ सीआईएल में उन्नत उपकरण सुविधा से जीव , रसायन , भौतिक विज्ञान, इंजीनियरिंग और संबंधित क्षेत्रों में विवि की विश्लेषण एवं अनुसंधान क्षमताएं बढ़ेंगी। अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न प्रकार के अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।

इस साल जून से अगस्त तक देशभर चला 'आयोग' का अभियान

अब बाल मजदूरी से शोषण का शिकार नहीं होंगे 3 हजार बच्चे, एनसीपीसीआर ने दिलाई 'आजादी'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने देशभर से 3 हजार 800 से ज्यादा बच्चों को बाल मजदूरी से होने वाले उनके शोषण से हमेशा-हमेशा के लिए मुक्ति दिलाई है। 12 जून 2026 से 31 अगस्त 2026 तक आयोग ने एक विशेष अखिल भारतीय बचाव और पुनर्वास अभियान चलाया था। जिसके तहत उसे यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान एनसीपीसीआर ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर न केवल मासूम बच्चों के जीवन में पड़ी हुई बाल मजदूरी की बेड़ियों को तोड़ा है। बल्कि 575 से अधिक प्राथमिकियां यानी एफआरआई भी दर्ज कराई हैं।

यूं आगे बढ़ा अभियान

प्रक्रिया की शुरुआत में जून में एनसीपीसीआर ने बच्चों, तस्करी और शोषण के शिकार बच्चों की पहचान करके उनके बचाव और पुनर्वास के काम में तेजी लाने राज्यों की सरकारों के अलावा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया था, जिसमें स्थानीय प्रशासन, जिलाधिकारियों, श्रम विभागों, पुलिस अधिकारी व अन्य संबंधित पक्षों को शामिल किया गया। आयोग ने निर्देश दिए कि वे बाल मजदूरी और तस्करी वाले स्थानों पर गहन और लक्षित अभियान चलाएं।

जिला स्तरीय बैठकें, सोशल मीडिया का समावेश

मंत्रालय ने बताया कि अभियान के दौरान कार्यान्वयन की निगरानी करने, क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए एनसीपीसीआर ने जिला प्रशासन के साथ बैठकें की थी। जिनका उद्देश्य बचाव अभियानों की समीक्षा करना, परिचालन से जुड़ी दिक्कतों को दूर करना, समयबद्ध तरीके से कार्रवाई रिपोर्ट का जमा होना और तमाम विभागों, एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना था। इसके अलावा आयोग ने सोशल मीडिया, अन्य संचार माध्यमों के जरिए जागरूकता, जनसंपर्क अभियान भी चलाया, जिसके जरिए मौजूदा अभियान, बाल श्रम की रिपोर्टिंग करने, बचाव के बाद बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा से जोड़ने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, इसकी रोकथाम के बारे में भी मंथन किया।

डॉ. भागवत अमेरिका और कनाडा के बाद 3 देशों की यात्रा पर

100 से अधिक संगठनों ने किया स्वागत संघ को कहा विश्व का सबसे बड़ा संगठन

एजेंसी ▶▶ लंदन/ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 3 देशों के दौरे के अंतिम पड़ाव में गुरुवार को ब्रिटेन पहुंचे। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत अमेरिका और कनाडा के बाद इस यात्रा के दौरान वे सप्ताहांत में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। ब्रिटेन पहुंचने पर उन्हें कंजर्वेटिव पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और प्रवासी संगठनों का व्यापक समर्थन मिला। कंजर्वेटिव के 5 बार के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने भागवत की सराहना करते हुए एक्स पर लिखा कि आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत द्वारा संगठन के भविष्य को लेकर रखे गए विचारों और सोच को सुनकर बेहद खुशी हुई। 100 से ज्यादा सामुदायिक समूहों ने भागवत के समर्थन में संयुक्त बयान जारी किया। संगठनों ने आरएसएस को दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन करार दिया।

सांसद ब्लैकमैन और डॉ. भागवत

ब्रिटेन सरकार का रुख

किसी व्यक्तिगत मामले पर टिप्पणी नहीं करेंगे

डॉ. भागवत की यात्रा को लेकर ब्रिटिश संसद में विरोधियों की तरफ से सवाल उठाए गए थे। कुछ संगठनों ने ब्रिटिश सरकार से इस दौरे का विरोध करने और डॉ. भागवत के कार्यक्रमों को रोकने की मांग की थी। ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने स्पष्ट किया कि गृह विभाग किसी व्यक्तिगत मामले पर टिप्पणी नहीं करता, सरकार सुरक्षा पर सतर्क है।

जपते रहे 'हरे कृष्ण', जन्माष्टमी के दिन सुरक्षित निकले संजय और कबीर

नौ दिन तक सुरंग में कैद रही जिंदगी

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में त्रिशूली नदी में अचानक आई बाढ़ के नौ दिन बाद त्रिशूली 3ए जलविद्युत परियोजना की सुरंग से दो श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। नेपाल सेना के अनुसार, बचाए गए श्रमिकों की पहचान काठमांडू निवासी कबीर महार्जन (45) और सप्तरी जिले के रहने वाले संजय साह (30) के रूप में हुई है। महार्जन परियोजना में यांत्रिक पर्यवेक्षक और साह फोरमैन के रूप में काम कर रहे थे। महार्जन की हालत गंभीर बताई गई है और उन्हें हवाई मार्ग से काठमांडू ले जाया गया है, जबकि साह का नुवाकोट के त्रिशूली अस्पताल में इलाज चल रहा है।

1,282 की मौत | **4,798 से अधिक लापता** | **16 लाख लोग प्रभावित**

त्रिशूली 3ए जलविद्युत परियोजना की सुरंग से श्रमिक कबीर को सुरक्षित निकालते हुए

अंधेरे में 'हरि' नाम बना सहारा

इन नौ दिनों में उनके पास न रोशनी थी, न बाहर निकलने का रास्ता। ऐसे वक्त में संजय ने उम्मीद नहीं छोड़ी। वह लगातार 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप करते रहे। नेपाल के मधेश प्रांत के सप्तरी जिले के रहने वाले 30 वर्षीय संजय भगवान कृष्ण का नाम लेते हुए नौ दिन तक सुरंग में जिंदगी की उम्मीद लगाए बैठे रहे। उसी जन्माष्टमी के दिन उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। संजय ने बाहर आने के बाद सुरक्षा कर्मियों को बताया कि मैं पिछले नौ दिनों से 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप कर रहा था।

सुरंग में अब भी लोगों के फंसे होने की आशंका

साह ने आशंका जताई कि सुरंग के भीतर अब भी कुछ लोग फंसे हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने आसपास तीन या चार लोगों के बारे में सुना था या उनसे बात की थी। हो सकता है कि सभी लोग बाहर नहीं निकल पाए हों। सुरंग बहुत लंबी है। साह ने आशंका जताई कि बाढ़ के पानी का तेज बहाव लोगों को सुरंग के भीतर और गहराई तक बहाकर ले गया होगा। नेपाल के स्वतंत्र बिजली उत्पादक संघ के अनुसार, 11 जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले 600 से अधिक लोग अब भी लापता हैं।

भारत ने राहत सामग्री की नई खेप भेजी

भारत ने नेपाल में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए राहत सामग्री की नई खेप भेजी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 21.5 टन राहत सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना के दो सी-130जे विमान काठमांडू पहुंच गए हैं। इस खेप में जरूरी राहत सामान के साथ फोरेंसिक किट और मेडिकल सप्लाई भी शामिल हैं। नई खेप के जरिए बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ शवों की पहचान की प्रक्रिया में भी मदद मिलेगी।

शवों की डीएनए जांच में मदद करेगा भारत

विदेश मंत्रालय ने बताया कि नेपाल में भारतीय दूतावास ने बाढ़ के पीड़ितों के शवों की पहचान की प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए गृह मंत्रालय ने भारत में डीएनए प्रोफाइलिंग की सुविधा देने का फैसला किया है। नेपाल पुलिस की सलाह के अनुसार पहचान के लिए ऑटोसोमल एसटीआर डीएनए प्रोफाइलिंग कराई जा सकती है। इस संबंध में हेल्पलाइन नंबर +977 9841 6160 95 जारी किया गया है।

खबर संक्षेप

मेलोनी लंबे समय तक इटली की पीएम बनी

नई दिल्ली। जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने शुक्रवार को लगातार 1413 दिन सत्ता में रहकर इटली में नया रिकॉर्ड बनाया। 1946 में इटली गणराज्य बनने के बाद यह किसी एक कैबिनेट का सबसे लंबा लगातार कार्यकाल है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसके लिए उन्हें बधाई दी है। एक्स पर मेलोनी को अपनी मित्र बताते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि इटली के लोगों के उनके नेतृत्व पर भरोसे और विश्वास को दिखाती है।

नाइजीरिया में तेल चोरी के प्रयास में 37 की मौत

अबुजा। नाइजीरिया के तेल उत्पादक रिवर्स राज्य में एक पोत से तेल चोरी करने की कोशिश के दौरान कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। 'यूथ एंड एनवायरनमेंटल एडवोकेसी सेंटर' ने बताया कि गुरुवार कुछ लोग अवैध तरीके से अपने-अपने नावों में कच्चे तेल के उत्पाद भर रहे थे। इसी दौरान तेज दबाव के साथ जहरीली गैसों के संपर्क में आने से उनकी मौत हो गई। कई लोग अब भी लापता हैं। नाइजीरिया पुलिस ने शुक्रवार को घटना की पुष्टि की।

ऊर्जा उत्पादों की नीति पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा

रूस से तेल खरीद में आज भी दी जा रही आम जनता के हितों को प्राथमिकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि तेल, ऊर्जा उत्पादों के आयात के मामले में भारत ने हमेशा से ही अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज भी हम इसी सोच के साथ दुनियाभर के देशों से तेल की खरीद कर रहे हैं

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की हालिया यूक्रेन यात्रा के दौरान हुई उच्च-स्तरीय बैठकों में रूस से कच्चे तेल की खरीद के मामले को शामिल किए जाने को लेकर भारत ने एक बार फिर से इस विषय पर अपनी नीति को स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि तेल, ऊर्जा उत्पादों के आयात के मामले में भारत ने हमेशा से ही अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज भी हम इसी सोच के साथ दुनियाभर के देशों से तेल की खरीद कर रहे हैं। जहां तक ऊर्जा उत्पादों को लेकर हमारे देश की नीति का प्रश्न है। तो उसमें हम भारत के 140 लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय करते हैं। भविष्य में भी हमारी यही नीति जस की तस बरकरार रहेगी।

रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए भारत तैयार

भविष्य में भी नेपाल को मानवीय सहायता प्रदान करते रहेंगे

बातचीत से हल होगा यूक्रेन विवाद, भारत शांति का पक्षधर

रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने यूक्रेन के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ हुई अपनी बातचीत में यह कहा है कि नई दिल्ली इस मसले को लेकर शांति के पक्ष में खड़ी रही है। दोनों देशों के बीच चल रहे इस संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकलेगा। उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ हुई मुलाकात में भी दोहराया था कि यह युद्ध का युग नहीं है। इस मामले का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से ही संभव है। भारत भी विवाद का समाधान निकालने की प्रक्रिया में हर प्रकार से मदद करने के लिए तैयार है।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अभिवाज्य अंग

रणधीर ने बर्मिंघम के लार्ड मेयर द्वारा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को पाकिस्तान का हिस्सा बताने वाले एक बयान से जुड़े प्रश्न के जवाब में कहा कि दोनों केंद्रशासित प्रदेशों का यह पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। जहां तक पाकिस्तान को लेकर हमारी नीति का सवाल है। तो उसमें भी अभी तक कोई परिवर्तन (आतंकवाद के साथ कोई बातचीत नहीं होगी) नहीं हुआ है। ऐसे में बर्मिंघम के लार्ड मेयर का बयान गलत है। मालदीव को उन्होंने भारत का एक प्रमुख साझेदार देश बताते हुए कहा कि मौजूदा समय में वहां पर हमारी कई परियोजनाएं चल रही हैं।

जलवायु परिवर्तन के लिए विकसित देशों द्वारा बढ़ाया गया उत्सर्जन जिम्मेदार

जायसवाल ने कहा कि नेपाल में आई बाढ़ को लेकर कहा कि भारत का मानना है कि जलवायु परिवर्तन एक साझा चुनौती है। जिसे देखते हुए इस संबंध में कार्रवाई भी साझा लेकिन विभेदित और संबंधित क्षमताओं के सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए। विकसित देश जो ऐतिहासिक रूप से जलवायु परिवर्तन से जुड़े कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने ही नागरिक संकट में अतिरिक्त योगदान दिया है। ऐसे में उत्सर्जन को घटाने और इस चुनौती का सामना करने के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के जरिए ही विकासशील देशों का समर्थन किया जाना चाहिए।

1907 लोग चीन से पहुंचे नेपाल

रणधीर ने बताया कि बाढ़ के बीच भारत के कुल 275 नागरिक अभी भी लापता हैं। 166 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। जबकि 1 हजार 905 लोगों ने चीन से नेपाल में प्रवेश कर लिया है। चीन ने आधिकारिक रूप से कहा है कि इस वक्त तिब्बत स्वायत्तशासी प्रदेश (टीएआर) में भारत का कोई नागरिक मौजूद नहीं है। जो भी यहां पर थे। वह सभी वापस नेपाल लौट चुके हैं। विदेश प्रवक्ता ने कहा कि भारत की तरफ से अभी तक वायुसेना के 7 परिवहन विमानों के जरिए नेपाल को कुल करीब 95 टन राहत और बचाव सामग्री भेजी जा चुकी है। बीते गुरुवार को भी एक विमान 21 सामग्री राहत सामग्री (एक बेली ब्रिज शामिल) लेकर काठमांडू की ओर रवाना हुआ था। राहत-बचाव कार्यों में मदद पहुंचाने के लिए 54 कर्मियों को भी नेपाल भेजा गया है। 30 सुरंग बचाव विशेषज्ञ, 19 फॉरेंसिक विशेषज्ञ और 5 सदस्यीय मेडिकल टीम इसी दल का हिस्सा है। वर्तमान में फॉरेंसिक टीम ग्राउंड पर तैनात है और नेपाल के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

रूस के राजदूत अलीपोव का बड़ा बयान

भारत को जितनी जरूरत, उतना तेल देंगे, हमारी डील सबसे अच्छी

डेनिस अलीपोव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस के भारत में राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि मॉस्को, नई दिल्ली की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत को जितनी जरूरत होगी, रूस उतना तेल देने के लिए तैयार है। रूसी राजदूत ने पश्चिमी देशों के उन पर लगाए गए प्रतिबंधों और टैरिफ की तीखी आलोचना की और इसे दबाव बनाने की रणनीति करार दिया। रूसी राजदूत ने कहा कि भारत ने यह साबित कर दिया है कि वह अपने रुख पर अडिग रहने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, भारत को जितनी भी जरूरत होगी, हम उतने तेल की आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं। दुर्भाग्य से प्रतिबंध और टैरिफ लगाने वाले देशों ने सहयोग की बजाए दबाब बनाने की रणनीति बनाई है। ये देश भारत को तेल के मामले में हमसे बेहतर डील नहीं दे पा रहे हैं।

रूसी तेल के बिना दुनिया नहीं टिक पाएगी

रूसी राजदूत ने कहा कि अगर प्रतिबंधों और टैरिफ के जरिए रूसी तेल को बाजार से बाहर कर दिया गया तो दुनिया इसका सामना नहीं कर पाएगी। उन्होंने चेताया कि वैश्विक ऊर्जा बाजार इसे बर्दाश्त नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि भारत और अन्य देशों के लिए रूसी तेल बाजार में बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हम भारत को तेल आपूर्ति करने में रुचि रखते हैं। भारत भी तेल खरीदने का इच्छुक है। भारत को ऊर्जा संसाधनों की बहुत जरूरत है।

भारत के नेतृत्व की तारीफ की

रूसी राजदूत ने ब्रिक्स समूह में भारत के नेतृत्व की भी तारीफ की और आगामी शिखर सम्मेलन की सफलता में विश्वास व्यक्त किया। अलीपोव ने कहा कि भारत ने ब्रिक्स की अपनी अध्यक्षता की भूमिका बहुत सफलतापूर्वक निभाई है और मौजूदा बहुपक्षीय परियोजनाओं को सुचारू रूप से आगे बढ़ाते हुए नई गति प्रदान की है। डेनिस अलीपोव ने कहा कि भारत ने स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण, स्टार्टअप इनोवेशन हब, इनक्यूबेटर नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन फ्रेमवर्क जैसी पहल की हैं।

भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर राजदूत गोर का बड़ा बयान

दोनों देशों के रिश्तों से दूसरे देश जलते पीएम मोदी को अपना दोस्त मानते ट्रंप

जी20 में मोदी-ट्रंप की अलग मुलाकात संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों से कई दूसरे देश 'जलते' हैं। गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी को अपना दोस्त मानते हैं और दिसंबर में होने वाले जी20 समिट के दौरान जिन नेताओं से वह मिलना चाहते हैं, उनमें मोदी का नाम सबसे ऊपर होगा।

सर्जियो गोर

सर्जियो गोर ने कहा कि ट्रंप और मोदी के बीच अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते हैं। ऐसे में दिसंबर में जी20 समिट के लिए मोदी के फ्लोरिडा पहुंचने पर दोनों नेताओं की अलग से मुलाकात भी हो सकती है। गोर ने ट्रंप के 2027 में भारत दौरे की संभावना के भी संकेत दिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप 2020 में अपनी भारत यात्रा को अब भी याद करते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी ट्रंप भारत की बात करते हैं तो वह यहां के लोगों से मुलाकात और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने रिश्तों को याद करते हैं।

प्रस्तावित बिजनेस ट्रेड समझौते के काफी करीब

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित बिजनेस ट्रेड डील (बीटीए) को लेकर गोर ने कहा कि दोनों देश समझौते के काफी करीब हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद डील से जुड़े मुद्दों पर दोबारा काम किया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में दोनों देश समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। इतने बड़े व्यापार समझौते में समय लगना सामान्य है। गोर के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच अभी करीब 240 अरब डॉलर का व्यापार है। दोनों देशों का लक्ष्य आने वाले वर्षों में इसे बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है।

पोलैंड के राष्ट्रपति से मिले जयशंकर

व्यापार, निवेश, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमत

एजेंसी ▶▶ वारसॉ

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को पोलैंड के डिप्टी पीएम एवं विदेशमंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, रक्षा और ऊर्जा के साथ-साथ जटिल वैश्विक चुनौतियों और यूक्रेन व पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने राष्ट्रपति कैरोल नवरोकी से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की सकारात्मक दिशा पर चर्चा की, साथ ही यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

राष्ट्रपति कैरोल नवरोकी और जयशंकर

जयशंकर और पोलैंड के विदेश मंत्री सिकोरस्की ने बातचीत के दौरान 'संयुक्त कार्ययोजना 2024-28' की प्रगति की समीक्षा की। इसमें व्यापार और निवेश, अंतरिक्ष, डिजिटल, एआई, सेमीकंडक्टर, रक्षा, शिक्षा, जहाजरानी, खनन और ऊर्जा, लोगों के बीच आपसी संबंध, संस्कृति और बहुपक्षीय सहयोग जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

मुंबई पहुंचे बेल्जियम के पीएम बोले

भारत के पास दुनिया की कार्यशाला हमारे पास वैश्विक बाजार का अनुभव

एंटवर्प और भारत एक-दूसरे के पूरक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद बेल्जियम के पीएम बार्ट डी वेवर शुक्रवार को मुंबई पहुंचे। महाराष्ट्र सरकार के विपणन और प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल ने मुंबई हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। इसके बाद बेल्जियम के पीएम बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित भारत डायमंड बोर्स (बीडीबी) पहुंचे, जहां उन्होंने हीरा उद्योग, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों और हितधारकों से मुलाकात की।

बेल्जियम के पीएम का स्वागत करते जयकुमार

बेल्जियम के पीएम ने कहा कि एंटवर्प आज भी हीरा कटाई और व्यापार का प्रमुख केंद्र है, खासकर बेहद विशेष और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए। उन्होंने कहा कि एंटवर्प की सबसे महत्वपूर्ण ताकत उसका वैश्विक बाजार है, जहां दुनिया भर का हीरा व्यापार एक साथ आता है। उन्होंने भारत और एंटवर्प को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए कहा कि आपके पास दुनिया की कार्यशाला है, हमारे पास वैश्विक बाजार का अनुभव है।

भारत दुनिया में उच्च गुणवत्ता वाले केंद्र के रूप में उभरा

भारत डायमंड बोर्स में संबोधन के दौरान बार्ट डी वेवर ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भारत कम लागत वाले डायमंड कटिंग केंद्र से आगे बढ़कर उच्च गुणवत्ता वाले केंद्र के रूप में उभरा है। यहां आधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय कामकाज के मानकों को अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के हर 10 में से 9 से अधिक हीरे भारत में काटे और तराशे जाते हैं। भारत अब केवल हीरों की प्रोसेसिंग करने वाला देश नहीं है, बल्कि हीरे के आभूषणों के लिए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है।

बडगाम में सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी

आतंकियों से मुठभेड़ में एक ढेर एके-47 बरामद, 'तलाश' जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के जंगलों में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान के दौरान एक आतंकी मारा गया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और इलाके में सतर्कता बढ़ा दी। संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर जवानों ने आतंकियों को चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक आतंकी मारा गया। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकी के पास से एक एके-47 राइफल और अन्य सामग्री बरामद की है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है और सुरक्षाबल आसपास के क्षेत्रों में भी सतर्कता बरत रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार इलाके में एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। उसे पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।

तलाशी अभियान चलाती सेना

सीबीआई का ऑपरेशन चक्र-6, डिजिटल अरेस्ट पर पूरे देश में वार

20 राज्यों में 89 जगहों पर रेड, 3 केस में ही 41 करोड़ ठगे, 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संगठित साइबर अपराध के खिलाफ अपनी लगातार लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए, सीबीआई ने अलग-अलग राज्यों से 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े कई मामले अपने हाथ में लिए हैं। सीबीआई ने 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े अपराधों के खिलाफ देश भर में सख्त कार्रवाई की है। 20 राज्यों में 89 जगहों पर छापेमारी की गई है। 'ऑपरेशन चक्र-6' के तहत सीबीआई ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' की समस्या देश भर के नागरिकों के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है। इन अपराधों के चिंताजनक स्तर को गंभीरता से लेते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह दोषियों और ऐसे अपराधों में मदद करने वाले बड़े नेटवर्क के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। 'डिजिटल अरेस्ट' के तीन केसों में 41 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी सामने आई है।

नेटवर्क में शामिल आरोपियों का पता लगाने की कोशिशें जारी

देशभर में की जा रही सख्त कार्रवाई, सुको भी चिंतित

बड़ी रकम ट्रांसफर करवाने का दबाव बनाते थे

एआई इमेज

साइबर अपराधी कानून-प्रवर्तन और सरकारी अधिकारियों का रूप धरकर पीड़ितों को डिजिटल रूप से बंधक (डिजिटल अरेस्ट) बना लेते थे। उन्हें बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए मजबूर करते थे। इनमें से तीन मामलों में, सीबीआई ने देश भर में समन्वित तलाशी अभियान चलाया है। इस दौरान धोखाधड़ी से हासिल पैसे का पता लगाने, सिंडिकेट के पीछे के लाभार्थियों और संचालकों की पहचान करने और सबूत नष्ट होने से पहले आपत्तिजनक सामग्री जब्त करने के लिए एक साथ कार्रवाई की गई।

अहम दस्तावेज, अकाउंट से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल डिवाइज जब्त

तलाशी के दौरान बैंकिंग से जुड़े अहम दस्तावेज, अकाउंट से जुड़े रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और अन्य महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए गए। अब इन सबूतों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है ताकि राज्यों की सीमाओं के पार चल रहे 'डिजिटल अरेस्ट' सिंडिकेट के बड़े वित्तीय और तकनीकी नेटवर्क का पता लगाया जा सके। ऑपरेशन के दौरान सीबीआई ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान हुई पूछताछ से धोखाधड़ी से हासिल पैसे को लेने, उसकी लेयरिंग (अलग-अलग खातों में घुमाने) और उसे आगे भेजने में उनकी अहम भूमिका का पता चला।

हरियाणा और कोलकाता के खातों में पहुंचाई ठगी की बड़ी रकम

हरियाणा के रहने वाले आकाश के खाते में धोखाधड़ी की रकम में से 1.95 करोड़ रुपए आए थे। उसने यह खाता खुद खोला था और उसी दिन पैसे को तेजी से दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया था, जिससे मनी लॉन्ड्रिंग में उसकी सीधी और जानबूझकर की गई भूमिका साबित होती है। कोलकाता के राजा करमाकर की फर्म के खाते में धोखाधड़ी की रकम में से 1.5 करोड़ रुपए आए थे। ज्योति रानी, जिनके खाते में धोखाधड़ी की रकम का कुछ हिस्सा आया था, ने उसमें से कुछ हिस्सा नकद निकाला और बाकी दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया। इस तरह उन्होंने पैसे के रास्ते को छिपाने के लिए उसे आगे भेजने में सक्रिय भूमिका निभाई।

'कंडम' पहियों पर दौड़ रही राजधानी की सफाई व्यवस्था

पीयूसी-फिटनेस और नंबर प्लेट के नियम-कायदे भी ताक पर

सड़क पर दौड़ रहे निगम के वाहनों से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम शहर को साफ-सुथरा रखने का दावा करता है, लेकिन उसकी सफाई व्यवस्था खुद खटारा वाहनों के भरोसे चल रही है। नगर निगम के 300 से ज्यादा पुराने और कंडम वाहन अब भी शहर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

इनमें कचरा वाहनों से लेकर अमला और अन्य नागरिक सेवाओं में इस्तेमाल होने वाली गाड़ियां शामिल हैं। हालत यह है कि नियमों का पालन कराने वाला निगम का अपना दस्ता ही करीब 50 साल पुराने वाहन से सड़कों पर दौड़ रहा है।

300 से ज्यादा खटारा वाहन सड़कों पर, 50 साल पुरानी गाड़ी से चल रहा निगम का दस्ता

सड़क पर दौड़ रहा नगर निगम का कंडम कचरा वाहन।

15 साल की सीना पार, फिर भी सड़क पर दौड़ रहे वाहन

कमर्शियल वाहनों की उम्र और फिटनेस को लेकर नियम स्पष्ट हैं, लेकिन निगम के वाहनों पर इनका असर दिखाई नहीं देता। कई वाहन 15 साल की निर्धारित अवधि पार करने के बाद भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। पुराने वाहनों की हालत इतनी खराब है कि इनके सड़क पर दौड़ने से कभी भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कचरा परिवहन जैसे काम में लगे इन वाहनों से बीच सड़क खराबी और ट्रैफिक बाधित होने की आशंका भी बनी रहती है।

पीयूसी-फिटनेस पर सवाल, प्रदूषण का भी अंदेशा

निगम के कई पुराने वाहनों के पीयूसी और फिटनेस प्रमाणपत्र को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अगर वाहन निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरते तो उनसे निकलने वाला धुआं शहर की हवा को और जहरीला कर सकता है। यानी जिस निगम पर शहर में प्रदूषण और यातायात नियमों के पालन की जिम्मेदारी है, उसी के वाहन नियमों की कसौटी पर सवालों के घेरे में हैं।

जनता के लिए नियम, निगम के लिए छूट

आम वाहन मालिक से फिटनेस, पीयूसी, बीमा और वाहन की उम्र को लेकर सख्ती की जाती है। लेकिन निगम के 300 से ज्यादा खटारा वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। निगम प्रभारी परिवहन केंद्रीय कर्मशाला, विजय गोयल ने कहा कि दो माह में पुराने वाहन को रिप्लेस कर नई वाहन आएंगे।

मानवाधिकार आयोग भी मांग चुका है वाहनों की रिपोर्ट

सरकारी विभागों में पुराने और बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे वाहनों को लेकर मध्य प्रदेश मानवाधिकार आयोग भी संज्ञान ले चुका है। आयोग द्वारा 15 साल से अधिक पुराने और वैध दस्तावेजों के बिना चल रहे सरकारी वाहनों को लेकर रिपोर्ट मांगे जाने के बावजूद निगम के वाहनों की स्थिति सवाल खड़े करती है।

कई वाहनों पर डिजिटल नंबर प्लेट तक नहीं

निगम के खटारा वाहनों की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई वाहनों पर डिजिटल नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। ये वाहन रोजाना शहर की सड़कों पर दिखाई देते हैं, लेकिन इनकी वैधता और सुरक्षा मानकों की जांच को लेकर जिम्मेदार विभाग की सक्रियता नजर नहीं आती।

खबर संक्षेप

युवक से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

भोपाल। अशोका गार्डन पुलिस ने लक्ष्मीबाई स्कूल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कट्टे और कारतूस के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि लक्ष्मीबाई स्कूल के पीछे पार्क के पास एक संदिग्ध खड़ा है। वह सफेद शर्ट पहने हुए है और उसके पास कट्टा है। पुलिस की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और लक्ष्मीबाई स्कूल पार्क के पास पहुंची। इसी दौरान संदिग्ध ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम नाम असलम पिता सलीम (25) रंभा नगर, गौतम नगर बताया। पुलिस असलम का पूर्व का रिकॉर्ड खंगाल रही है।

'भारतीय ज्ञान परंपरा में परीक्षा एवं मूल्यांकन' पर राष्ट्रीय कार्यशाला 7 से

भोपाल। भारतीय ज्ञान परंपरा में परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन की अवधारणा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में समकालीन शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने दो दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला 7 एवं 8 सितंबर को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। 7 सितंबर को डॉ. अतुल कोठारी, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, अशोक कडेल, आयुक्त, उच्च शिक्षा तथा प्रो. खेमसिंह डहेरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ. रमेश चन्द्र भारद्वाज तथा प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी सतत एवं समग्र मूल्यांकन पर व्याख्यान देंगे। दिन के अंतिम सत्र में शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। 8 सितंबर को ज्ञान, आचरण और प्रज्ञा के मूल्यांकन तथा शिक्षा परंपरा में परीक्षा की समग्र अवधारणा पर चर्चा होगी। प्रो. रविन्द्र कन्हेरे प्रवेश प्रक्रिया एवं विद्यार्थी चयन में मूल्यांकन की भूमिका तथा प्रो. उमा कांजी लाल डिजिटल परीक्षा एवं मूल्यांकन पर विचार रखेंगी।

शुभांक

कल्याणः	1235		
दिनः	223	70	244
रातः	336	21	245
ताराः			
दिनः	156	27	278
रातः	260	88	378

गाली-गलौज करने पर मना किया था तो कर दिया था हमला

महिला को तलवार मारने और गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित साजिदा नगर में 30-31 अगस्त की रात बुजुर्ग महिला पर तलवार से जानलेवा हमला करने और घर के बाहर गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से धारदार छुरी, तलवार और कट्टा सहित जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार भूरीबाई (60) साजिदा नगर, कोहेफिजा में रहती हैं और घर के सामने ही मछली की दुकान लगाती है। उनके घर के सामने गत 31 अगस्त की रात कुछ युवक आपस में विवाद कर रहे थे और गालीगलौज कर रहे थे। उन्होंने युवकों को विवाद न करने का कहा। इस पर वह भड़क गए और उनसे गालीगलौज शुरू कर दी। वह डर के घर अंदर जाने लगी तो एक बदमाश ने उनकी पीठ पर तलवार से हमला कर दिया था। इसके बाद बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और वहां से भाग निकले। पुलिस ने बुजुर्ग भूरी बाई की शिकायत पर हत्या के प्रयास और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया।

टीम ने घटनास्थल साजिदा नगर और आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले इस दौरान पता चला कि रात करीब 10 से 11 बजे के बीच अजहर निवासी कबीटपुरा, मुन्नू निवासी कबीटपुरा और दानिश निवासी कच्ची मस्जिद टीला जमालपुरा, तीनों साजिदा नगर में घोड़ीखेल (हार-जीत का दांव लगाकर) खेलने गए थे।

पुलिस के साथ पकड़े गए आरोपी।

कुछ युवकों से हुआ था विवाद

साजिदा नगर के कुछ युवकों से तीनों का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अजहर, मुन्नू, दानिश को मोहल्ले के युवकों ने पीट दिया। विवाद का बदला लेने आरोपी देर रात करीब साढ़े बारह बजे अपने दर्जनभर साथियों को लेकर पहुंचे। उनके पास तलवार, चाकू और कट्टा था। मारपीट का बदला लेने युवकों की तलाश कर रहे थे। इसी बीच भुरीबाई उन्हें नजर आई। उन्होंने गुस्से में भूरीबाई पर तलवार से हमला कर दिया। इसके बाद उनके घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर फरार हो गए।

इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने हत्या के प्रयास और तोड़फोड़ करने वाले दानिश खान (26) स्टाफ क्वार्टर हमीदिया अस्पताल परिसर, अनस खान (22) साजिदा नगर कोहेफिजा, शमी कुरैशी (22) शहीद नगर करबला रोड, कोहेफिजा, फरहान उर्फ शाहशाह (22) कच्ची मस्जिद के पास कबीटपुरा, आजम खान (22) नूर महल अलीना डेरी के पास शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

बारह साल से फरार बदमाश गिरफ्तार तीन स्थाई और एक गिरफ्तारी वारंट था

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन हजार रुपए का इनाम किया था घोषित

देहात की ईंटखेड़ी पुलिस ने फरार और स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। ईंटखेड़ी में न्यायालय के लंबित प्रकरण में जारी 3 स्थाई गिरफ्तारी वारंट और एक गिरफ्तारी वारंट के तहत लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी रघुवीर सिंह दांगी पिता दशरथ उर्फ जसरथ सिंह दांगी, निवासी ग्राम खामखेड़ा, थाना ईंटखेड़ी, को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) ने तीन हजा रुपए का इनाम घोषित किया था। वारंटी रघुवीर सिंह दांगी के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत एवं आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों में करोड़ों रुपए की हेराफेरी, धोखाधड़ी से संबंधित प्रकरण भी शामिल हैं। आरोपी 12 वर्षों से फरार था। उसकी तलाश में टीम जाती थी, लेकिन वह पहले ही फरार हो जाता था।

पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

लाइब्रेरियन ने बीएससी नर्सिंग की छात्रा से किया दुष्कर्म, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा में बीएससी नर्सिंग की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। चार साल तक लिव इन रिलेशन में रखने के बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। युवती ने परेशान होकर पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 36 साल की युवती निजी कॉलेज से जीएनएम की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान कॉलेज के लायब्रेरियन विकास अग्निहोत्री से उसकी दोस्ती हो गई। दोस्ती होने के बाद दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। वहीं कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में शादीशुदा महिला को एक साल तक लिव इन रिलेशन में रखने के बाद आरोपी युवक शनि यादव ने शादी से इंकार कर दिया। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी और उसकी मां समोती देवी ने उससे मारपीट कर दी। महिला ने घटना की शिकायत गुरुग्राम हरियाणा में की थी। वहां से केस डायरी आने के बाद कटारा हिल्स पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

एक साल की बच्ची से सगे ताऊ ने किया बेड टच



देहात के ईंटखेड़ी इलाके में एक साल की बच्ची का डायपर उतारकर बेड टच करने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। बच्ची की मां की नजर पड़ी तो आरोपी बच्ची से बेड टच कर रहा था। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बीस साल की महिला थाना क्षेत्र में रहती हैं। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार शाम वह घर पर खाना बना रही थी। इसी दौरान उसका ताऊ बाथरूम से निकलकर उसके कमरे में पहुंचा। कमरे में उसकी एक साल की बेटी सो रही थी। आरोपी ने उसका डायपर उतारा और बुरी नियत से टच करने किया।

दूर के रिश्तेदार ने युवती से किया दुष्कर्म

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में दूर के रिश्तेदार द्वारा युवती से दुष्कर्म और डेढ़ साल तक लिव इन रिलेशन में रखने का मामला सामने आया है। डेढ़ साल तक साथ रहने के बाद आरोपी ने शादी से इंकार करते हुए कहीं और शादी करने का कहा। युवती ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसका नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। लगातार मनाने के बाद भी आरोपी नहीं माना तो युवती ने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 29 साल की युवती थाना क्षेत्र में रहती है। करीब डेढ़ साल पहले उसके दूर के रिश्तेदार नीरज ने उसे शादी का प्रलोभन दिया। इसके बाद लिव इन रिलेशन में रहने लगा। डेढ़ साल तक रहने के बाद युवती ने नीरज पर शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी से इंकार कर दिया। युवती को पता चला कि वह कहीं और शादी करने की बात कर रहा है। इस पर महिला ने पुलिस को शिकायत की थी।

बीएड के विद्यार्थियों ने किया बीयू में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) से संबद्ध निजी कॉलेजों के बीएड विद्यार्थियों ने शुक्रवार को विवि परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कुलगुरु और कुलसचिव कार्यालय का घेराव कर सामूहिक आवेदन और ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने मार्च 2026 में हुई बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का दोबारा परीक्षण कराने और अंकों की पुनः जांच की मांग की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने मांग की है कि पुनः जांच की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें प्रोविजनल रूप से द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। मौका नहीं मिला तो उनका एक साल प्रभावित हो सकता है।

गुनगा स्थित हर्राखेड़ा में हुआ हादसा

दुकान के सामने खड़े युवक को बोलेरो ने मारी टक्कर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र गांव हर्राखेड़ा गांव में दुकान के सामने खड़े युवक को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। बुधवार शाम हुए इस हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया, वहां से भोपाल एम्स रेफर कर दिया गया।

एम्स में इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले बोलेरो चालक पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार विक्की मल्होत्रा (34) आंबेडकर नगर थाना बैरसिया का था। बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह ग्राम हर्राखेड़ा थाना गुनगा स्थित अजय स्वीट्स के सामने सड़क किनारे खड़ा हुआ था। इसी दौरान भोपाल से बैरसिया की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप के चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे एम्स अस्पताल के लिए रैफर किया गया था, जहां अगले दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

अवधपुरी में चोरों ने बोला धावा, केरल से परिवार के लौटने पर पता चलेगा बदमाश क्या-क्या ले गए...

केरल गया परिवार, सूने मकान से चोरी, दामाद की शिकायत पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित अभिनव शिखा होम्स टैगोर नगर में अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का ताला तोड़ लिया। पड़ोसियों ने मकान मालिक को चोरी की सूचना दी। मकान मालिक ने अपने दामाद को घर भेजकर देखने का कहा। इसके बाद दामाद ने पुलिस को शिकायत की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अनिश पाणिकर पिता गोपाल कृष्णा पाणिकर (41) मकान नंबर बी-41 राजौरा स्टेट खजूरी कला अवधपुरी में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। उनके ससुर चंद्रशेखर नायर का मकान नं. ए-3 अभिनव शिखा होम्स टैगोर नगर मे रहते हैं। वह करीब 10 दिन से अपने पैतृक घर केरल गए हैं। उनका बड़ा बेटा निधीश नायर भी 3 सितंबर की दोपहर 3 बजे परिवार सहित घर पर ताला बंद कर केरल निकल गया। 4 सितंबर की सुबह सवा चार बजे पड़ोसी ने कॉल कर बताया कि

घर ताला टूटा पड़ा है। चंद्रशेखर ने दामाद अनिश को घर जानकर देखने का कहा। अनिश ससुर के घर पहुंचा तो अलमारी खुली पड़ी थी। सामान बिखरा हुआ था। इतने में आसपास के लोग एकत्रित हो गए और पुलिस आ गई।

लोगों ने बताया कि अज्ञात चोरों ने ललिता मोरे के मकान नंबर 14/डी शिवलोक फेस वन में भी ताला तोड़कर चोरी की है।

चलती ट्रेन में पीड़ित का पाउच बैग पटरियों पर गिर गया

रीवांचल एक्सप्रेस में मीडियाकर्मी से बदमाश ने की छीनाझपटी

रीवांचल एक्सप्रेस में सवार एक मीडियाकर्मी के साथ बदमाश ने छीनाझपटी कर दी। इस दौरान मीडियाकर्मी का बैग चलती ट्रेन से नीचे जा गिरा, जबकि बदमाश कोच के अंदर भाग निकला। जीआरपी के अनुसार गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सचिन स्वर्णकार एक निजी चैनल में काम करते हैं। वे रीवांचल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में भोपाल से दमोह की यात्रा कर रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास ट्रेन सांची स्टेशन पहुंचने वाली थी, तभी वॉशबेसिन के पास एक बदमाश ने सचिन का पाउच बैग छीन लिया। उन्हें बैग बचाने का प्रयास किया, जिसके चलते बैग चलती ट्रेन से नीचे जा गिरा और बदमाश कोच के अंदर ही भाग निकला। छीने गए बैग के अंदर पांच हजार रुपए नकद, एक घड़ी कीमती 9 हजार रुपए, न्यूज चैनल का आईकार्ड, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, कीमती दस्तावेज, ट्रेन का टिकट, मेमोरी कार्ड समेत अन्य सामान रखा हुआ था।

पंकज कोठारी ने पिताजी स्व. विजय कोठारी की जयंती के उपलक्ष्य में किया आयोजन

विधायक पटवा ने बांटा प्रसाद

कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभयात्रा, श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद स्कूलों में हुई मटकी फोड़, नृत्य-गीत और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शुक्रवार को मेन चौराहा पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंकज कोठारी ने अपने पिताजी स्व. विजय कोठारी की जयंती के पूर्वांत उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित किया। कार्यक्रम में नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा स्व. विजय कोठारी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर लोगों ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। पंकज ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने नगरवासियों एवं शुभचिंतकों का आभार माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा ने स्व. विजय कोठारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं प्रसाद वितरण किया।

कृष्ण जन्माष्टमी की लोगों को दी शुभकामनाएं

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर निकली शोभायात्रा का श्रीराम श्री हिंदू उत्सव समिति ने किया स्वागत

कृष्ण जन्माष्टमी पर अध्यक्ष राजेश खटीक श्रीराम श्री हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्यों ने जन्माष्टमी की शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, जीतू नेमा, विक्रम धाड़ी, कैलाश साहू, रामेश्वर नागर, गुड्डू महेश्वरी, बंटी तिवारी, कैलाश नागर, राजकुमार राजपूत, गुड्डू महेश्वरी, बंटी कैलाश नागर, तिवारी, रामेश्वर नागर, भूपेंद्र नागर, संजय चौरसिया, परेश नागर, राजू मेहरा, हरजीत सिंह मंगू, बंटी जोशी, बसंत वर्मा, राहुल महेश्वरी, रमेश गौर, शिवनारायण गौर, संजय खटीक, आशीष खटीक, अर्जुन अरोरा, मुन्ना लाल खटीक उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते पटवा।

राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में बच्चे।

जन्माष्टमी पर बच्चों की प्रस्तुतियों से जीता मन

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में जन्माष्टमी का पर्व हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। नन्हे बच्चों ने राधा और कृष्ण का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पूजा, प्रार्थना, नृत्य और मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और भारतीय परंपराओं से जुड़ी जानकारी दी गई। विद्यालय परिवार ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं और बच्चों के सुख, स्वास्थ्य, ज्ञान और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में भजन कीर्तन पर झूमे विधायक शर्मा

श्रद्धालुओं के साथ भजन पर झूमते शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

गांधीनगर लक्ष्मीदेवी विक्योमल शराफ (एलवीएस) एजुकेशनल सोसाइटी के प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोरम झांकी सजाई। मटकियां बांसुरियां और मोरपंख से प्रांगण को सुसज्जित किया। नन्हे-मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण राधा एवं बलराम की वेशभूषा में नज़र आए। कार्यक्रम के दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता पोस्टर निर्माण तथा भक्तिमय गीत व भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की आरती की और कहा कि भगवान के हाथ में सुदर्शन चक्र होने पर भी जिनके मुख पर मुरली है, वह श्रीकृष्ण हैं। द्वारिका जैसा वैभव होने के बाद भी सुदामा जैसा मित्र हो, वह श्रीकृष्ण हैं। विधायक शर्मा श्रद्धालुओं के साथ भजन-कीर्तन पर झूमे।

सच्चा शिक्षक कैसा होना चाहिए ? प्रमुख धर्मगुरुओं के विचार

कहा- सच्चा गुरु वह जो 'आचरण' से सिखाए। शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। उसमें ज्ञान के साथ त्याग हो।

भारत में गुरु-शिष्य परंपरा सदियों पुरानी है। शिक्षक दिवस के मौके पर जानते हैं पांच प्रमुख आध्यात्मिक हस्तियों के शिक्षक और गुरु को लेकर विचार।

सच्चा शिक्षक ज्ञान थोपता नहीं है...

शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी को दिमाग में भरना नहीं, बल्कि इंसान के भीतर पहले से मौजूद पूर्णता को उभारना है। सच्चा शिक्षक विद्यार्थी को बाहरी ज्ञान थोपकर नहीं, बल्कि उसकी आंतरिक क्षमता को जगाकर सिखाता है। ज्ञान को दो हिस्सों में बांटा जा सकता है। इनमें पहला बाहरी संसार का ज्ञान (विज्ञान) और दूसरा आत्म-तत्व का ज्ञान है। एक अच्छा शिक्षक दोनों में विद्यार्थी को दक्ष बनाए। युवाओं को शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह की शक्ति बढ़ाना चाहिए। शिक्षा से चरित्र-निर्माण के साथ साथ राष्ट्र का भी निर्माण होता है।

स्वामी विवेकानंद

अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला है गुरु

'गुरु' शब्द का अर्थ ही है अंधकार को दूर करने वाला 'गु' यानी अंधकार और 'रु' यानी उसे मिटाने वाला। एक सच्चे शिक्षक का काम चमत्कार दिखाना नहीं, बल्कि व्यक्ति के भीतर वास्तविक रूपांतरण लाना है। जीवन में स्पष्टता से बढ़कर कुछ नहीं चाहे व्यक्ति किसी भी हालात में हो, हर चीज़ को जैसी है वैसी देखने की क्षमता ही असली ज्ञान है। शिक्षक की भूमिका शिष्य को अज्ञानता से निकालकर स्पष्टता की रोशनी तक पहुंचाना है, न कि उसे किसी सिद्धांत या मत का अनुयायी बनाना।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव, संस्थापक, ईशा फाउंडेशन

असली गुरु परंपरा से ज्ञान देने वाला होता है



असली गुरु वही है जो 'परंपरा' यानी शिष्य-परंपरा से जुड़ा हो यानी उसने स्वयं अपने गुरु से ज्ञान प्राप्त किया हो, न कि खुद कोई नया सिद्धांत गढ़ा हो। गुरु कृष्ण का प्रामाणिक प्रतिनिधि होता है और शास्त्रों में उसे लगभग ईश्वर के समान सम्मान दिया गया है, फिर भी वह खुद को भगवान का सबसे विनम्र सेवक मानता है। गुरु वही है जो कृष्ण की बात कहे। शिक्षक का काम शिष्य को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर आध्यात्मिक जन्म (द्विज) देना है, ठीक वैसे ही जैसे माता-पिता शारीरिक जन्म देते हैं। बिना योग्य गुरु के मार्गदर्शन के आत्म-ज्ञान तक पहुंचना असंभव है, क्योंकि केवल मानसिक तर्क-वितर्क सत्य तक नहीं ले जा सकता।

श्रील प्रभुपाद, संस्थापक, इस्कॉन

गुरु जीवन का रूपांतरण करता है

गुरु और सामान्य शिक्षक में मौलिक अंतर है। एक शिक्षक जानकारी देता है, जबकि गुरु व्यक्ति के जीवन का संपूर्ण रूपांतरण करता है। सच्चा गुरु न तो अंध-आज्ञापालन चाहता है, न अनुयायियों की भीड़ जुटाना। उसका एकमात्र उद्देश्य शिष्य को उसके अपने दिव्य स्वरूप का बोध कराना है। गुरु एक कुशल पर्वत-मार्गदर्शक की तरह है, जो खुद उस राह से गुजर चुका होता है और इसलिए साधक को सुरक्षित मंजिल तक पहुंचा सकता है।

परमहंस योगानंद

गुरु-शिष्य परंपरा सालों बाद भी प्रासंगिक

गुरु-शिष्य परंपरा हजारों साल पुरानी और आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। शिक्षक का असली काम विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा भरना और उन्हें अच्छे संस्कारों से जोड़ना है। भारतीय परंपरा में गुरु को अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान की रोशनी दिखाने वाला माना गया है। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थी को भीतर से शांत, संतुलित और आत्मविश्वासी बनाना है, ताकि वह जीवन की चुनौतियों का सामना खुद कर सके।

श्री श्री रविशंकर, संस्थापक, आर्ट ऑफ लिविंग

प्रदेश के ऐसे दृष्टि बाधित शिक्षक, जिन्होंने अंधेरे को हराकर बांटी ज्ञान की रोशनी

दृष्टि नहीं बनी कभी राह में बाधा आज खुद बनाई अपनी पहचान

- *दृष्टि नहीं, दृष्टिकोण है बड़ी बात - हौसलों ने चुनी मंजिल और आज है सबके सामने*
- *संसाधनों की कमी और समाज की धारणाओं से जंग जीतकर बने प्रेरणा*

नेपाल में आयोजित कांफ्रेंस में व्याख्यान देते डॉ. मनीष चौधरी।

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

दृष्टिबाधित के बारे में सुनकर लगता है कि जीवन को जीने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन हकीकत में हमारे बीच कई ऐसे भी दृष्टिबाधित शिक्षक हैं, जिनकी दृष्टि की कमी उनके हौसलों की राह में दीवार नहीं बनी और उन्होंने संघर्षों को सीढ़ी बनाकर अपनी मंजिल खुद चुनी। आज शिक्षक दिवस पर प्रदेश के ऐसे ही दृष्टिबाधित शिक्षकों को हरिभूमि ने तलाशा, जिन्होंने अंधेरे को हराकर ज्ञान की रोशनी बांटी। दृष्टिबाधित होने के बावजूद उन्होंने शिक्षा हासिल करने और इसी शिक्षा से दूसरों का जीवन संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कभी संसाधनों की कमी तो कभी समाज की धारणाओं से जूझते हुए उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।

कमी दृष्टि में थी, हौसलों में नहीं

इंदौर के कन्या महाविद्यालय के राजनीतिक शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. मनीष चौधरी कहते हैं कि मुझे पढ़ाई की ऐसी लगन थी कि 12वीं तक मुझे पता ही नहीं था कि हमें असिस्टेंट मिलता है, पेपर लिखने के लिए तब भी मैं पेपर लिखना था क्योंकि मैं 30% ही देख पता था और उसके लिए मुझे धूप या सौ वॉट का लैंप चाहिए होता था तो मैंने 12वीं क्लास तक अप्रेल मई की कड़ी धूप में पेपर दिए, क्योंकि उस वक्त हायर एग्जाम अप्रेल, मई में ही होते थे। उन्होंने कहा कि 12वीं के बाद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मैंने डिप्लोमा किया फिर एलआईसी की डिग्री भी ली, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए मैंने फील्ड विजिट करने के साथ एक्सपीरियंस हासिल किया, लेकिन मेरी दृष्टिबाधिता उसमें रुकावट पैदा करने लगी, फिर मैंने एम ए राजनीति शास्त्र में किया, इसके बाद पीएचडी के लिए अप्लाई किया, लेकिन मुझे जिन गुरु के अंडर में पीएचडी करनी थी उन्होंने यह कहकर मेरा आवेदन ठुकरा दिया कि मैं दृष्टिबाधित को अपने अंडर में काम नहीं कराऊंगा, फिर मैंने दूसरे गुरु तलाशे।

जीवन में हार नहीं मानी, बस डटा रहा

मनीष कहते हैं कि मैंने जीवन में हार नहीं मानी, बस डटा रहा, और फिर मेरा चयन पहले स्कूल शिक्षा विभाग में और 2017 में पीएससी के जरिए हायर ऐज्युकेशन में मेरा चयन हुआ, जिसमें मेरे साथ वालों का काफी योगदान है, जिन्होंने मुझे घंटो पढ़-पढ़कर किताबें सुनाईं, उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि मैंने इतने संघर्ष किए तो मैं अब दूसरों का जीवन संवारने में कोई कसर न छोड़ू, इसलिए मैंने पढ़ाने में अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, यही वजह है कि आज मेरे कई शिष्यों का चयन डिफेंस, सीआरपीएफ, हायर ऐज्युकेशन सहित सिविल सर्विसेस में हुआ और यहां तक कि मैं खुद इंटरनेशनल कांफ्रेंस में भाग लेता और अपने विचार प्रस्तुत करता हूं।

दृष्टिबाधित होने की चुनौती को बनाया ताकत, 36 साल से दे रहे शिक्षा का मंत्र

जीवन में चुनौतियां सभी के सामने आती हैं, लेकिन कुछ लोग उन चुनौतियों को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बना लेते हैं। ऐसे ही प्रेरणादायी व्यक्तित्व हैं नूतन कॉलेज के प्रोफेसर रोहित त्रिवेदी, जो बचपन से ही दृष्टिबाधित हैं। अपनी दिव्यांगता के कारण उन्हें शिक्षा के शुरूआती दौर से ही कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। पिछले 36 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले रोहित बताते हैं कि हमारे समय में दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा के अवसर आज की तरह सहज नहीं थे। मुझे स्कूल में प्रवेश तक के लिए संघर्ष करना पड़ा। मेरी स्थिति देखकर कई बार स्कूल में मेरा एडमिशन ही नहीं लिया जाता, लेकिन मैंने हार नहीं मानी और बड़ी मुश्किल से मुझे पढ़ने का अवसर मिला। अर्थशास्त्र में यूनिवर्सिटी में टॉप करने वाले रोहित ने कहा कि मेरे स्कूल के फादर ने मुझे नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन देने के लिए प्रेरित किया।

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से सम्मान ग्रहण करते डॉ. रोहित त्रिवेदी।

'दृष्टिबाधित क्या पढ़ाएगा' कहकर किया था रिजेक्ट

इस वजह से मुझे एनसीईआरटी की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। इसके बाद उन्होंने रीजनल इंस्टीट्यूट से बीएड की पढ़ाई पूरी की और फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपने नसीब को अजमाया, लेकिन मेरे फार्म में मेरी दृष्टिबाधिता देखकर उसे रिजेक्ट कर दिया जाता था, फिर एक परिचित के माध्यम से जब मेरा आवेदन आगे पहुंचा, तब जाकर मुझे प्रक्रिया में शामिल किया गया, लेकिन फिर उस सरकार संस्थान के हेड ने यह कहते हुए मुझे रिजेक्ट किया कि दृष्टिबाधित व्यक्ति क्या पढ़ाऐगा, इसके विरुद्ध मैंने भोपाल कलेक्टर और कमिश्नर तक से शिकायत की, तब जाकर मेरा चयन हुआ। फिर मेरा पीएससी के जरिए चयन हायर ऐज्युकेशन में हुआ, और अब मैं अंग्रेजी का प्रोफेसर हूं। रोहित ने कहा कि मेरे द्वारा पढ़ाए कई बच्चों का सिलेक्शन सिविल सर्विसेस में हुआ, सूफिया फारूकी, मध्य प्रदेश कैडर की 2009 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी उनमें से एक हैं।

आंखों की रोशनी छिनी, लेकिन हौसलों की लौ नहीं बुझी

वहीं, एमएलबी कॉलेज में हिंदी के प्रोफेसर डॉ. राधेश्याम पनवरिया कहते हैं कि मैं 1998 में प्राइमरी टीचर था, लेकिन 2005 में पीएससी का एग्जाम देकर मेरा चयन हायर एजुकेशन में हुआ। उन्होंने बताया कि हमारे जैसे लोगों का शिक्षा ग्रहण करना तो ईश्वर ही बाधित कर देता है, क्योंकि व्यक्ति 60 से 70% ज्ञान अपनी आंखों से प्राप्त करता है और हमारी आंखें तो ईश्वर ने छीन ही लीं। मैंने इंदौर के स्कूल से माध्यमिक शिक्षा ग्रहण की, उसके बाद हायर एजुकेशन के लिए हमें असिस्टेंट दिया गया और फिर मैंने एग्जाम दिया और पास हुआ। मुझे सहारा देने के लिए ईश्वर ने कई लोगों को भेजा। मेरे पड़ोस की दीदी ने मुझे फ्री में पढ़ाया। कई घंटों तक वह मुझे पढ़-पढ़कर चैप्टर सुनातीं और मैं सुनता रहता।

कविता पाठ करते राधेश्याम पंवरिया

कई साहित्य समागमों में भाग लेकर करता हूं कविता पाठ

15 साल से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर राधेश्याम कहते हैं कि मुझे हिंदी से विशेष लगाव रहा है। यही वजह है कि मैं कई साहित्य समागमों में भाग लेता, कविता पाठ करता, जिससे लोग मुझे बेहद स्नेह करते। क्योंकि मैंने जीवन से एक सीख ले ली कि यदि जीवन में कोई कमी है तो उस कमी को अपनी ताकत बनाकर आगे बढ़ो। सीमित साधनों के बावजूद भी मुझे जीवन में कुछ न कुछ करना था, इसीलिए मैं अपने मकसद में डटा रहा और आज यह मुकाम हासिल किया।

शिक्षक सोमेंद्र सिंह।

उच्च पद छोड़ सामाजिक न्याय विभाग में की नौकरी

अपने जैसे बच्चों का पढ़ाई में संघर्ष देखा, तो शिक्षक बनने की ठानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के मुकाबले पढ़ाई से लेकर अपनी दैनिक जरूरतों को भी पूरा करने में संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में इन बच्चों को देख शिक्षक बनने की ठानी और स्कूल शिक्षा विभाग में प्रथम प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्ग-1 की श्रेणी में नौकरी हासिल की, लेकिन मन में अपने जैसे बच्चों को पढ़ाकर आगे बढ़ाने का जुनून था। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च पद की नौकरी छोड़कर एक बार फिर प्रयास किया और सामाजिक न्याय विभाग की शिक्षक के लिए परीक्षा उत्तीर्ण की। अब अपने दिव्यांग बच्चों को पढ़ाते हैं। यह कहानी है कि भोपाल के शिक्षक सोमेंद्र सिंह गहलोत की। सोमेंद्र सिंह गहलोत वर्तमान में सामाजिक न्याय विभाग के भोपाल के परी बाजार क्षेत्र स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ हैं।

जिन्हें पढ़ाया आज वे बड़े पदों पर पदस्थ

शिक्षक सोमेंद्र सिंह गहलोत बताते हैं कि वह अलीराजपुर जिले के रहने वाले हैं। परिवार में सभी शिक्षित हैं। ऐसे में सभी का सहयोग मिला। शुरूआत से ही शिक्षक बनने की इच्छा थी। 2009 में स्कूल शिक्षा विभाग की वर्ग-1 की परीक्षा उत्तीर्ण कर व्याख्याता पद पर नियुक्ति मिली। तीन साल तक नौकरी भी, लेकिन मन में अपने जैसे बच्चों को पढ़ाने और उन्हे आगे की बढ़ाने का जुनून था। वर्ष 2012 में सामाजिक न्याय विभाग में अपनी रूचि के अनुरूप शिक्षक के पद के लिए भर्ती निकली, जिसे उत्तीर्ण शिक्षक पद पर नियुक्ति मिली। तब से दिव्यांग बच्चों को पढ़ा रहे हैं। पढ़ाने के दौरान बच्चों के इतिहास खेल-खेल में याद कराते हैं। वहीं गणित सहित अन्य विषयों को आसपास की जानकारी जोड़कर बच्चों को पढ़ाते हैं।

ब्रेल से बुना शिक्षक बनने का सपना, लड़ाई से बदला सिस्टम

आंखों में रोशनी नहीं, पल रहे थे सपने... 414 दिव्यांगों को भी बनाया शिक्षक

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

जिस आंखों से दुनिया की रंगीन तस्वीरें नहीं देखी जा सकतीं, उन्हीं आंखों के पीछे पल रहे सपनों ने न केवल संतोष मिश्रा को शिक्षक बनाया, बल्कि उनकी एक कोशिश से सामान्य वर्ग के 414 दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी शिक्षक बनने का अवसर मिला। जन्म से दृष्टिबाधित संतोष ने ब्रेल लिपि के सहारे पढ़ाई की, उच्च शिक्षा और बीएड किया। शिक्षक बनने के लिए व्यापमं की संविदा शिक्षक पात्रता परीक्षा दी, लेकिन सफलता से 9 अंक पीछे रह गए। उन्होंने इसे अपनी नियति मानकर बैठने के बजाय अधिकार की लड़ाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को आधार बनाया, जिसमें सामान्य वर्ग के दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 अंकों का लाभ दिया गया था। लगातार प्रयास और कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद उन्हें प्रदेश में इस निर्णय का पहला लाभ मिला और उनके साथ 414 अन्य अभ्यर्थियों को भी इसका लाभ मिला।

शिक्षक बनने के लिए 9 अंकों से हारे, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बनाया हथियार, 15 साल नाव से नदी पार कर पढ़ाने भी पहुंचे

9 अंकों की हार बनी जीत की वजह

अशोकनगर जिले के सिरसी में जन्मे संतोष के लिए जीवन की राह बचपन से ही आसान नहीं थी। दृष्टिबाधिता के बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी। ब्रेल लिपि को अपना सहारा बनाया और उच्च शिक्षा के बाद बीएड की डिग्री हासिल की। शिक्षक बनने का सपना पूरा करने के लिए संविदा शिक्षक पात्रता परीक्षा दी, लेकिन नौ अंक कम पड़ गए। यह असफलता उनके लिए मंजिल का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत बनी। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले की जानकारी मिली, जिसमें सामान्य वर्ग के दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 अंकों का लाभ देने का निर्णय हुआ था। संतोष ने फैसले को समझा, दस्तावेज जुटाए और अपने अधिकार के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने शुरू किए। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई। वे प्रदेश में इस फैसले का लाभ पाने वाले पहले अभ्यर्थी बने और उनके प्रयास से 414 अन्य सामान्य वर्ग के दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी लाभ मिला।

15 साल नाव से पार की हिरण नदी

शिक्षक बनने के बाद भी चुनौतियों ने संतोष का पीछा नहीं छोड़ा। उनकी नियुक्ति शाहपुरा ब्लॉक के ग्राम पथरिया में हुई। स्कूल तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं था। हर मौसम में नाव के सहारे हिरण नदी पार कर स्कूल पहुंचना पड़ता था। करीब 15 वर्षों तक उन्होंने इसी तरह अपनी जिम्मेदारी निभाई। मुश्किलें आती रहीं, लेकिन उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाने का सिलसिला नहीं छोड़ा।

बीच कक्षा में खड़े होकर पढ़ाते हैं...

आज संतोष मिश्रा शासकीय माध्यमिक शाला, नई बस्ती गोहलपुर में पदस्थ हैं। ब्रेल लिपि के सहारे शिक्षा हासिल करने वाले संतोष अब रोजाना सैकड़ों विद्यार्थियों को हिंदी और सामाजिक विज्ञान पढ़ाते हैं। कक्षा में बच्चों की शरारत और गतिविधियों को नियंत्रित रखने के लिए वे अक्सर बीच कक्षा में खड़े होकर पढ़ाते हैं। विद्यार्थियों की आवाज और व्यवहार से वे कक्षा का माहौल समझ लेते हैं।

हजारों विद्यार्थियों को दिखाई सफलता की राह

संतोष अब तक हजारों विद्यार्थियों को शिक्षित कर चुके हैं। उनके पढ़ाए कई विद्यार्थी आज डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनके विद्यार्थी राजेंद्र ठाकुर बैंक में कार्यरत हैं, जबकि ऋतु विश्वकर्मा शिक्षक बनी हैं। उनके लिए विद्यार्थियों की सफलता ही उनके शिक्षक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कर्म और प्रयास से मिली मंजिल

- 9 अंक से परीक्षा में चूके सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पता लगाया
- अधिकार के लिए संघर्ष किया और खुद शिक्षक बने
- 414 दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी लाभ दिलाया
- 15 साल नाव से नदी पार कर पढ़ाया
- आज हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को दे रहे दिशा।

संतोष का संदेश

संतोष मिश्रा कहते हैं कि जीवन में परिस्थितियां कभी भी सफलता की राह रोक नहीं सकतीं, यदि व्यक्ति प्रयास करना न छोड़े। मैंने अपनी असफलता को अंत नहीं माना। जहां रास्ता नहीं मिला, वहां रास्ता तलाशा। कर्म और निरंतर प्रयास के सहारे हर व्यक्ति अपनी मंजिल तक पहुंच सकता है।

शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों से करियर संवाद, पांच शिक्षक होंगे सम्मानित

भोपाल। शिक्षक दिवस के अवसर पर पुष्पेंद्र पाल सिंह फाउंडेशन द्वारा निशातपुरा स्थित शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'पत्रकारिता एवं जनसंपर्क में कॅरियर के अवसरों पर विशेष संवाद' आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार एवं जनसंपर्ककर्मी हितेश कुशवाहा विद्यार्थियों को पत्रकारिता, जनसंचार एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाओं, बदलते मीडिया परिदृश्य और रोजगार के नए अवसरों के बारे में मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर विद्यार्थी विशेषज्ञ से सीधे संवाद कर अपने करियर से जुड़े सवालों के जवाब भी प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम में विद्यार्थी हित एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विद्यालय के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह 'पीपी सर' की स्मृति में पौधरोपण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हितेश कुशवाहा विद्यार्थियों को जनसंचार के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न कॅरियर विकल्पों के साथ-साथ इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक कौशल और बदलते अवसरों की जानकारी देंगे। इसके बाद कांति जैन, अंकुश वर्मा, मनोज कुमार मिश्रा, संध्या अडलक एवं राशिदा बेगम को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान एवं विद्यार्थी हित में सहयोग के लिए सम्मानित किया जाएगा।

प्रदेश सरकार 33 शिक्षकों को करेगी राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में होगा।

5 सितंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, जनजातीय कार्य लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह और खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग विशेष अतिथि होंगे। शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में प्रदेश भर से चयनित 33 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तरीय पुरस्कार-2026 के लिए चयनित शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 25 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान कर अलंकृत किया जाएगा। इस दौरान समारोह में विगत वर्ष 2025 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित दो शिक्षकों का विशेष सम्मान भी किया जाएगा।

टिकट खिड़की की कतार, खुले पैसों का झंझट खत्म, डिजिटल इंडिया को मिली रफ्तार

रेलवे के रेलवन एप से 8 महीने में 17.66 लाख ने किया सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे के 'डिजिटल इंडिया' अभियान को मध्य प्रदेश में बड़ी कामयाबी मिल रही है। टिकट खिड़कियों पर लंबी कतारों और खुले पैसों की झंझट को खत्म करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'रेलवन' एप को भोपाल मंडल के यात्रियों ने हाथों-हाथ लिया है। वर्ष 2026 के शुरुआती आठ महीनों में ही भोपाल मंडल के 17.66 लाख से अधिक यात्री इस डिजिटल सुविधा का लाभ उठाकर अपना सफर पूरा कर चुके हैं।

8 महीने में कटे 4.49 लाख से अधिक टिकट

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि डिजिटल टिकटिंग व्यवस्था को लेकर यात्रियों का रुझान काफी सकारात्मक रहा है। वर्ष 2026 के बीते आठ महीनों में भोपाल मंडल में रेल वन एप के जरिए कुल 4,49,206 टिकट बुक किए गए, जिनसे 17,66,758 यात्रियों ने यात्रा की। यह आंकड़ा साबित करता है कि यात्री अब काउंटर पर समय गंवाने के बजाय मोबाइल से झटपट टिकट लेना पसंद कर रहे हैं।

ऑल-इन-वन सुपर एपः एक क्लिक पर हर सुविधा

- रेलवे ने पूर्व में अलग-अलग सेवाओं के लिए चल रहे एप्स जैसे अनारक्षित टिकट के लिए 'यूटी', आरक्षित टिकटों के लिए 'आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ', शिकायतों के लिए रेल मदद और भोजन के लिए 'आरसीटीसी ई केंटटिंग को एकीकृत कर 'रेलवन' सुपर एप के रूप में विकसित किया है। अब यात्रियों को अलग-अलग एप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं पड़ती।
- **टिकट बुकिंग :** आरक्षित (रिजर्व), अनारक्षित (जनरल) और प्लेटफॉर्म टिकट सीधे मोबाइल से बुक करने की सुविधा।
- **समय और पैसे की बचत :** स्टेशन पहुंचने से पहले ही जनरल टिकट बुक किया जा सकता है। एप के 'आर-वॉलेट' से टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त कैशबैक, बोनस मिलता है।
- **सफर से जुड़ी सेवाएं :** पीएनआर स्टेटस, ट्रेन की लाइव रनिंग स्थिति, कुली बुकिंग, ई-कैटरिंग से मनपसंद खाना और स्टेशन से घर तक के लिए लास्ट-माइल टैक्सी सेवा।
- **तत्काल मदद :** सफर के दौरान किसी भी परेशानी या शिकायत के समाधान के लिए 'रेलमदद' की सुविधा सीधे एप में उपलब्ध है।

निरंतर चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों भोपाल जंक्शन, रानी कमलापति, इटारसी, बीना आदि पर यात्रियों को एप के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार पब्लिक अनाउंसमेंट किए जा रहे हैं। टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करने के लिए रेलवे स्टाफ स्वयं खिड़कियों के पास खड़े होकर यात्रियों को एप डाउनलोड करने और मोबाइल से टिकट बनाने में मदद कर रहा है। रेल प्रशासन ने अपील की है कि यात्री टिकट काउंटरों की लंबी कतारों से बचने, अपने समय की बचत करने और 3 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ उठाने के लिए रेलवन एप का अधिकतम उपयोग करें।

मप्र में ग्रीन एनर्जी की असीम संभावनाएं, हम इन्हीं संभावनाओं को कर रहे एक्सप्लोर

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश बना रहा नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा मप्र ग्रीन स्टेट तो है ही, अब ग्रीन और क्लीन एनर्जी सेक्टर (नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र) में भी एक नई उम्मीद और नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। मप्र में ग्रीन एनर्जी की असीम संभावनाएं हैं। हम इन्हीं संभावनाओं को चरणबद्ध तरीके से एक्सप्लोर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ट्रांजेक्शन एडवाईजरी सर्विसेस एग्रीमेंट (टीएएसए) के तहत नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के तहत तीन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के लिए रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) और एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के बीच एमओयू के बाद ये बात कही। मुख्यमंत्री ने एशियन डेवलपमेंट बैंक एवं रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड को इन महत्वपूर्ण समझौते के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह समझौता मप्र में स्वच्छ, विश्वसनीय एवं किफायती ऊर्जा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मप्र ने पिछले वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार, बड़ी परियोजनाओं तथा प्रतिस्पर्धी एवं पारदर्शी निविदा प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आरयूएमएसएल और एडीबी के मध्य हुआ एमओयू

यह समझौता स्वच्छ, विश्वसनीय, एवं किफायती ऊर्जा के विकास की दिशा में कदम

ऐसी ऊर्जा व्यवस्था विकसित करना है, जो विश्वसनीय और किफायती होः सीएम

एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधियो से चर्चा करते सीएम।

सीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता ही बढ़ाना नहीं है, बल्कि ऐसी ऊर्जा व्यवस्था विकसित करना है जो विश्वसनीय, किफायती, सतत और 24×7 उपलब्ध हो तथा प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सके। इसी दिशा में आरयूएमएसएल और एडीबी के मध्य ट्रांजेक्शन एडवायजरी सर्विसेस एग्रीमेंट संबंधी एमओयू एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एडीबी की ओर से आरयूएमएसएल को तीन नवकरणीय ऊर्जा प्राजेक्टस के लिए निःशुल्क ट्रांजेक्शन एडवाईजरी सर्विसेस उपलब्ध कराई जा रही है।

यह परियोजनाएं हमारी भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का बनेंगी महत्वपूर्ण आधार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग का उद्देश्य बैंकेबल और सस्टेनेबल बिजनेस ट्रांसजेक्शन स्ट्रक्चर्स तैयार करना है, जिससे मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में दीर्घकालीन निवेश को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएं हमारी भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनेंगी। इससे ग्रिड स्टेबिलिटी, नवकरणीय ऊर्जा इंटीग्रेशन तथा पीक डिमांड मैनेजमेंट को भी मजबूती मिलेगी।

क्रांतिकारी पहल की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में स्थापित होने वाले तीनों प्रोजेक्ट्स में तकनीकी सहयोग और वित्तीय सहायता देने के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक का आभार व्यक्त करते हुए रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की इस क्रांतिकारी पहल के लिए सराहना की।

भारत के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स में से एक के साथ एमओयू

टीएएसए के तहत मप्र में तीन प्रोजेक्ट्स के लिए बड़ी तैयारी की जा रही है। इसमें पीएम सूर्य सरोवर योजना के तहत फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट के साथ रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड को 278 मेगावाट के ओंकारेश्वर फ्रेज के लिए समझौता ज्ञापन हुआ। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड को फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट को विकसित करने का लंबा अनुभव है। यह भारत के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स में से एक है। ओंकारेश्वर में ही 300 मेगावाट के लिए अतिरिक्त जलाशय क्षेत्र और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। इस 600 मेगावाट प्रोजेक्ट के लिए पहले ही सर्वे, प्री-फ़िजिबिलिटी और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट का अध्ययन किया जा चुका हैं। पीएम सूर्य सरोवर योजना में 2 घंटे के को-लोकेटेड एनर्जी स्टोरेज सिस्टम वाले फ्लोटिंग सोलर पीवी के लिए 1 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की सेंट्रल फाइनेंशियल असिस्टेंस देने का प्रावधान है। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, एमडी मप्र ऊर्जा विकास निगम अमित तोमर सहित अन्य विभागीय अधिकारी, एशियन डेवलपमेंट बैंक तथा आरयूएमएसएल के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

सीएम डॉ. मोहन ने लगभग 900 करोड़ की लागत के पावर ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का किया लोकार्पण

प्रदेश ने निवेशकों का जीता दिल, नामी कंपनियों में बढ़ी मप्र में उद्योग स्थापित करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार छोटे-बड़े सभी निवेशकों को पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है। जहां निवेश है वहां रोजगार है। मप्र ने निवेशकों का दिल और विश्वास जीता है। उन्होंने कहा कि मप्र में औद्योगिक विकास और निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब डाई से लेकर ट्रांसफॉर्मर तक का निर्माण सीहोर में होने लगा है, जो जिले में बढ़ते औद्योगिक विकास का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के बड़ियाखेड़ी में क्रॉम्पटन ग्रीव्स की नई पावर ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के शुभारंभ और पहले ट्रांसफॉर्मर के रोल-आउट के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह देश में इस प्रकार की सबसे बड़ी इकाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्माष्टमी के पावन अवसर पर लगभग 900 करोड़ की लागत से तैयार हुई सीजी पावर एंड इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस की नई पावर ट्रांसफॉर्मर फैक्ट्री का लोकार्पण इस सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है।

इलेक्ट्रिकल सिस्टम को ट्रांसफॉर्म करने में मप्र की भूमिका सीजी पावर की नई यूनिट से मिलेगा लोगों को रोजगार

औद्योगिक विकास, निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

सीहोर में टायर से लेकर ट्रांसफॉर्मर तक सब कुछ तैयार हो रहा है

13 महीने में तैयार हुई सबसे बड़ी ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट

नई पावर ट्रांसफ़ॉर्मर विनिर्माण इकाई का सीएम ने किया अवलोकन।

सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष अगस्त में भूमि-पूजन के बाद रिकॉर्ड 13 महीने में सीहोर में दुनिया की सबसे बड़ी ट्रांसफॉर्मर निर्माण फैक्ट्री प्रारंभ हुई है। देश के इलेक्ट्रिकल इको सिस्टम को ट्रांसफॉर्म करने में सीजी पावर एंड इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस की पॉवर ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बड़ी भूमिका निभाएगी। सीहोर में टायर से लेकर ट्रांसफॉर्मर तक सब कुछ तैयार हो रहा है। सीजी पावर एंड इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस ने अपनी 9 दशक की यात्रा में आज मप्र की धरती पर नया मुकाम हासिल किया है। इस यूनिट में हर वर्ष बड़ी संख्या में ट्रांसफॉर्मर तैयार होंगे और 2 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। सीएम ने कॉम्पटन ग्रीव्स परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सीजी पावर एंड इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस को आवश्यकतानुसार भूमि उपलब्ध करवाने में जरूरी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

दुनिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर टेस्टिंग लैब

सीजी पावर एंड इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस के सीईओ अमर कौल ने कहा कि यह हमारी कंपनी का महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने जीडीपी में मैन्यूफैक्चरिंग का हिस्सा 13 प्रतिशत है, इसे वर्ष 2035 तक 25 प्रतिशत पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। सीहोर में क्रॉम्पटन ग्रीव्स की नई पावर ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में 2 हजार व्यक्तियों को रोजगार मिला है। कंपनी आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्रोडक्शन कर रही है। इस यूनिट में दुनिया की सबसे बड़ी टेस्ट लैब भी तैयार की गई है। यूनिट की जरूरत के लिए 36 प्रतिशत बिजली सोलर एनर्जी से मिलेगी। हमारी कंपनी विकसित भारत और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर के बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित सीजी पावर एंड इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस लिमिटेड की ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने इकाई में ट्रांसफॉर्मर निर्माण की प्रक्रिया, आधुनिक तकनीक और उत्पादन क्षमता की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कंपनी के अधिकारियों से उद्योग के संचालन एवं विस्तार से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए प्रदेश में बड़े औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने पर जोर दिया।

उच्च कोटि के कुशल संगठक थे कुशाभाऊ ठाकरे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर पहुंचकर यहां स्व कुशाभाऊ ठाकरे की आदमकद प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ यादव ने कहा कि राष्ट्रऋषि कुशाभाऊ ठाकरे उच्च कोटि के रणनीतिकार और कुशल संगठक थे। उन्होंने संगठन में समर्पित कार्यकर्ताओं की एक नई पौध तैयार की। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संगठन ने नई ऊंचाइयां प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने स्व कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती स्मृति में सेंटर परिसर में ही आंवले का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर भोपाल के लोकसभा सांसद आलोक शर्मा, राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल, विधायक भगवानदास सबनानी, भोपाल महापौर मालती राय, पूर्व सांसद आलोक संजर, राहुल कोठारी, रविन्द्र यति अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

जानापाव को प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में विकसित करेंगे

कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर सीएम ने किया नमन।

पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों ने चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज मैं जानापाव जा रहा हूं, जहां महर्षि परशुराम ने भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र प्रदान किया था। इस धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए जानापाव को प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवस्थानों के विकास से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिली है। वर्ष 2022 तक जहां उज्जैन में लगभग 60-70 लाख श्रद्धालु एवं पर्यटक आते थे, वहीं आज यह संख्या करोड़ों में पहुंच गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का भी विकास किया जा रहा है, ताकि वहां श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या बढ़े, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हों और इन क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

सरकार बताए अचानक सीलिंग क्यों?

सीलिंग का संकट सरकार की 21 साल की विफलताः नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक ने भोपाल में जारी सीलिंग की कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि भोपाल में आज व्यापारी और आम रहवासी जिस संकट का सामना कर रहे हैं, वह अचानक पैदा नहीं हुआ है, बल्कि पिछले 21 वर्षों से मास्टर प्लान लागू न किए जाने और सरकार की स्पष्ट शहरी एवं आवासीय नीति के अभाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि किसी दुकान पर ताला लगाना केवल एक प्रतिष्ठान को बंद करना नहीं है, बल्कि उससे जुड़े व्यापारी, कर्मचारी, परिवार और छोटे कारोबारियों की पूरी आजीविका प्रभावित होती है।

सरकार से कांग्रेस के सवाल

- जब भोपाल का मास्टर प्लान पिछले 21 वर्षों से लंबित है, तो इतने वर्षों तक सरकारों ने इसे लागू क्यों नहीं किया?।
- जब सरकार को पता था कि भोपाल तेजी से फैल रहा है और रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, तो भविष्य की जरूरतों के अनुसार व्यावसायिक क्षेत्र विकसित क्यों नहीं किए गए?।
- यदि आवासीय और व्यावसायिक उपयोग को लेकर सरकार की नीति स्पष्ट थी, तो वर्षों तक इन इलाकों में कारोबार कैसे चलता रहा?।
- जिन व्यापारियों ने वर्षों तक अपनी दुकानें चलाकर परिवार पाले, उनके सामने अचानक रोजी-रोटी का संकट खड़ा करने से पहले सरकार ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की?।

मानक बनाएंगे पूर्व विधायक-सांसदों में समन्वय

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल को पार्टी संगठन में एक बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पूर्व विधायकों और पूर्व सांसदों के साथ समन्वय स्थापित करने का दायित्व दिया गया है। शुक्रवार को मानक अग्रवाल ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया।

कैम्पेन पोस्टर का किया विमोचन

एमपी सेमीकंडक्टर समिट 2026 अभी से शुरू हो गईं तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा कि प्रदेश में सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर जैसे आधुनिक विज्ञान के अनेक प्रकल्पों पर बेहतरीन काम हो रहा है। इस क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार अग्रसर है। उन्होंने कहा कि एक दौर वो था, जब चिप निर्माण के दिशा में कोई सोचता भी नहीं था। सीएमो मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आगामी 23-24 अक्टूबर को होने वाली एमपी सेमीकंडक्टर समिट-2026 के कैम्पेन पोस्टर के विमोचन अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने ग्लोबल समिट के लिए निवेशकों, विशेषज्ञों और स्टार्टअप्स को दिया आमंत्रण

अगले महीने 23-24 अक्टूबर को इंदौर में मप्र सेमीकंडक्टर समिट

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार अगले महीने 23-24 अक्टूबर को इंदौर में मप्र सेमीकंडक्टर समिट 2026 का आयोजन करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस ग्लोबल समिट में शामिल हो जा रहे सभी निवेशकों, तकनीकी विशेषज्ञों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और नीति-निर्धारकों का मध्यप्रदेश की धरती पर स्वागत करते हुए उन्हें आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी देश-प्रदेशवासियों से एकजुट होकर सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भर होने के स्वप्न को साकार करने और विजन 2047 के समृद्ध मध्यप्रदेश एवं विकसित भारत की यात्रा में सहभागी होने का आह्वान किया।

पेंशन प्रकरण निराकरण का आदेश स्वागत योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन के पेंशन संचनालय द्वारा शासकीय सेवकों कि सेवानिवृत्ति के पंद्रह दिनों में कर्मचारी के पेंशन प्रकरण का निराकरण करने संबंधी जारी आदेश का मप्र कर्मचारी कांग्रेस स्वागत किया है। कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल, प्रांताध्यक्ष आरके नामदेव, प्रमुख सलाहकार सुरेंद्र निगम ने बताया कि शासन के आदेश के बावजूद संबंधित अधिकारी पेंशन प्रकरण का निराकरण करने मे विलंब करेंगे या लंबित रखेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान भी किया गया है। सुरेंद्र निगम ने कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा तथा पेंशन बीमा, भविष्य निधि विभाग के संचालक का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अभी तक पेंशन प्राप्त करने के लिए सेवा निवृत होने के बाद वरिष्ठ कर्मचारियों को कार्यालयों के चक्कर काटना पड़ता था। सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर सार्थक निर्णय लिया है वही संगठन प्रतिनिधियों ने यह भी मांग है कि सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के भविष्य निधि एवं उपादान भुगतान की भी समय सीमा तय की जाएं।

स्कोर शीट संधारित नहीं की गई

एनएसयूआई पूर्व प्रवक्ता ने एमसीयू की प्रवेश प्रक्रिया पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि की स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया 2026-27 को लेकर एनएसयूआई पूर्व प्रदेश प्रवक्ता तनय शर्मा ने गंभीर सवाल उठाए हैं। शर्मा ने पूरे मामले की शिकायत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में भी की है। विश्वविद्यालय स्तर पर समाधान नहीं होने की स्थिति में अब वे मप्र हाई कोर्ट की जबलपुर खंडपीठ में याचिका दायर करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होने प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर आपत्ति लेते हुए कहा कि इंटरव्यू की इवैल्युएशन शीट और स्कोर शीट संधारित नहीं की गई है। वहीं इंटरव्यू पैनल के सदस्यों की जानकारी को 'संवेदनशील विषय' बताते हुए उपलब्ध नहीं कराया गया। शर्मा ने एमए एमसी, एमए एपीआर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन किया था।

सीएम ने मुरैना में आयोजित कृषि महोत्सव को किया वर्चुअली संबोधित

क्षेत्र के किसानों को मिलेगा अपनी उपज का बेहतर लाभ, आर्थिक स्थिति होगी सुदृढ़

कैलारस शुगर फैक्ट्री को जल्द कराया जाएगा प्रारंभ नगर पंचायत में गीता भवन का किया जाएगा निर्माण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि कैलारस शुगर फैक्ट्री को पुनः प्रारंभ कराया जाएगा। इससे क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज का बेहतर लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। मुरैना में दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध संग्रहण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि के प्रयास किए जाएंगे। मुरैना सहित जिले की प्रत्येक नगर पंचायत में गीता भवन का निर्माण कराया जाएगा। इन भवनों में नागरिकों को अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। जिले के एक विकासखंड में वृंदावन भवन भी बनाया जाएगा। डॉ यादव शुक्रवार को कृषि उपज मंडी परिसर मुरैना में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को सीहोर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बलराम कृषि महोत्सव और कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों के प्रति प्रेरित करने की बात कही।

मेधावी विद्यार्थियों, किसानों का सम्मान

कृषि मंत्री कंसाना ने इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों राममोहन मीणा, गिर्राज आदिवासी, उदय राठौर, अरविंद सिंह गुर्जर, बालबिहारी शर्मा, राकेश शर्मा, संजय शर्मा, रामबाबू सिंह, कौशलकिशोर एवं बृजेन्द्र को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मेधावी विद्यार्थियों हर्ष कुशवाह, रिचा तोमर, शिवेन्द्र यादव, अमन शर्मा, रागिनी देवी, हर्षित वशिष्ठ, कृतिका सिकरवार, धर्मेन्द्र धाकड़, रियान खान एवं कु सोनम को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

खेती के लिए दिन में 10 घंटे बिजली देने के प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मुरैना जिला गेहूं, धान, तिलहन और दलहन के उत्पादन में अग्रणी रहा है। किसान गेहूं की खेती को बढ़ावा दें। खेती के लिए दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रदेश को देश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। भविष्य में 30 लाख लोगों को सोलर पंप उपलब्ध कराने की योजना है। इससे किसानों को सिंचाई के साथ विद्युत व्यय में भी लाभ मिलेगा।

अग्रणी कृषि उत्पादक राज्यों में मप्र की पहचानः कंसाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के अग्रणी कृषि उत्पादक राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। गेहूं, सोयाबीन, चना, दलहन-तिलहन तथा उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रदेश के किसान निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों के ज्ञान और सरकार की किसान हितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अधिक उत्पादन, अधिक उत्पादकता, बेहतर गुणवत्ता, कम लागत, बेहतर मूल्य और किसान की अधिक आय सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026, प्रदेश ने बनाई पहचान

इंदौर, जबलपुर और भोपाल के वार्ड-60 को मिलेगा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत आयोजित 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026' में मप्र ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के ध्येय को साकार करते हुए देश में पुनः अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। प्रदेश ने प्रदूषण नियंत्रण, हरित आवरण विस्तार और नागरिक सहभागिता की दिशा में एक स्वर्णिम अध्याय रचा है। इस राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के इंदौर एवं जबलपुर को शहर स्तरीय उत्कृष्ट वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए तथा भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 को वार्ड स्तरीय नवाचारों के लिए 'स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार' से अलंकृत किया जाएगा। यह राष्ट्रीय सम्मान 7 सितम्बर को नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन के गंगा ऑडिटोरियम में 'स्वच्छ वायु दिवस' समारोह के अवसर पर भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की ओर से प्रदान किया जाएगा।

प्रदेश ने प्रदूषण नियंत्रण और नागरिक सहभागिता की दिशा में रचा अध्याय

देशभर में स्वच्छता के सर्वोत्कृष्ट प्रतिमान के रूप में स्थापित इंदौर शहर ने स्वच्छ वायु प्रबंधन के क्षेत्र में भी अपनी तकनीकी दक्षता एवं दृढ़ इच्छाशक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। इंदौर नगर निगम की ओर से प्रभावी रूप से संचालित धूल नियंत्रण उपायों, वैज्ञानिक सड़क सफाई व्यवस्था, हरित पट्टियों के निरंतर विस्तार, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के सुव्यवस्थित प्रबंधन तथा सघन जन-अभियानों ने शहर की आबो-हवा को निर्मल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

हर प्रयास पर्यावरण संरक्षण में ला सकता है परिवर्तन

जबलपुर ननि ने भी स्वच्छ वायु मानकों के सर्वथा अनुकूल प्रदूषण नियंत्रण रणनीतियों, अनुकरणीय सामुदायिक भागीदारी के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रभावशीलता सिद्ध करते हुए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। जन-गण की सहभागिता से संचालित प्रत्येक प्रयास पर्यावरण संरक्षण में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है।

राष्ट्रीय भारतीय सिनेमा संग्रहालय में विरासत से रूबरू हो रही नई पीढ़ी देशभर से पहुंच रहे सिनेमा प्रेमी

ग्रामोफोन की सुई से एआई तक... एक छत के नीचे 100 साल के भारतीय सिनेमा का सफर

मुंबई से कपिलदेव श्रीवास्तव

भारतीय सिनेमा सिर्फ पर्दे पर चलती तस्वीरों का नाम नहीं है। यह देश की बदलती सोच, संस्कृति, तकनीक, संघर्ष और सामाजिक बदलावों की ऐसी कहानी है, जिसने सौ साल से ज्यादा समय में करोड़ों लोगों की कल्पनाओं को आकार दिया है। मुंबई स्थित राष्ट्रीय भारतीय सिनेमा संग्रहालय इसी विरासत को सहेजकर नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम कर रहा है। यहां पहुंचने वाला हर व्यक्ति ग्रामोफोन की सुई से लेकर डिजिटल स्ट्रीमिंग, रेडियो की आवाज से टेलीविजन और शुरुआती फिल्म रील से लेकर अत्याधुनिक कैमरों तक भारतीय सिनेमा के बदलते दौर को करीब से देख सकता है। पीआईबी भोपाल के प्रेस टूर के तहत हरिभूमि की टीम ने संग्रहालय का भ्रमण किया। इस दौरान भारतीय सिनेमा के विकास की पूरी यात्रा को अलग-अलग दीर्घाओं और प्रदर्शनों के माध्यम से समझने का मौका मिला। संग्रहालय के डीजीएम सत्यजीत मंडले ने बताया कि भारतीय सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह अपने समय का आईना, समाज की धड़कनों का दस्तावेज और जनभावनाओं की आवाज भी रहा है।

नाट्यशास्त्र से शुरू हुई दृश्य परंपरा आज एआई तक पहुंची

संग्रहालय की दीर्घाओं में भारतीय कला और दृश्य परंपराओं की जड़ें प्राचीन काल से आधुनिक तकनीक तक दिखाई देती हैं। नाट्यशास्त्र की परंपरा से लेकर रंगमंच, नृत्य, संगीत, पत्रकारिता, प्रिंट मीडिया, रेडियो, टेलीविजन और फिल्म तक का विकास यहां एक-दूसरे से जुड़ा नजर आता है। पुराने समाचार-पत्र और पत्रिकाएं उस दौर की सामाजिक और राजनीतिक चेतना को सामने लाती हैं, वहीं पुराने उपकरण यह बताते हैं कि कभी मनोरंजन और संचार के लिए इस्तेमाल होने वाली तकनीक आज कितनी बदल चुकी है। संग्रहालय में सिनेमा के तकनीकी पक्ष को भी रोचक तरीके से समझाया गया है।

अतीत को सिर्फ संभालता नहीं, नई पीढ़ी से जोड़ता है संग्रहालय

राष्ट्रीय भारतीय सिनेमा संग्रहालय की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां इतिहास को केवल कांच के भीतर बंद करके नहीं रखा गया है। पुरानी तकनीक और उपकरणों के साथ आधुनिक प्रस्तुतियां नई पीढ़ी को यह समझाने की कोशिश करती हैं कि आज का सिनेमा जिस मुकाम पर है, उसके पीछे कई पीढ़ियों की मेहनत और रचनात्मकता है। देशभर से आने वाले सिनेमा प्रेमियों के लिए यह संग्रहालय एक तरह से भारतीय सिनेमा की टाइम मशीन जैसा अनुभव देता है—जहां एक ओर ग्रामोफोन की सुई और पुरानी फिल्म रील दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक डिजिटल तकनीक और एआई के दौर की झलक मिलती है।

सिनेमा के साथ बदला समाज, सोच और बदल गए सपने

भारतीय सिनेमा ने केवल तकनीक के स्तर पर ही बदलाव नहीं देखा, बल्कि इसके साथ समाज की सोच और जीवनशैली भी बदलती गई। अलग-अलग दौर की फिल्मों ने सामाजिक मुद्दों, परिवार, रिश्तों, राजनीति, संस्कृति और आम आदमी के जीवन को पर्दे पर जगह दी। इसी वजह से सिनेमा को समाज का आईना भी कहा जाता है।

एक रील के पीछे छिपी है प्रयोग और संघर्ष की पूरी कहानी

आज दर्शक मोबाइल पर कुछ सेकंड में वीडियो देख लेते हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फिल्में एक क्लिक में उपलब्ध हो जाती हैं। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने में भारतीय सिनेमा ने लंबा सफर तय किया है। संग्रहालय में रखी पुरानी फिल्म रील, कैमरे, रिकॉर्डिंग उपकरण और अन्य सामग्री इस तकनीकी बदलाव की कहानी बयां करती है। सत्यजीत मंडले के अनुसार, आज की तकनीक इतनी तेजी से बदल रही है कि कल की तकनीक देखते ही देखते इतिहास बन जाती है। ऐसे में संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं को सुरक्षित रखने की जगह नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक स्मृति को जीवित रखने वाले संस्थान भी हैं।

जीतू के बयान के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री बोले- ड्रॉपआउट अब शून्य दर पर

भोपाल। प्रदेश में स्कूल कम होने के मुद्दे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान के बाद अब स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने इस पर नरसिंहपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सरकार ने बच्चों वाले एक भी स्कूल को बंद नहीं किए है। जिन स्कूलों में छात्र नहीं थे या बहुत कम थे, उन्हें अस्थायी रूप से बंद कर पास के स्कूल में बच्चों को शिफ्ट किया गया है। बच्चे मिलेंगे तो स्कूल फिर शुरू कर दिए जाएंगे।

■ बच्चों वाला एक भी स्कूल बंद नहीं किया, जो बंद हुए वह अस्थाई

उन्होने कहा कि अखबारों में केवल इतना छपता है कि 2600 स्कूल बंद हो गए, जबकि पूरी स्थिति अलग है। उन्होंने कहा कि सरकार जिम्मेदारी के साथ कह सकती है कि मध्यप्रदेश में एक भी ऐसा स्कूल नहीं है, जहां बच्चे हों और सरकार ने उसे बंद किया हो। ड्रॉपआउट को लेकर मंत्री ने कहा कि पहले ड्रॉपआउट बड़े प्रतिशत में होता था, लेकिन सरकार उसे शून्य दर पर लेकर आई है।

नीलम पार्क में शिक्षक भर्ती अभ्यर्थी कर रहे हैं बीते कई दिनों से प्रदर्शन

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने केंद्रीय मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का रोका काफिला

सीएम का काफिला रोकते प्रदर्शनकारी।

चौहान का काफिला रोकते अभ्यर्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी है। राजधानी भोपाल के नीलम पार्क में वर्ग-1 के अभ्यर्थी 12 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

वहीं वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थी भी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

इसी बीच अभ्यर्थियों शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का काफिला रोककर अपनी मांग रखी। दरअसल, शुक्रवार को शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला नीलम पार्क के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान वर्ग-1 अभ्यर्थियों ने केंद्रीय मंत्री का काफिला रोक लिया।

अभ्यर्थियों ने केंद्रीय मंत्री चौहान को अपना ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह भर्ती आपके समय की है, आपको आना होगा। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन में 10 हजार नए पद जोड़कर दूसरी काउंसलिंग कराने की मांग की है। वहीं वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का काफिला रोककर अपनी बात रखी। उन्होने सीएम को दिए अपने ज्ञापन वर्ग-2 में कम से कम 10 हजार और वर्ग-3 में 25 हजार पद बढ़ाने की मांग की है।

कई अभ्यर्थी ओवरएज होने की स्थिति में पहुंचे

करीब 12 दिन से नीलम पार्क में भूख हड़ताल पर बैठे वर्ग-1 चयन परीक्षा 2023 के अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले तीन साल से पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में 8720 पद स्वीकृत और विज्ञापित किए गए थे, लेकिन पहली काउंसलिंग में केवल 2901 पदों पर नियुक्तियां हुईं। इससे 5819 पद अब भी खाली हैं या उन पर काउंसलिंग नहीं कराई गई है। भर्ती करीब पांच साल बाद निकली थी, इसलिए बड़ी संख्या में उम्मीदवार लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं और कई अभ्यर्थी ओवरएज होने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

वर्ग-2, 3 के लिए पद बढ़ाने सहित द्वितीय काउंसलिंग की मांग

वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों का नीलम पार्क में करीब 15 दिनों से धरना और भूख हड़ताल जारी है। वर्ग-2 के अभ्यर्थियों की विषय शिक्षक, खेल, संगीत, नृत्य, गायन और वादन समेत सभी विषयों में कम से कम 3 हजार अतिरिक्त पद स्वीकृत करने की मांग है। वर्ग-3 अभ्यर्थियों का कहना है कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाकर 25 हजार की जाए। इसके साथ ही द्वितीय काउंसलिंग शुरू की जाए।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भाजपा की विचारधारा का आधारः डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भाजपा के पितृ पुरुष एवं पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वर्गीय ठाकरे उच्च कोटि के रणनीतिकार और कुशल संगठक थे। उनका जीवन सादगी, अनुशासन, समर्पण और कार्यकर्ताओं के निर्माण का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने संगठन में समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं की नई पौध तैयार की, साथ ही उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में संगठन ने नई ऊंचाइयां प्राप्त कीं।

स्टेशनों पर चेतावनी सिस्टम लगाने की तैयारी

दुर्घटना या आपदा की सूचना मिलते ही मिलेगा तुरंत अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए अब आधुनिक अलार्म सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पहले चरण में भोपाल रेलवे स्टेशन सहित के कई बड़े रेलवे स्टेशनों पर यह व्यवस्था विकसित की जाएगी। किसी भी बड़ी दुर्घटना, आग लगने, प्राकृतिक आपदा या अन्य आपात स्थिति की जानकारी मिलते ही यह सिस्टम सक्रिय होकर स्टेशन परिसर में चेतावनी देना शुरू कर देगा।रेल अधिकारियों के अनुसार नई व्यवस्था का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में यात्रियों और कर्मचारियों को समय रहते सतर्क करना है। अलार्म बजने के साथ ही स्टेशन पर मौजूद लोगों को आवश्यक सुरक्षा निर्देश भी दिए जा सकेंगे। इससे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी।

अनाउंसमेंट सिस्टम और कर्मचारी

वर्तमान में किसी घटना की स्थिति में सूचना देने के लिए मुख्य रूप से अनाउंसमेंट सिस्टम और रेलवे कर्मचारियों पर निर्भर रहना पड़ता है। नए अलार्म सिस्टम के लागू होने के बाद सूचना प्रसारण की प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। दुर्घटना या खतरे की स्थिति में स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में लगे उपकरण एक साथ चेतावनी संकेत जारी करेंगे। रेलवे का मानना है कि बड़े स्टेशनों पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही होती है। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति के दौरान समय पर सूचना मिलना बेहद जरूरी होता है। आधुनिक अलार्म सिस्टम यात्रियों को सतर्क करने के साथ-साथ रेलवे प्रशासन को भी त्वरित कार्रवाई करने में मदद करेगा।

तकनीक आधारित सुरक्षा

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यह सिस्टम लागू होने के बाद यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। रेलवे भविष्य में अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों पर भी ऐसी तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तार करने की योजना पर काम कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नई तकनीक के उपयोग से स्टेशनों को अधिक सुरक्षित और आपदा प्रबंधन के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा।

श्री हिंदू उत्सव समिति ने बनाई दशहरा उत्सव की रूपरेखा

भोपाल। श्री हिंदू धर्म उत्सव समिति द्वारा विजयादशमी पर्व की तैयारियों को लेकर कोर कमेटी की बैठक आनंदम रिसॉर्ट सलैया में आयोजित की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, उपाध्यक्ष अनिकेत पांडे, सह-सचिव राज शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विजयादशमी का पावन पर्व 20 अक्टूबर को कई धार्मिक आयोजन हर्षोल्लास और विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा। बैठक में दशहरा पर्व की सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने और कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

अटल भवन में 'सिंगल विंडो' का दावा फेल, खाली काउंटरों पर भटक रहे लोग, जमीनी हकीकत अलग

योजना और स्वास्थ्य विभाग के काउंटरों पर कर्मचारी नदारद, सुविधाओं की व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के नए मुख्यालय 'अटल भवन' में जनता को एक ही जगह पर सभी जरूरी सेवाएं देने के लिए शुरू किया गया सिंगल विंडो सिस्टम ही अब सवालों के घेरे में है। 21 नागरिक सेवा काउंटर शुरू कर लोगों को अलग-अलग विभागों के चक्कर से बचाने का दावा किया गया था, लेकिन व्यवस्था की जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। कई काउंटरों पर कर्मचारी ही मौजूद नहीं रहते।

योजना प्रकोष्ठ और स्वास्थ्य विभाग के काउंटरों से कर्मचारी गायब

खासकर योजना प्रकोष्ठ और स्वास्थ्य विभाग के काउंटरों पर कर्मचारियों की गैरमौजूदगी से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। अटल भवन पहुंचने वाले नागरिकों को उम्मीद रहती है कि आवेदन जमा करने, जानकारी लेने और जरूरी दस्तावेजों से जुड़े काम एक ही जगह पर हो जाएंगे।

कई मामलों में कर्मचारी के आने का इंतजार करना पड़ता है या फिर दोबारा आने की बात कह दी जाती है। इससे न सिर्फ लोगों का समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि सिंगल विंडो की मूल भावना भी कमजोर पड़ रही है।

काउंटर है, कर्मचारी का पता नहीं

सिंगल विंडो व्यवस्था का मकसद ही यह था कि नागरिक को एक काम के लिए निगम के अलग-अलग विभागों में भटकना न पड़े। लेकिन काउंटर पर कर्मचारी नहीं होने से वही पुरानी परेशानी दोबारा सामने आ रही है। दूर-दराज से आने वाले लोगों को खाली काउंटर देखकर निराश लौटना पड़ रहा है।

नगर निगम सहायक आयुक्त कॉल सेंटर, कीर्ति चौहान से इस संबंध में जानकारी लेने के लिए कॉल किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीब नहीं किया।

हबीबगंज फ्लाईओवर के ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

शिक्षा-स्वास्थ्य के लिए पैसा नहीं, निःशुल्क होने वाले काम पर 4.69 करोड़ खर्च क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने राजधानी भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन के सामने बने फ्लाईओवर के रखरखाव को लेकर राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है।

एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे कामों के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं दिखती, लेकिन जब स्कूल भवनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों या अदालत परिसर के निर्माण की बात आती है, तो पैसे की तंगी का

बहाना बना दिया जाता है।बेंच ने सवाल उठाया कि जब फ्लाईओवर का रखरखाव ठेकेदार की मूल जिम्मेदारी में शामिल है और वह इसके लिए अतिरिक्त भुगतान का हकदार नहीं है, तो सरकार 4.69 करोड़ रुपये का नया टेंडर क्यों जारी कर रही है? कोर्ट ने फ्लाईओवर का निर्माण करने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश और 4.69 करोड़ रुपये के नए मेंटेनेंस टेंडर की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है।

हालांकि, अदालत ने कंपनी को निर्देश दिया है कि वह अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सभी कमियों को दुरुस्त करे और आगामी सुनवाई में इसकी प्रगति रिपोर्ट पेश करे। वीवायएससी इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड की ओर से यह याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने कोर्ट को बताया कि कंपनी ने हबीबगंज स्टेशन के सामने फ्लाईओवर का निर्माण किया है।

अकेले सुरेंद्र के फौलादी इरादों ने बदल दी अजनार की तस्वीर, दो प्रमुख घाटों से टनों कचरा, जलकुंभी और प्लास्टिक बाहर निकालकर नदी का दम घुटने से बचाया

कभी कचरे का ढेर थी नदी, 'बिट्टू' के पसीने से लौटी रौनक; आनंद महिंद्रा भी कर चुके हैं सलाम

संतोष गोस्वामी ब्यावरा (राजगढ़)

इरादे अगर फौलादी हों, तो अकेला इंसान भी पूरी तस्वीर बदल सकता है। ब्यावरा की जीवनदायिनी 'अजनार नदी' आज इसका सबसे बड़ा और जीवंत उदाहरण बन चुकी है।

हर साल मानसूनी बारिश के आते ही जिन घाटों और किनारों पर जलकुंभी, पॉलीथिन और सड़ांध मारते कचरे के अंबार तैरते दिखाई देते थे, आज उसी अजनार की लहरें कांच की तरह चमक रही हैं।

यह सुखद बदलाव किसी बड़े बजट या सरकारी योजना से नहीं, बल्कि शहर के कर्मठ युवा सुरेंद्र सिंह चौधरी उर्फ 'बिट्टू तबाही' के अकेले दम पर लड़े गए संघर्ष का नतीजा है।



मार्च से शुरू हुआ महाअभियान, हाल ही में अस्पताल रोड घाट को भी चमकाया

अजनार को नया जीवन देने का यह सफर मार्च के महीने में शुरू हुआ था। उस समय भीषण गर्मी की दस्तक के बीच नदी कचरे और दलदल से कराह रही थी। सुरेंद्र सिंह चौधरी (बिट्टू) ने बिना किसी प्रशासनिक मदद या भीड़ का इंतजार किए अकेले ही नदी के गंदे पानी में कदम रख दिया। अपने पहले ही प्रयास में उन्होंने दो प्रमुख घाटों से टनों कचरा, जलकुंभी और प्लास्टिक बाहर निकालकर नदी का दम घुटने से बचाया। बिट्टू की यह मुहिम केवल एक बार की सफाई तक सीमित नहीं रही। अपनी इसी जिद को जारी रखते हुए उन्होंने महज 10 दिन पहले अस्पताल रोड वाले घाट पर फिर से मोर्चा संभाला और अकेले ही पूरे घाट से कचरा व गंदगी साफ कर उसे बिल्कुल चमका दिया। जब बिट्टू ने मार्च महीने में सफाई अभियान शुरू किया तब आनंद महिंद्रा ने एक ट्वीट किया था।

उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने आलोचकों को दिया जवाब

जब बिट्टू ने नदी सफाई के वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए, तो कुछ लोगों ने उन पर केवल 'व्यूज और लाइक्स पाने का स्टंट' करने का आरोप लगाया। लेकिन देश के दिग्गज उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने इन आलोचकों को करारा जवाब देते हुए बिट्टू की पीठ थपथपाई।

आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर बिट्टू का वीडियो शेयर करते हुए लिखा

इस युवक की आलोचना इस बात के लिए की गई कि उसने सोशल मीडिया व्यूज पाने के लिए नदी साफ करने का दावा किया। हम अक्सर शिकायत करते हैं कि सोशल मीडिया काम की चीजों के बजाय फिजूल चीजों को बढ़ावा देता है। ऐसे में अगर 'लाइक्स' पाने की चाहत किसी अच्छे काम की ताकत बन जाए, तो मुझे इससे कोई गुरेज नहीं है... ब्यावरा के बिट्टू तबाही...

स्वतंत्रता दिवस पर राज्यमंत्री और कलेक्टर ने किया सम्मानित

सुरेंद्र सिंह चौधरी के इस जमीनी प्रयास की गूंज शासन-प्रशासन तक भी पहुंची। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिट्टू को मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार और राजगढ़ कलेक्टर द्वारा मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ब्यावरा के प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों ने भी बिट्टू का नागरिक अभिनंदन कर यह साबित किया कि समाज अपने सच्चे नायकों को कभी अनदेखा नहीं करता।

पाकिस्तान को हराकर लीग चरण का विजयी अंत करने पर भारत की नजर

महिला एशिया कप : चिर प्रतिद्वंद्वी से आज भिड़ेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम की नजरें अब शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ लीग चरण का शानदार अंत करने पर हैं। पुरुष हों या महिला, बहु-टीम टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मुकाबलों को लेकर मैदान के बाहर काफी रोमांच रहता है लेकिन पिछले काफी समय से मैदान पर मुकाबले उतने प्रतिस्पर्धी नहीं रहे हैं। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में भारत का पलड़ा काफी मजबूत दिख रहा है।

भारत के लिए यह मैच केवल औपचारिकता नहीं होगा। विश्व कप में पिछले कुछ मौकों पर समय से पहले बाहर होने के बाद भारतीय टीम को टी20 प्रारुप में कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के वर्चस्व को चुनौती देने के लिए भारत को बेहतर पावर-हिटर और तेज गेंदबाजों का मजबूत पूल तैयार करना होगा।

एशियाई स्तर पर भारत के आसपास कोई टीम नहीं

एशियाई स्तर पर हालांकि भारत के आसपास भी कोई टीम नजर नहीं आती। पिछली बार भारत किसी तरह श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में उपविजेता रहा था। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने अपने शुरुआती मुकाबले में थाईलैंड को हराया है और अब भी सेमीफाइनल की दौड़ में बना हुआ है। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा भी शानदार फॉर्म में हैं। मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ यादगार शतक लगाते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए और प्रतियोगिता की अन्य टीमों को अपनी बल्लेबाजी क्षमता का संकेत दे दिया।

दुबई की पिचों पर बल्लेबाजी आसान नहीं

दुबई की पिचों पर बल्लेबाजी आसान नहीं रही है। बल्लेबाजों को आमतौर पर पिच की गति और उछाल को समझने में करीब 10 गेंद लगती हैं और उसी के अनुसार पारी की योजना बनानी पड़ती है। मध्यक्रम में प्रतिका रावल, ऋचा घोष और कप्तान हरमनप्रीत कौर की भूमिका अहम होगी। तीनों अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में तब्दील नहीं कर सकी हैं। खासकर नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर रहीं रावल पर दबाव बढ़ रहा है। वनडे में सफल रही रावल टी20 प्रारुप की मांगों के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं।

पाकिस्तान को बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

पाकिस्तान को भारत को चुनौती देने के लिए अपनी बल्लेबाजी में बड़े सुधार की जरूरत है। बल्लेबाजी की कमजोरी लंबे समय से टीम की परेशानी रही है। थाईलैंड के खिलाफ पिछले मैच में भी पाकिस्तान ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवाकर खुद को मुश्किल में डाल लिया था, हालांकि बाद में उसने 119 रन के मामूली लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव कर लिया। टीम अब भी सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली और कप्तान एवं गेंदबाजी ऑलराउंडर फातिमा सना पर काफी निर्भर है। भारत जैसी मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान को इस निर्भरता से बाहर निकलना होगा।

मैच का समय रात 8 बजे

खबर संक्षेप

ओमेगा यूरोपियन मास्टर्स संयुक्त दूसरे स्थान पर शुभंकर

क्रैन्स मोंटाना। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ओमेगा यूरोपियन मास्टर्स में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बोगी रहित छह अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह शीर्ष पर रहे चीन के वू आशुन से महज एक शॉट पीछे हैं। शर्मा ने पार-70 सेवेरियानो बैलेस्टेरोस कोर्स पर छह बर्डी लगाईं, जबकि आशुन ने सात बर्डी के साथ 63 का स्कोर बनाया। दोनों खिलाड़ियों का पहला दौर बोगी रहित रहा। शर्मा का 64 का स्कोर इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह प्रदर्शन अगले महीने भारत में होने वाली डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप से पहले आया है। इससे भारतीय खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ना तय है।

दिल्ली और भोपाल में अभ्यास करेंगे निशानेबाज

नई दिल्ली। एशियाई खेलों में हिस्सा लेने जा रहे भारतीय निशानेबाज इस महीने दिल्ली और भोपाल में आयोजित शिविरों में अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। खिलाड़ियों का लक्ष्य 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में शुरू हो रहे इस प्रमुख खेल आयोजन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। तैयारी शिविरों का आयोजन भोपाल निशानेबाजी अकादमी और राजधानी दिल्ली के कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार, एशियाई खेलों के लिए चयनित पिस्टल और राइफल निशानेबाज पांच से 14 सितंबर तक भोपाल में अभ्यास लेंगे। ट्रैप निशानेबाजों का शिविर इसी रेंज में 10 से 18 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

उम्र में हेरफेर, गेंदबाज रोहित पर प्रतिबंध

कोलकाता। बीसीसीआई ने उम्र को लेकर कथित गलत जानकारी देने के मामले में बंगाल के लेग स्पिनर रोहित यादव पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। खास बात यह है कि कुछ सप्ताह पहले ही उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया था। रोहित ने जुलाई में भारत की अंडर-19 टीम के साथ श्रीलंका का दौरा किया था। उन्होंने वहां छह विकेट लिए थे।

इंटर प्रेस टेबल-टेनिस प्रतियोगिता आज से

भोपाल। भोपाल खेल पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 32वीं रिलायंस ट्रॉफी टेबल–टेनिस प्रतियोगिता शनिवार से टीटी नगर स्टेडियम में खेली जाएगी। इसमें हर साल की तरह मीडिया संस्थानों से जुड़े करीब 70–80 प्लेयर भागीदारी करेंगे। इसमें पहले दिन सिंगल और दूसरे दिन डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। विजेताओं को ट्रॉफी और ट्रैकसूट से नवाजा जाएगा।

यूएस ओपन : तीसरे राउंड में एलेना और कोको

अब यूलिया से भिड़ेगी एलेना

नंबर वन रैंक के और करीब पहुंचीं रायबाकिना और गॉफ

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना और अमेरिका की कोको गॉफ ने यूएस ओपन के महिला एकल के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। रायबाकिना ने जेसिका बौजास मानेरो को, जबकि गॉफ ने पाउला बडोसा को हराकर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। जीत के साथ ही रायबाकिना और गॉफ नंबर 1 रैंक के और करीब पहुंच गई हैं।

रायबाकिना ने मानेरो को सीधे सेटों में हराया

रायबाकिना ने जेसिका बौजास मानेरो को सीधे सेटों में हराते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई। दूसरे सेट में 5-3 पर मैच सर्व करने में नाकाम रहने और टूर्नामेंट का उनका पहला सर्विस गेम गंवाने के बावजूद रायबाकिना ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में अपने चौथे ब्रेक के साथ वापसी करते हुए जीत हासिल की। पिछले यूएस ओपन में चौथे राउंड तक पहुंची रायबाकिना का इस बार तीसरा राउंड में यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा से मुकाबला होगा। दोनों की मुलाकात फ्रेंच ओपन के दूसरे राउंड में हुई थी, जिसे स्टारोडुबत्सेवा ने जीता था।

कोको ने बडोसा को दी मात

कोको गॉफ भी तीसरे राउंड में पहुंचने के साथ दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने के करीब आ गई हैं। उन्हें इसके लिए कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंचना होगा। गॉफ ने दूसरे राउंड के लिए हुए मुकाबले में स्पेन की पाउला बडोसा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई। गॉफ ने बडोसा को दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 7-6 (7/5) से हराकर एक और स्पेनिश खिलाड़ी क्रिस्टीना बुक्सा से मुकाबला किया। 22 साल की अमेरिकी स्टार, जो अपनी 2023 यूएस ओपन जीत को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, बडोसा के साथ अपने पिछले आठ मुकाबलों में से पांच हार चुकी थीं। लेकिन, गॉफ ने आर्थर ऐश स्टेडियम के शाम के सेशन में आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया और शानदार तरीके से मैच जीता।

यह एक अच्छा मुकाबला था : गॉफ

गॉफ ने जीत के बाद कहा, मैं शायद किसी ऐसे खिलाड़ी के साथ नहीं खेलना चाहूंगी, जिससे मैं दूसरे राउंड में कई बार हारी हूं। लेकिन मुझे लगता है कि आज का मुकाबला मेरे कॉन्फिडेंस को बढ़ाने वाला था। मुझे लगता है कि सीधे सेटों में जीतना भी बहुत बड़ा फर्क डालता है। मेरा टेस्ट हुआ था।

क्रिकेट

इंडिया खेलेगी जापान के खिलाफ ऐतिहासिक टी20 मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-जापान राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 22 सितंबर को जापान के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी। भारत 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भी हिस्सा लेगा।

जापान के खिलाफ होने वाला यह टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम को महत्वपूर्ण मैच अभ्यास देगा। बीसीसीआई ने कहा, 'जापान क्रिकेट संघ और बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि दोनों देशों की पुरुष टीम भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के समारोह की शुरुआत के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेंगी।' दोनों टीमें तोचिगी प्रीफेक्चर के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट मैदान में सुजुकी कप के लिए मुकाबला करेंगी।

उद्देश्य : खेल क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना

'यह मैच 'स्पोर्ट 75' पहल का पहला कदम होगा। यह पहल जापानी प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच शिखर वार्ता के दौरान हुए समझौते से शुरू हुई है। इसका उद्देश्य खेल के क्षेत्र में भारत और जापान के बीच लोगों के आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना है। इसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा को भी ध्यान में रखा गया है।'

महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट

स्मृति ने मिताली को छोड़ा पीछे

कहा- सोचा नहीं था ऐसा कर पाऊंगी

एजेंसी ▶▶| दुबई

मिताली राज को पीछे छोड़ महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बनने के बाद स्मृति मंधाना ने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी कि वह भारतीय क्रिकेट की इस दिग्गज बल्लेबाज को पीछे छोड़ पाएंगी।

मंधाना ने अपने करियर का बड़ा हिस्सा मिताली राज की कप्तानी में खेला है। मिताली उनके लिए बचपन से ही आदर्श रही हैं। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम गुरुवार को भारतीय उपकप्तान ने मिताली के 10,868 अंतरराष्ट्रीय रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मंधाना के नाम अब तीनों प्रारुपों में कुल 10,880 रन हो गए हैं।

मिताली मेरा आदर्श

मंधाना ने कहा, 'जब तक मैं बल्लेबाजी कर रही थी, मुझे पता ही नहीं था कि मैं कौन सा रिकॉर्ड तोड़ने वाली हूं, क्योंकि मुझे रनों का सही आंकड़ा मालूम नहीं था। उन्होंने कहा, 'मैं जब पीछे मुड़कर देखती हूं तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए निश्चित रूप से बहुत अच्छा दिन था। मिताली दीदी ऐसी दिग्गज और आदर्श रही हैं, जिन्हें हम सभी ने बचपन से बल्लेबाजी करते हुए देखा है। उनके रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ पाना मैंने कभी नहीं सोचा था। मुझे इस बात की खुशी है कि इस सूची में शीर्ष दो स्थानों पर भारतीय हैं।' हांगकांग के खिलाफ मंधाना ने शानदार शतक जड़कर एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने महिला टी20 एशिया कप में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का नया रिकॉर्ड बनाया और श्रीलंका की चमारी अटापट्टू के नाबाद 119 रन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

शतकों के रिकॉर्ड को पार करना खास

मंधाना ने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों के रिकॉर्ड को पार करना खास है। 18 एक अच्छा आंकड़ा है।'मंधाना ने कहा, 'मेग लैनिंग और मिताली राज महिला क्रिकेट की दो ऐसी दिग्गज हैं, जिन्हें देखते हुए मैं बड़ी हुई हूं और बतौर बल्लेबाज उनसे बहुत कुछ सीखने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए खुशी है कि मैं इन दिग्गजों को पीछे छोड़ सकी, लेकिन फिर भी मैं इसे सिर्फ एक आंकड़ा ही मानूंगी।' भारत की लगातार दो बड़ी जीत के बावजूद मध्यक्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

कोकीन जांच में किर्गियोस पॉजिटिव, स्वीकारा सस्पेंड

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने जून में स्पेन में एक टूर्नामेंट के दौरान कोकीन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) द्वारा लगाए गए एक महीने के निलंबन को स्वीकार कर लिया है। किर्गियोस को 4 अगस्त से अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था, जिसकी जानकारी लगभग दो सप्ताह के बाद सार्वजनिक हुई थी। आईटीआईए के अनुसार, 31 वर्षीय किर्गियोस ने जांचकर्ताओं को बताया कि उन्होंने मलोर्का में होने वाले मुकाबले से पहले कोकीन का सेवन किया था।

उन्होंने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के विशेषज्ञ से सलाह लेने के बाद स्वीकार किया कि यह सेवन प्रतियोगिता से बाहर की अवधि में हुआ था। वाडा के नियमों के तहत इस मामले में सामान्यतः तीन महीने का प्रतिबंध लगाया जाता है, लेकिन उपचार कार्यक्रम पूरा करने पर इसे घटाकर एक महीने किया जा सकता है।

जापान में कंटेनर में रहेंगे भारतीय एथलीट

एजेंसी ▶▶| पटियाला

छह फीट से कुछ ही अधिक लंबे बिस्तर, पास-पास सिमटी दीवारें और जरूरत भर का सामान रखने की जगह। आमतौर पर ऐसी जगह किसी को असहज कर सकती है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए यह महज एक छोटा-सा कमरा नहीं, बल्कि एशियाई खेलों से पहले की खास तैयारी है। पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) में इन दिनों कुछ खिलाड़ी कंटेनर के भीतर रात गुजार रहे हैं।

इसका मकसद उन्हें उस तरह के आवास का अभ्यस्त बनाना है, जिसका सामना उन्हें जापान में होने वाले एशियाई खेलों के दौरान करना होगा। इस बार 19 सितंबर से शुरू हो रहे आइची-नागोया एशियाई खेलों में पारंपरिक खेल

गांव नहीं होगा। खिलाड़ियों के ठहरने का इंतजाम कंटेनरों, क्रूज और अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं में किया जा रहा है। ऐसे में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने पटियाला और बेंगलुरु स्थित अपने केंद्रों में अस्थायी कंटेनर कमरे तैयार किए हैं, ताकि खिलाड़ी पहले ही इस अनोखी व्यवस्था का अनुभव ले सकें।

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र (समग्र शिक्षा अभियान) सीहोर

पत्र क्रमांक / 1601 / स्थापना / जि.शि.कें / 2026 सीहोर दिनांक 03/09/2026

//विज्ञापन//

बालिका एवं बालक छात्रावासों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के लिये वार्डन/सहायक वार्डन के पद पूर्ति हेतु विज्ञापन।

जिले में समग्र शिक्षा अभियान मिशन अंतर्गत राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र कमांक/राशिके/एस. जी.यू./2025/2084 भोपाल दिनांक 09.05.2025 के निर्देशानुसार नेताजी सुभाष बोस बालिका एवं बालक छात्रावास एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वार्डन / सहायक वार्डन के रिक्त पद हेतु अर्हताधारी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। अभ्यर्थी को अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र सीहोर में प्रस्तुत करना होगा। विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 10 कार्यालयीन दिवस के अन्दर आवेदन पत्र जमा किये जा सकते है। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। वार्डन / सहायक वार्डन पद के लिये रिक्त पदों की जानकारी एवं निर्धारित अर्हता का विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	पद नाम	रिक्त पद की जानकारी	वार्डन के अतिरिक्त प्रभार एवं सहायक वार्डन हेतु न्यूनतम अर्हता	मासिक परिलब्धियां
1	वार्डन	छात्रावास का नाम रिक्त पद नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास लाडकुई-01 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास रेहटी-01 कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बरखेड़ाहसन- 01	1. संबंधित छात्रावास के लिये चयनित विद्यालय की महिला/पुरूष (सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक) शिक्षिका, माध्यमिक शिक्षिका को प्राथमिकता। 2. अन्य विद्यालय से चयन उपरांत बालिका छात्रावास / कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की संलग्न माध्यमिक शाला में पदस्थापना की जायेगी तथा उसे वार्डन का अतिरिक्त प्रभार दिया जायेगा। 3. सहायक वार्डन के छुट्टी एवं प्रशिक्षण अथवा अन्य छात्रावास संबंधित कार्य से बाहर जाने की स्थिति में वार्डन को बालिकाओं के साथ छात्रावास में रात्रि विश्राम करना अनिवार्य होगा। 4. वार्डन आवासीय विद्यालय में रहने हेतु सहमत हो तथा समर्पित भाव से कार्य करने की इच्छुक हो।	कुल मासिक परिलब्धियां वेतन + 2000 रुपए, प्रतिमाह निशुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्था। (यह राशि वार्डन के अतिरिक्त प्रभार हेतु दी जायेगी) शिक्षिका की पदस्थापना (संलग्न बालिका / कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की) माध्यमिक शाला में होने से उसे वहां से नियमित वेतन मिलेगा।
2	सहायक वार्डन	नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास जमोनिया टेंक - 01 के.जी.बी.व्ही सेमलीजदीद - 01	1. स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत् सहायक शिक्षक /प्राथमिक शिक्षक । 2. सहायक वार्डन के पद पर कार्य करने हेतु न्यूनतम आयु सीमा 35 वर्ष होगी। 3. सहायक वार्डन के पद पर शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं डीएड/बीएड को प्राथमिकता । 4. शैक्षणिक पद पर कार्य करने का 10 वर्ष का अनुभव । 5. आवेदक की कोई विभागीय जांच प्रचलित न हो तथा पूर्व में किसी अनियमितता के कारण दंडित न हुआ हो । 6. आवेदक बालिका की देखभाल करने में सक्षम हो, एवं उनकी पढाई में भी सहायता कर सके । 7. आवेदक छात्रावास में पूर्णकालिक रूप से रहने हेतु सहमत, सेवाभावी एवं सहय हो। 8. बालिका छात्रावास में सहायक वार्डन के पद पर महिला शिक्षक का होना अनिवार्य है। 9. निकटतम शाला के सहायक शिक्षक / प्राथमिक शिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।	सहायक वार्डन के पद पर चयनित सहायक शिक्षक /प्राथमिक शिक्षक की वेतन व्यवस्था यथावत् रहेगी ।

1. राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल का पत्र कमांक/राशिके / एस.जी.यू./2025/2713 भोपाल दिनांक 10.06.2025 की कंडिका 4.6 के अनुसार बालिका छात्रावासों में महिला वार्डन / सहायक वार्डन एवं बालक छात्रावास में पुरूष वार्डन / सहायक वार्डन को ही नियुक्त किया जावेगा।
2. कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर छात्रावास के वार्डन / सहायक वार्डन के दायित्वों से कार्य मुक्त किया जा सकेंगा।
3. आवेदन का प्रारूप जिला / जनपद शिक्षा केन्द्र से प्राप्त किया जा सकता है।
4. सीहोर जिले के अभ्यर्थियों के आवेदन ही मान्य किये जावेगें ।

जी - 18153/26 स्वच्छता ही सेवा

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र सीहोर

राज्य सरकार प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थानों को भव्य तीर्थ बनाकर कर रही जीवंत

सीएम हाउस में भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्पहार चढ़ाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कारागार में जन्म लेने के बाद अपनी बाल्यकाल की लीलाओं से आमजन के कई कष्टों को मुस्कुराते हुए दूर किया। उन्होंने विश्व को संदेश दिया कि हमें मुश्किल परिस्थितियों में धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण ने हमें कष्टों को दूर कर मार्ग निकालने की प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आख्यान पर्व के अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भारत सिंह पालीवाल के निर्देशन में उज्जैन से आए खिलाड़ियों ने मलखंभ की प्रस्तुति दी।

बाल-गोपाल और राधा कृष्ण की वेशभूषा में शामिल हुए नन्हें बच्चे, मुख्यमंत्री ने खिलाया माखन, मुख्यमंत्री ने मलखंभ खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन, सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से मुख्यमंत्री निवास हुआ श्रीकृष्णमय

केंद्रीय जेल भोपाल में लड्डू गोपाल को पालना झुलाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

मलखंभ खिलाड़ियों के करतब से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

श्रीकृष्ण आख्यान की कला अभिव्यक्तियों के तहत प्रदेश के विभिन्न कला समूहों ने श्रीकृष्ण जन्म, श्रीकृष्ण लीला, कालिया नाग मर्दन, गोवर्धन लीला, कंस वध, गीता उपदेश सहित श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया। जबलपुर से आए जुगलकिशोर नामदेव और उनके साथी कलाकारों ने मयूर नृत्य समेत अन्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

भव्य तीर्थ के रूप में जीवंत प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़े स्थान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थानों को भव्य तीर्थ के रूप में विकसित कर जीवंत करने के लिए संकल्पित है। श्रीकृष्ण पाथेय में उज्जैन का सांदीपनि आश्रम, जानापाव, महिदपुर सहित अन्य तीर्थ स्थल शामिल हैं।

राजधानी में कृष्णा मंदिरों में दिनभर चला भजन-कीर्तन, रात में हुई महाआरती, भक्तों की लगी भीड़

रात के 12 बजते ही मंदिरों में बज उठे शंख, गूंजा 'आलकी के पालकी...जय कन्हैया लाल की'

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर लड्डू गोपाल को पंचामृत दूध, दही, घी, शक्कर और फल के रस से कराया गया अभिषेक, नए वस्त्र धारण कर भगवान को पालकी में बैठाया कर फूलों से किया गया श्रृंगार

बिरला मंदिर में भगवान की पूजा करते पुजारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार मध्य रात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया राजधानी भोपाल गोविंदा आला रे... की धुन से शहर सराबोर हो गया। भजन-कीर्तन और शंख की ध्वनि सुनाई देने लगी। मंदिरों की घंटी बजने लगी। मंत्रोपचार के साथ पूजा-अर्चना होने लगी। महाआरती के साथ नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की....भजनों से पूरा माहौल सुगंधमय हो गया। इस्कॉन मंदिर, बिड़ला मंदिर, श्रीजी मंदिर लखेरापुरा, मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर, श्रीबाके बिहारी मंदिर समेत सभी श्रीकृष्ण मंदिरों में दिनभर से धार्मिक आयोजन हुए। दिनभर चली बारिश की फुहारों के बीच मंदिरों में भगवान कृष्ण के दर्शनों के लिए खासी भीड़ उमड़ पड़ी। बारिश के चलते भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। मुख्य आयोजन बरखेड़ी स्थित यादव समाज के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित किया गया। यहां भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रुप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए।

हनुमान मंदिर न्यू मार्केट

भोपाल के सबसे बड़े लड्डू गोपाल, जिनका वजन 35 किलो

टीटी नगर स्थित मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर में भोपाल के सबसे बड़े लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति विराजित है। जिसका वजन 35 किलो है, जबकि ढाई फीट से ज्यादा ऊंचाई है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर लड्डू गोपाल को पंचामृत दूध, दही, घी, शक्कर और फल के रस से अभिषेक कराया गया। नए वस्त्र धारण कर भगवान को पालकी में बैठाया कर फूलों से श्रृंगार कर छप्पन प्रकार के पकवानों का भोग लगाया गया।

बिड़ला मंदिर में आए नंदलाल

बिड़ला मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण के लिए अहमदाबाद से नारंगी कलर की पोषाक और नई ज्वेलरी मंगाई गई है। क्रिस्टल और डायमंड जड़े होने पर यह आकर्षक दिख रहे हैं।

इस्कॉन मंदिर में सीएम ने उतारी आरती, बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु

भगवान के जन्म का सबसे बड़ा उत्सव इस्कॉन मंदिर पटेल नगर में मनाया गया। भगवान का जन्म होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवानी की आरती उतारी। यहां 40 हजार लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। जिसमें व्रत रखने वालों के लिए 25 क्विंटल साबूदाना की खिचड़ी बनाई जाएगी। भगवान को 108 प्रकार का भोग लगाया गया।

श्री बांके बिहारी मंदिर में फूलों से श्रृंगार

टीटी नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में भगवान बांके बिहारी जी का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई है।

तेज बारिश भी नहीं रोक सकी कृष्ण भक्तिः निकली शोभायात्रा

तेज बारिश के बावजूद कृष्ण भक्ति का उत्साह कम नहीं हुआ। श्री हरिहर महोत्सव समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर पिछले 14 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत शुक्रवार को भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा निकाली गई। श्रीजी मंदिर लखेरापुरा से दोपहर 12:30 बजे प्रारंभ हुई करीब चार किलोमीटर लंबी शोभायात्रा को पूरा होने में लगभग छह घंटे का समय लगा। इस दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पुराना भोपाल कृष्णमय हो उठा। श्री हरिहर महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व पंडित हेमकांत शर्मा के सानिध्य में सांसद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान 21 स्थानों पर श्रीकृष्ण ने ग्वाल-बालों के साथ माखन मटकी फोड़ी, जिसे देखने के लिए हर स्थान पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

बरखेड़ी के अहीर समाज के मंदिर में पूजा

बरखेड़ी से शब्बन चौराहे तक निकला जुलूस

बरखेड़ी स्थित अहीर यादव समाज के मंदिर में जन्माष्टमी पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जहांगीराबाद से शब्बन चौराहे तक भगवान श्रीकृष्ण का जुलूस निकाला गया। जुलूस में राधा-कृष्ण की पीतल की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र रहीं और बड़ी संख्या में समाजजन व श्रद्धालु शामिल हुए। इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी पहुंचे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया।

मध्यस्वामी मलाय मंदिर में भव्य श्रृंगार

जन्माष्टमी पर विशेष पूजा-अर्चना एवं भोग-प्रसाद का वितरण किया

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अरेरा कॉलोनी स्थित मध्यस्वामी मलाय मंदिर, कांचीमठ में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर को आकर्षक पुष्पमालाओं एवं पारंपरिक सजावट से सजाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य विग्रह को सुंदर पुष्पों एवं मोरपंख से अलंकृत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को विभिन्न प्रकार के फलों एवं विशेष नैवेद्य का भोग अर्पित किया गया। वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार

के साथ विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। मंदिर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर सुख-शांति एवं परिवार के मंगल की प्रार्थना की।

ब्रह्माकुमारी सुख-शांति भवन, नीलबड़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर उमड़ा जनसैलाब

विपरीत परिस्थितियों में भी मुस्कुराना सिखाते हैं भगवान श्रीकृष्ण : बीके नीता दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नन्हे कान्हा का मनमोहक रूप, राधा का सुंदर श्रृंगार, सजी-धजी चैतन्य झांकी और श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंजता वातावरण... ब्रह्माकुमारी सुख-शांति भवन, नीलबड़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। आकर्षक झांकी में पवित्रता, प्रेम, शांति और आनंद से भरपूर स्वर्णिम संसार की सुंदर झलक दिखाई दी।कार्यक्रम में सुख-शांति भवन की निदेशिका वरिष्ठ राजयोगिनी बीके नीता दीदी ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन्माष्टमी केवल जन्म उत्सव नहीं, बल्कि अपने भीतर श्रेष्ठ संस्कारों और दिव्य गुणों को जन्म देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हमें केवल श्रीकृष्ण का गुणगान नहीं करना, बल्कि उनके जैसा गुणवान बनने का प्रयास करना है। वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आराधना, प्रभारी सुख-शांति भवन ने श्रीकृष्ण के आध्यात्मिक स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण को 16 कला संपूर्ण, सर्वगुण सम्पन्न और सम्पूर्ण निर्विकारी स्वरूप के रूप में याद किया जाता है।

श्रीकृष्ण का गुणगान नहीं, उनके जैसा गुणवान भी बनें : सुख-शांति भवन में चैतन्य झांकी के साथ दिया दिव्य जीवन का संदेश

आध्यात्मिक क्विज़ ने कराया आत्मचिंतन, मेडिटेशन से महसूस की शांति

कार्यक्रम में बीके साक्षी ने विशेष आध्यात्मिक गतिविधि कराई गई। गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों को श्रीकृष्ण के दिव्य गुणों को अपने जीवन से जोड़ने और यह आत्मचिंतन करने का अवसर मिला कि वे कौन-सा गुण अपने व्यवहार में धारण कर सकते हैं। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एक श्रेष्ठ गुण को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

कालिया नाग की लीला में छिपा विकारों पर विजय का संदेश : श्रीकृष्ण की लीलाओं के आध्यात्मिक रहस्य को समझाते हुए बताया गया कि कालिया नाग पर श्रीकृष्ण का नृत्य हमारे भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों पर विजय का प्रतीक है। वास्तविक जन्माष्टमी तब होगी, जब हम इन विकारों पर विजय प्राप्त कर अपने जीवन में पवित्रता, प्रेम, शांति और प्रसन्नता जैसे दिव्य गुणों को जन्म दें। वरिष्ठ राजयोगी रामकुमार ने कहा कि त्योहार केवल परंपराओं को निभाने का अवसर नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा हैं।

भगवान की गायों से जुड़ी लीला का स्थल

गौहर गांव में श्रीकृष्ण की 'गौ हरण लीला' की लोक स्मृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विदिशा के समीप मंडी बामौरा क्षेत्र में स्थित गौहर गांव धार्मिक और लोक आस्था की दृष्टि से खास पहचान रखता है। ग्रामीणों के अनुसार इसी स्थान पर भगवान श्रीकृष्ण की गायों को हरण कर ले जाने से जुड़ी लीला हुई थी। गांव में भगवान श्रीकृष्ण का एक विशाल मंदिर भी है, जहां इस मान्यता से जुड़ी धार्मिक आस्था आज भी देखने को मिलती है। श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध के 13वें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ा अत्यंत रोचक प्रसंग मिलता है। इसमें बताया गया है कि एक दिन श्रीकृष्ण अपने ग्वालबाल मित्रों के साथ वन में भोजन कर रहे थे। उसी समय ब्रह्माजी ने श्रीकृष्ण की दिव्य शक्ति की परीक्षा लेने के लिए बछड़ों और ग्वाल बालों को अपनी माया से छिपा दिया। श्रीकृष्ण ने जब देखा कि बछड़े और उनके मित्र दिखाई नहीं दे रहे हैं, तब उन्होंने स्वयं ही प्रत्येक बछड़े और प्रत्येक ग्वालबाल का रूप धारण कर लिया। इस तरह ब्रज में किसी को भी उनके गायब होने का पता नहीं चला। यह स्थिति पूरे एक वर्ष तक बनी रही।

ब्रह्माजी भी देखकर रह गए चकित

एक वर्ष बाद जब ब्रह्माजी लौटे तो उन्होंने देखा कि जिन बछड़ों और ग्वाल बालों को उन्होंने छिपाया था, वे तो पहले की तरह मौजूद हैं। इसके साथ ही उन्हें प्रत्येक बालक और बछड़े में श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप के दर्शन हुए। श्रीकृष्ण की इस अद्भुत लीला को देखकर ब्रह्माजी भी उनकी महिमा के सामने नतमस्तक हो गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930